धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



सुप्रभात

रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं



चैत्र नवरात्र : नवमी सिद्धिदात्री



वन्दे वांछित मनोरथार्थ
चन्द्रार्घकृत शेखराम,
कमलस्थितां चतुर्भुजा
सिद्धीदात्री यशस्वनीम।।

**नवरात्र** के अंतिम दिन सभी सिद्धियों की प्राप्ति होती है। इन रूपों में अंतिम रूप है देवी सिद्धिदात्री का। अगम्य को सुगम बनाना इनका कार्य है। ये देवी सारी सिद्धियों का मूल हैं। देवी पुराण कहता है भगवान शिव ने देवी के इसी स्वरूप से कई सिद्धियां प्राप्त की। शिव के अर्द्धनारीश्वर स्वरूप में जो आधी देवी हैं वो ये सिद्धिदात्री माता ही हैं।

30 मार्च का इफ्तार शाम 6:05 बजे
31 मार्च का सेहरी भोर 4:20 बजे




गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 73,000 रु./प्रति किलो |

# भव्य शोभायात्रा आज, राममय नजर आयेगी रांची

## श्रीरामनवमी को ले महावीरी झंडों से पटा शहर, हर ओर जयश्रीराम की गूंज



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। श्रीरामनवमी की भव्य शोभायात्रा गुरुवार को राजधानी समेत राज्य के विभिन्न शहरों में निकाली जायेगी। महावीर मंडल अखाड़ों की ओर से इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। रांची के विभिन्न क्षेत्रों से निकलनेवाली जुलूस में शामिल लोग महावीरी पताके लेकर मेन रोड ओवर ब्रिज निवारणपुर स्थित तपोवन राम मंदिर पहुंचेंगे और वहां से झंडा मिलान के बाद लौट जायेंगे। शहर में सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन से निगरानी रहेगी। राजधानी समेत पूरे झारखंड में रामनवमी की धूम है। रांची, हजारीबाग, धनबाद, जमशेदपुर, पलामू, गढ़वा समेत सभी शहरें और गली मुहल्ले महावीरी पताकाओं से पट गये हैं। पूरा झारखंड राममय नजर आ रहा है। हर ओर बजरंगबली और श्री राम के भजन गूंज रहे हैं। रांची में शोभायात्रा को लेकर शहर में वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। दिन के एक बजे के बाद शहर में जुलूस निकलना शुरू हो जायेगा। जुलूस में शामिल लोग पारंपरिक बाजे-गाजे के साथ निकलेंगे। पारंपरिक हथियार लाठी, तलवार, भाले आदि से करतबबाजी करेंगे। संवेदनशील जगहों पर सादे लिबास में पुलिस रहेगी। वहीं शहर में विधि-व्यवस्था और शांति बनाये रखने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस और दंडाधिकारी तैनात रहेंगे। शहर को 10 जोन में बांटकर सुरक्षा के इंतेजमात किये गये हैं।



- महाष्टमी की देर रात विभिन्न अखाड़ों से आकर्षक झाकियां निकाली गयी
- शोभायात्रा का मार्ग निर्धारित, दो बजे से जुलूस वापसी तक नहीं रहेगी बिजली
- रांची जिले में 1800 अखाड़े, शहर में 215 लाइसेंसी जुलूस
- बूंदाबांदी के भी आसार

### समय पर निकालें शोभा यात्रा

रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सभी अखाड़ाधारी राम भक्तों से आग्रह किया कि प्रमुख शोभायात्रा जो बजरा पंडरा होते हुए पिस्का मोड से निकलती है वह समय पर निकल जाये, ताकि समय पर तपोवन पहुंच जाये। जुलूस में शामिल लोग नशा का सेवन ना करें संयमित होकर चलें। एसएसपी कौशल किशोर ने कहा कि राम के भक्तों अखाड़ाधारी युवा साथी अपना झंडा और जुलूस की भीड़ को संयमित हो कर निकले। उन्होंने उत्साह और खुशी के साथ रामनवमी झंडे लेकर तपोवन मंदिर पहुंचने का आग्रह किया। डीसी राहुल कुमार सिन्हा के अनुसार रांची जिले में कुल 1800 अखाडे हैं। रामनवमी के दिन जिले में लाईसेंसी शराब की दुकानें बंद रहेगी। रांची एसएसपी किशोर कौशल के अनुसार शहर में वैसे 215 लाइसेंसी जुलूस निकाले जाते हैं। सभी निर्धारित मार्ग से आयेंगे, जायेंगे।

### बूंदाबांदी के आसार

मौसम विभाग रांची के पूर्वानुमान के अनुसार रामनवमी के दिन आंशिक बादल छाये रहेंगे, कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हो सकती है। श्रीरामनवमी शोभायात्रा में निकाले जाने वाले बड़े-बड़े महावीरी पताके के कारण गुरुवार को रांची में दिन के 2 बजे से जुलूस वापसी तक बिजली नहीं रहेगी। आसपास के सभी क्षेत्रों में भी जुलूस वापसी तक बिजली नहीं रहेगी।

### ड्रोन बना रांची पुलिस का नया हथियार

शोभायात्रा को ले कर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। पहली बार राजधानी रांची सहित राज्य के सभी जिलों में जमकर ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। ताकि कोई भी असामाजिक तत्व पर्व के दौरान किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी न फैला सके। ड्रोन के माध्यम से सभी संवेदनशील इलाकों में छतों और गलियों पर नजर रखी जा रही है। डोरंडा, हिंदपीढ़ी, लोअर बाजार, कांके, डेली मार्केट, सदर, कांके, बेड़ो, मांडर और चान्हो थाना क्षेत्र में ड्रोन की तैनाती की गयी है। डीआईजी के अनुसार, पुलिस के पास अपने काफी ड्रोन हैं जिसकी खरीदारी पूर्व में की गयी है। हजारीबाग और रांची समेत स्पेशल ब्रांच ने राज्य के सभी एसपी को अलर्ट किया है।





## कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)

**अतिअल्पकालीन**

**(द्वितीय) डाक बन्दोबस्ती आमंत्रण सूचना–02/2023**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत,डोमचाँच के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में (दिनांक–01.04.2023 से 31.03.2024 तक के लिए ) निम्न सैरातों की बन्दोबस्ती ई–प्रोक्यूमेंट कमिटि के अध्यक्ष की अध्यक्षता में 11:30 बजे पूर्वाह्न नगर पंचायत, कार्यालय कक्ष में होगी। इच्छुक डाकधारी निर्धारित शर्त एंव समय के अनुसार दिनांक–08.04.2023 को अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में खुली डाक से बोली लगाने हेतु निर्धारित किया जाता है।

| क्र0सं0 | बन्दोबस्ती का नाम | सुरक्षित 2023–24 लिए | जमानत की राशि 10% | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | टैक्सी बस स्टैण्ड | 329780.00 | 32978.00 | दिनांक– 08.04.2023 को 11:30 बजे पूर्वाह्न से |

बन्दोबस्ती की शर्त एंव विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर पंचायत, डोमचाँच के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, डोमचाँच

PR 293858 Urban Development (22-23)_D



## झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा

पाण्डेय गणपत राय भवन, प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा

दूरभाषः (06526) 222932, फैक्सः 224599

ई–मेलः **ssaloh@rediffmail.com**

### अति अल्पकालीन निविदा

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वर्ष 2023–24 हेतु लोहरदगा जिलान्तर्गत अवस्थित कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में आवश्यक सामग्रियों यथा खाद्य, अखाद्य एवं अन्य सामग्री आदि के क्रय हेतु निविदा प्राप्त नहीं होने के कारण निविदादाताओं से मुहरबंद निविदा पुनः आमंत्रित किया जाता है। विद्यालयवार पैकेज निम्नवत् हैः–

| क्र0 | विद्यालय का नाम | पैकेज का नाम | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय, भण्डरा | पैकेज–(क) | – | पैकेज–(ग) | पैकेज–(घ) |
| 2 | कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय, किस्को | पैकेज–(क) | पैकेज–(ख) | पैकेज–(ग) | पैकेज–(घ) |
| 3 | कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय, कुडू | पैकेज–(क) | पैकेज–(ख) | पैकेज–(ग) | पैकेज–(घ) |
| 4 | कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय, सेन्हा | – | – | पैकेज–(ग) | पैकेज–(घ) |
| 5 | झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, कैरो | पैकेज–(क) | पैकेज–(ख) | पैकेज–(ग) | पैकेज–(घ) |
| 6 | झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, पेशरार | पैकेज–(क) | पैकेज–(ख) | पैकेज–(ग) | पैकेज–(घ) |

इच्छुक निविदादाता दिनांक 29.03.2023 से दिनांक 10.04.2023 अपराह्न 1:00 बजे तक निविदा प्रपत्र एवं अन्य विस्तृत जानकारी झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। निविदा डालने की अंतिम तिथि 10.04.2023 को 3:00 बजे अपराह्न तक होगी। निविदा से संबंधित जानकारी जिले के वेबसाईट https://lohardaga.nic. in पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा।

**PR 293956 Lohardaga(22-23)D**



## GOVERNMENT OF JHARKHAND OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER DRINKING WATER & SANITATION DIVISION, MEDININAGAR

### E-Procurement Notice

(2nd Call)

**Very Short E-Tender Notice Reference no. DWSD/SVS/CLUSTER/MED-29/2022-23 Dated : 28-03-2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi |
| 2 | Date of publication of Tender on Web site | 29.03.2023 / 4.30 P.M. |
| 3 | Last date / Time for receipt of Bid | 03.04.2023 / 05.00 P.M. |
| 4 | Last date / Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost. (in Hard Copy) | 05.04.2023 / 05.00 P.M. 1. Office of the Regional Chief Engineer, Ranchi Zone Ranchi, D.W.S.D, Doranda, Ranchi 2. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle, Medininagar 3. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 5 | Date & time of Opening of Tender | 06.04.2023 / 04.00 P.M. |
| 6 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 7 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar |
| 8 | Contact No. of Procurement office | 9835068475 |
| 9 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 |
| 10 | Detailed survey, designing and drawing, construction of 71469 nos. FHTC in different block of Palamau District comprising of suitable R.C.C/Fram e Structure ESR, Distribution Line, Source (as required) & 5 years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey Basis" under DW&S Division, Medininagar for the year 2022-23. | |

| SL. No. | Group No. | Name of Block | No. of Panchayat | No. of Village | No. of Scheme | Estimated Cost (In Lakh) | Earnest Money (In Lakh) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | SVS/CLUSTER-42 | Manatu | 1 | 9 | 52 | 516.52 | 5.17 | 10000.00 | 9 Months |
| 2 | SVS/CLUSTER-58 | Nawa Bazar | 2 | 12 | 77 | 797.12 | 7.98 | 10000.00 | 9 Months |
| 3 | SVS/CLUSTER-68 | Untari Road | 2 | 4 | 59 | 581.59 | 5.82 | 10000.00 | 9 Months |
| 4 | SVS/CLUSTER-83 | Pandu | 4 | 14 | 60 | 632.67 | 6.33 | 10000.00 | 9 Months |
| 5 | SVS/CLUSTER-85 | Untari Road | 3 | 13 | 89 | 946.78 | 9.47 | 10000.00 | 9 Months |

- Estimated Cost & EMD Cost may vary.
- Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
DW&S Division, Medininagar

PR 293933 Drinking Water and Sanitation(22-23)D



## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।

### सर्वसाधारण के लिए सूचना।



नाम–अनामिका कुमारी ,उम्र–19वर्ष 09 माह, रंग–सॉवला उँचाई– 5फीट, 2ईंच, पहनावा–किम रंग का सूट पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता अनामिका कुमारी, पे0–प्रकाश पहान, सा0–केवटीया, थाना–ठाकुरगॉव, जिला–राँची, जो दिनांक–01.12.2022 को घर से बिना बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में ठाकुरगॉव थाना सनहा संख्या–10/22 दिनांक–0112.2022, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक,खलारी, राँची। –9431742777
थाना प्रभारी, ठाकुरगॉव, राँची। –9431706149

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR 293907 (Police) 22-23 (D)



## Government of Jharkhand
## UDHD, Medininagar Municipal Corporation
## e-procurment Very Short Tender Notice (3rd Call)

| S.l. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Part – A** | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/110/2022-23 | Construction of Paver Block Panki main road to Nahar via Bali singh Bablu upadhyato Sanjay via. Shiv Shankar w. 02 Hume pipe from Anand Pd. to Sambhu Agarwal W 02 Drain Ajay Singh Nahar via. Satyendra Choudhary w. no. 03 v. Hume pipe Vijay Damodar singh 05 Punit to Naha ward no. 05 | 2413030 | 48300 | 5000 | 3 माह |
| 2 | UDHD/MMC/111/2022-23 | Detailed Estimate for (i) Drain From Bablu singh house to Bhagwan saw and P.C.C road near Markajja madarsa (ii) Repair of Drain from Balsamaj to Durgapit (iii) PCC Road fromMurari Ram house to Suresh soni house ward 29 (iv) PCC Road From Lakhabn mehta house to dharmendra bhuiya house in ward 03 (v) PCC Road from Main road to Nausad house (140ft) ,Main road to Tanveer Alam house (200ft) , Sadik tail or house to Imran house (L -200ft), Munarik Paswan house to Dhruv Chandravanshi house ward 31 | 1981120 | 39700 | 5000 | 3 माह |
| 3 | UDHD/MMC/112/2022-23 | Construction of repair of old drain in front of Girwar School ward no. 22 (ii) Repair of Rickshwa stand ward no. 24 (iii) Drain from Kajri Bhawan to bhola pandey house ward no. 02 (iv) Laying of Paver Block from old PCC road to Near Dr. House in ward no. 03 | 1430280 | 28700 | 5000 | 3 माह |
| 4 | UDHD/MMC/113/2022-23 | New PCC over old pcc from Dadai singh house to bhikari yadav house ward no. 19 (ii) Hume pipe drain from Dadai singh house to bhikhari yadav house ward no. 19 (iii) culvert near bhikhari yadav house ard no. 19 (iv) Installation of high mast light in bada Talab ward no. 24 (v) Drain from Abhim anyu Tiwari house to Culvert near Railway line ward no. 24 | 1625810 | 32600 | 5000 | 3 माह |
| 5 | UDHD/MMC/114/2022-23 | Construction of PCC road from vaibhav bhaskar house to Duryodhan tiwari house in professor colony in ward no. 06 | 222910 | 4460 | 1000 | 3 माह |
| 6 | UDHD/MMC/115/2022-23 | Construction of PCC road from Green Shukla house to Govt. School (Part) under Medininagar Municipal Corporation Medininagar (2nd. Call) | 997190 | 19950 | 5000 | 3 माह |

| **Part – B** | | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender On Website | 31/03/2023 AT 10:00 AM |
| 2 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.In |
| 3 | Date Start Of Submission Of Bids | 31/03/2023 AT 10:00 AM |
| 4 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 10/04/2023 AT 02:00 PM |
| 5 | Date Of Bid Opening | 11/04/2023AT 02:00 PM |
| 6 | Last Date/Time Of Submission At Office Cost of BOQ, Earnest Money And Tender Document | 11/04/2023AT (11.00 AM to 12:00 PM) |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9431105183 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9304883244 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/–
नगर आयुक्त,
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 293906 Urban Development(22-23)D


### केंद्रीय प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने दो प्लांट लगाने की स्वीकृति प्रदान की

# ₹20 करोड़ से झिरी में बनेंगे दो प्लांट, कचरे का होगा निष्पादन

**केंद्रीय नगर विकास मंत्री हरदीप सुरी से मिले रांची के सांसद संजय सेठ**

**प्लांट में कचरों से बायोगैस का निर्माण किया जायेगा और अन्य दूसरे उद्देश्यों के लिए भी इसका उपयोग किया जायेगा : संजय सेठ**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने बुधवार को केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सुरी से मुलाकात की और राजधानी रांची से निकलने वाले कचरा के निष्पादन के लिए केंद्र सरकार की ओर से की गयी पहल पर चर्चा की। केंद्र की पहल के बाद झिरीवासियों को कचरे के पहाड़ से अब बहुत जल्द मुक्ति मिलेगी। इसके लिए केंद्रीय प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने दो प्लांट लगाने की स्वीकृति प्रदान की है। पहले फेज में एक प्लांट का काम किया जायेगा और यह कार्य आरंभ भी हो चुका है। श्री सेठ की पहल पर केंद्रीय मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने इस योजना को स्वीकृति प्रदान की थी। लगभग एक वर्ष पूर्व सांसद श्री सेठ ने केंद्रीय मंत्री से मिलकर रांची के कचरे के पहाड़ को समाप्त करने, इसके बहुउद्देशीय उपयोग से संबंधित कई बिंदुओं से अवगत कराया था। प्रथम चरण में यहां डेढ़ टन कचरा प्रबंधन का एक प्लांट लगाया जाना था। सांसद संजय सेठ ने दोबारा मंत्री से बात कर इसे न्यूनतम 300 टन का प्लांट बनाने का आग्रह किया। सांसद के आग्रह पर केंद्रीय मंत्री ने डेढ़ सौ टन के दो प्लांट को लगाने की स्वीकृति प्रदान की है। इन दोनों प्लांटों की लागत लगभग 20 करोड़ रुपए होगी।

मालूम हो कि रांची में अभी प्रतिदिन लगभग 500 टन कचरा निकलता है। यह कचरा झिरी के ग्रामीणों के जीवन के लिए बड़ा खतरा उत्पन्न कर रहा है। इस कचरे के पहाड़ को समाप्त किया जाये। इसे पुर्नउपयोग के लायक बनाया जाये, इस दिशा में सांसद संजय सेठ लगातार प्रयासरत रहे थे। इस तरह से यहां डेढ़ सौ टन के दो प्लांट काम करने लगेंगे। गेल इंडिया यहां प्रतिदिन 300 टन कचरा का निष्पादन करेगा। श्री सेठ ने बताया कि इन कचरों से बायोगैस का निर्माण किया जायेगा और इसके दूसरे अन्य उद्देश्यों से भी इसका उपयोग किया जायेगा। यह सुखद बात है कि बायोगैस का निर्माण कर, उसके वितरण की व्यवस्था भी गेल के द्वारा ही की जायेगी। प्राकृतिक गैस मंत्रालय के स्वच्छता मिशन के तहत यह कार्य किया जा रहा है। बहुत जल्द और भी सार्थक परिणाम देखने को मिलेंगे।

## जंगल की जमीन कैसे बेच दी गई, हाईकोर्ट ने प्रधान सचिव से मांगी जांच रिपोर्ट

**रांची।** हजारीबाग में 450 एकड़ फॉरेस्ट लैंड को रैयती जमीन बनाकर बेचने के मामले की जांच कराने का आग्रह करने वाली शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की खंडपीठ ने प्रधान सचिव, वन एवं पर्यावरण विभाग को मामले में जांच रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। खंडपीठ ने मामले की सुनवाई 10 मई को निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया कि हजारीबाग में 450 एकड़ जंगल की जमीन को रैयती जमीन बनाकर 2008 लोगों ने खरीद बिक्री की। वन विभाग की ओर से इस वन भूमि को लेकर नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट भी दिया गया था। वन विभाग के वरीय अधिकारियों की मिलीभगत से जंगल की जमीन को बेचने का काम हुआ है। पूर्व में इस मामले में एक जांच कराई गई थी। इसमें सिर्फ 3 कर्मियों के खिलाफ सिर्फ प्रपत्र-क जारी किया गया था।

# झारखंड में ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना को केंद्र कर रहा लागू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल ने कहा है कि डिजीटल इंडिया कार्यक्रम के तहत झारखंड की पंचायतों में इंटरनेट की सुविधा बढ़ायी जा रही है। दरअसल, सांसद दीपक प्रकाश ने राज्य सभा में डिजीटल इंडिया कार्यक्रम के बारे में सवाल पूछा था। उन्होंने कहा कि देश के सभी राज्यों-संघ राज्य क्षेत्रों में ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना को लागू कर रहा है। जिसका उद्देश्य पंचायतों में कामकाज में सुधार करना, उन्हें अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाना है। भारत नेट परियोजना को दूरसंचार विभाग द्वारा देश में लगभग 2,55,000 सभी ग्राम पंचायतों को जोड़ने के लिए नेटवर्क बनाने का काम चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। अबतक देश में भारत नेट परियोजना के तहत 1,93,531 ग्राम पंचायतों को सेवा के लिए तैयार किया जा चुका है। साथ ही परियोजना को 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके अलावा जल मार्गों का विकास एवं राज्य में लावारिश गायों की देखभाल के लिए भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड द्वारा नियंत्रण में लिये गये गौशालाओं की स्थिति पर सवाल पूछे गये थे। इस पर केंद्रीय मंत्री परशोत्तम रूपाला ने बताया कि भारतीय जीवजंतु कल्याण बोर्ड ने झारखंड राज्य में आवारा बोवाइनो की देखभाल के लिए किसी गौशाला को अपने नियंत्रण में नहीं लिया है। जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने जलमार्ग संबंधी प्रश्नों का उत्तर देते हुए बताया कि एक स्वायत्त निकाय ने विश्व बैंक से वित्तीय सहायता सहित सरकारी बजटीय सहायता के माध्यम से राष्ट्रीय जलमार्गों पर मल्टी मॉडल टर्मिनल का निर्माण किया है। अभी तक पीपीपी मोड के तहत रियायत प्राप्तकर्ता के माध्यम से राष्ट्रीय जलमार्गों पर किसी भी टर्मिनल का विकास नहीं किया गया है।

## बोर्ड व अयोग गठित नहीं होने पर महागठबंधन दोषी : दीपक प्रकाश

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य की जनता और सदन दोनो को गुमराह कर रही गठबंधन सरकार**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला है। श्री प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार केवल जनता को ही दिग्भ्रमित नहीं कर रहीं बल्कि विधानसभा को भी दिग्भ्रमित कर रही है। उन्होंने कहा कि स्पीकर का पद दलीय राजनीति से ऊपर होता है लेकिन, स्पीकर राज्य सरकार के इशारे पर अपने पद और सदन दोनों की मर्यादाओं को तार-तार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को नया नेता प्रतिपक्ष चुनने के लिए कोई भी पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इस आशय का खंडन मीडिया के माध्यम से इसके पूर्व भी किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने विधिवत तरीके से नेता विधायक दल का चुनाव करके स्पीकर को प्रारंभ में ही दे दिया है।

उन्होंने कहा कि जब लोकायुक्त, महिला आयोग और सूचना आयोग जैसी संस्थाओं के पूर्ण गठन का मामला न्यायालय में चला गया तो राज्य सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने की कोशिश कर रही है।

## रामनवमी के दिन छाये रहेंगे बादल

**रांची।** झारखंड के मौसम को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। विभाग ने मौसम पूर्वानुमान में कहा है कि 30 मार्च गुरुवार को राज्य के दक्षिणी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ वर्षा, वज्रपात और ओलावृष्टि की भी आशंका है। इस दौरान तेज हवाएं भी चल सकती हैं। इसके बाद 31 मार्च को भी राज्य के दक्षिणी, पश्चिमी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ वज्रपात हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार जारी पूर्वानुमान के मुताबिक 31 मार्च, 1 और 2 अप्रैल को आसमान में आंशिक बादल छाये रहेंगे। मेघ, गर्जन के साथ वर्षा होने की भी संभावना है। वहीं 03 और 04 अप्रैल को आंशिक बादल छाए रह सकते हैं और मौसम शुष्क रहेगा।

## हो रही है चोर की चौकीदारी : अखिलेश

**कांग्रेस नेता ने अडानी के बहाने पीएम मोदी पर बोला हमला**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह ने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस के जरिए केंद्र की मोदी सरकार हमला बोला। उन्होंने मोदी सरकार पर देश की अर्थव्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले और देश को लूटने वाले को बचााने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अडानी-अंबानी के खिलाफ बोला तो उनकी सदस्यता चली गयी। वहीं अडानी को लेकर आयी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर पीएम मोदी ने चुप्पी साध ली। अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि मोदी सरकार चोर की जांच कराने की जगह उसकी चौकीदारी कर रही है। केंद्र सरकार देश की संपत्ति लूटने वाले के साथ खड़ी है। श्री सिंह ने कहा कि आप जांच से क्यों डरते हैं? हम बार-बार जेपीसी की जांच की मांग करते हैं और बदले में हमारे नेताओं की सदस्यता छीन ली जाती है।

## खबर एक नजर में

### राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं हों : राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा विभाग के अन्य अधिकारियों ने राजभवन में भेंट की। राज्यपाल ने अधिकारियों से कहा- गरीबों, अनुसूचित जनजातियों, अनुसूचित जातियों व पिछडों सहित समाज के सभी वर्गों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। राज्यपाल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को राज्य में आयुष्मान योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत संबंधित अस्पतालों का ससमय भुगतान पर भी ध्यान दिया जाये।

### कोषागार और बैंक कल रात 11 बजे तक खुले रहेंगे

**रांची।** वित्त वर्ष 2022-23 के अंतिम दिन 31 मार्च को सभी कोषागार, उप कोषागार एवं इससे संबंधित बैंक रात्रि 11 बजे तक खुले रहेंगे। यह निर्देश वित्त विभाग ने जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि पैटर्न के आधार पर मार्च के अंतिम दिन राज्य के कोषागारों में काफी अधिक संख्या में विपत्र प्राप्त होते हैं। वित्त वर्ष की समाप्ति एवं अंतिम दिन होने के कारण विपत्रों को पारित किए जाने की बाध्यता है। इसको देखते हुए कोषागार, उप कोषागार पदाधिकारी द्वारा 31 मार्च के दिन 3 बजे तक ही विपत्र प्राप्त किया जायेगा। कोषागार, उपकोषागार पदाधिकारी द्वारा उक्त समयावधि तक प्राप्त सभी विपत्रों का नियमानुसार निष्पादित करते हुए रात्रि 10 बजे तक ई-पेमेंट फाइल्स तैयार कर भुगतान के लिए पेमेंट चैनल को अग्रसारित करना सुनिश्चित किया जाए।

### बालू ट्रैक्टर को नहीं छोड़ने के मामले में फैसला सुरक्षित

**रांची।** हजारीबाग में बालू लदे ट्रैक्टर को नहीं छोड़ने के एक मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद बुधवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। पूर्व की सुनवाई के दौरान डीएफओ, माइनिंग ऑफिसर ने स्वीकार किया था कि ट्रैक्टर की जब्ती कार्रवाई में विलंब हुआ है। हजारीबाग एसपी से वर्ष 2019 में ट्रैक्टर के मालिक के बारे में जानकारी मांगी गई थी, लेकिन जानकारी नहीं मिली। इस पर कोर्ट ने कहा था कि 4 साल बीतने के बाद भी हजारीबाग एसपी की ओर से कोई जवाब नहीं आया, यह आश्चर्य की बात है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की कोर्ट में हुई।

### रांची के 14 थाने के थानेदार जाएंगे ट्रेनिंग पर

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के 14 थानेदार सहित दर्जन भर इंस्पेक्टर ट्रेनिंग पर जाएंगे। इससे रांची के कई थाने बिना थानेदार के हो जाएंगे। पूर्व में ट्रेनिंग से लौटे थानेदारों को इनके स्थान पर पोस्टिंग की जाएगी। ट्रेनिंग लिस्ट में दर्जन भर ऐसे इंस्पेक्टर भी शामिल हैं, जो वर्तमान में रांची के प्रमुख थानों की जिम्मेवारी संभाल रहे हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने डीएसपी के प्रमोशन और पुलिस निरीक्षक के पद पर प्रमोशन के लिए सभी जरूरी ट्रेनिंग को जल्द से जल्द पूरा करने का आदेश जारी किया है। ऐसे में 1994 इंस्पेक्टर डीएसपी के प्रमोशन के लिए ट्रेनिग पर जाएंगे। वहीं 2012 बैच के इंस्पेक्टर अपने प्रमोशन के लिए ट्रेनिंग के कोर्स को पूरा करेंगे।

### डोमचांच के पूर्व बीडीओ को राहत नहीं

**रांची।** कोडरमा जिले के डोमचांच प्रखंड के तत्कालीन बीडीओ के विरूद्ध दिए गये दंड तीन वेतन वृद्धि की रोक को यथावत रखा गया है। कार्मिक विभाग ने उनकी अपील को अस्वीकृत कर दिया है। साथ ही संचायात्मक प्रभाव से तीन वेतन वृद्धि की रोक को बरकरार रखा है। उनके विरूद्ध 2018 में ही कोडरमा उपायुक्त ने प्रपत्र क गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। तेतरियाडीह पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में लाभुकों के चयन में गंभीर अनियमितता बरतने, अनियमिता के आलोक में संदिग्ध मामलों के सत्यापन कराने के लिए निर्देश के बावजूद कोई कदम नहीं उठाने, पंचायक सेवक सहदेव यादव द्वारा नियमितता को संज्ञान में लाने पर उसका स्थानांतरण कर देने, कंप्यूटर ऑपरेटर दीपक कुमार सिन्हा को कार्य से हटाने के निर्देश के बावजूद उनसे कार्य कराने एवं तेतरियाडीह पंचायत के लाभुकों से निबंधन में पंचायत सेवक से नियमानुसार निबंधन कार्य न करवाने संबंधित पांच आरोप प्रतिवेदित किए गये थे। इसमें लाखों का नुकसान भी हुआ था।

### वर्ग 6 से 12वीं तक की छात्राओं को मुफ्त मिलेगा सैनिटरी नैपकिन

# सरकारी स्कूलों की छात्राओं को मिलेगा सैनेटरी पैड

**राज्य की करीब 10 लाख बेटियों को मिलेगा इस योजना का लाभ**

**सुधीर**

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई कर रही करीब 10 लाख बेटियों को सरकार मुफ्त में सैनिटरी नैपकिन देगी। सरकार ने इसकी रूपरेखा तैयार कर ली है। इस पर लगभग 53 लाख रुपये खर्च किये जायेंगे। सरकार राज्य के सरकारी स्कूलों में वर्ग 6 से 12वीं तक की बेटियों को मुफ्त में सैनिटरी नैपकिन देगी। राज्य में इनकी संख्या करीब 10 लाख है। सरकार द्वारा इस वर्ग की सभी बेटियों को सैनिटरी नैपकिन मुहैया करायी जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने राशि का आवंटन किया है। लड़कियों को स्कूली शिक्षा के साथ-साथ स्वस्थ्य जीवन जीने में मदद के लिए सैनिटरी नैपकिन बांटने की योजना की शुरूआत हुई थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने साल 2014 में इसकी शुरूआत की थी। स्कूलों में वेंडिंग मशीन लगाने की योजना बनाई गयी थी। लेकिन घोषणा सफेद हाथी बनकर रह गयी। गाहे-बगाहे कुछ सामाजिक संस्था और एनजीओ की पहल पर सैनिटरी वेंडिंग मशीन लगायी गयी। वहीं कुछ ने स्कूलों में जाकर नैपकिन बांटने का काम किया है।

#### नैपकिन खरीदने के लिए 52.61 लाख रुपये का आवंटन



झारखंड में कक्षा 6 से 12 वीं तक की छात्राओं को सैनेटरी नैपकिन बांटने के लिए 52 लाख 61 हजार रुपए का आवंटन किया गया है। इस बाबत झारखंड के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक प्रमुख को पत्राचार कर आवंटित राशि की जानकारी दी है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य योजना से नैपकिन खरीदा जाएगा। आवंटित राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवा है, जो एकमुश्त राशि प्रबंध निदेशक, झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के खाते में करेंगे, जबकि पूरी राशि के नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे। आवंटित की जाने वाली राशि का व्यय सरकार द्वारा निर्धारित वित्तीय प्रावधानों के आलोक में प्रक्रिया अपनाते हुए किया जाएगा।

नगर संस्करण । पेज : 12 | रांची, गुरुवार | 30.03.2023 | चैत्र, शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 254 | khabarmantra.net



धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

रामनवमी
की हार्दिक शुभकामनाएं




## न्यूज डायरी

### सीएम ने दी महाअष्टमी नवमी की शुभकामनाएं

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने चैत्र नवरात्रि महाष्टमी और नवमी के पावन अवसर पर राज्य वासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मां सभी को स्वस्थ जीवन और समृद्धि प्रदान करें।

### कर्नाटक में 10 मई को वोटिंग, आचार संहिता लागू

**नयी दिल्ली।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव 2023 का बिगुल बज चुका है। चुनाव आयोग ने बुधवार को चुनाव तारीखों की घोषणा की। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कॉफ्रेंस करते हुए कहा कि राज्य में बुधवार 10 मई को वोटिंग होंगी। वहीं, शनिवार 13 मई को काउंटिग होगी। चुनाव तारीखों की घोषणा होते ही राज्य में आचार संहिता लागू हो गयी है। उन्होंने बताया कि कर्नाटक में पहली बार 80 साल से अधिक उम्र के लोग घर से ही वोट कर सकेंग। आयोग का जोर रहा है कि ज्यादा से ज्यादा युवा मतदान कर सकें।

### अप्रैल से सभी स्कूलों में मॉर्निंग शिफ्ट

**रांची।** राज्य के सभी सरकारी और निजी स्कूल गर्मी के दिनों में मॉर्निंग शिफ्ट में संचालित होंगे। यह व्यवस्था अप्रैल महीने से लागू होगी। अभी तक सभी स्कूलों में क्लासेस नौ बजे से शुरू होते हैं, जो अप्रैल महीने से सुबह सात बजे से शुरू होंगे। यह व्यवस्था अगले तीन महीने 30 जून तक बनी रहेगी। एक अप्रैल शनिवार होने के चलते मॉर्निंग शिफ्ट का शेड्यूल तीन अप्रैल से लागू होगा। टाइम टेबल में बदलाव होने के साथ ही मध्याह्न भोजन देने के समय में भी बदलाव किया गया है। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिये हैं। मॉर्निंग शिफ्ट में स्कूल शुरू होते ही 11 से 11:30 तक का समय मध्यान्ह भोजन का होगा। शिक्षा विभाग के आदेश के मुताबिक स्कूल की छुट्टी होने से 10 मिनट पहले बच्चे एकजुट होकर प्रार्थना करेंगे। इसके बाद एक घंटे का समय स्पोटर्स का होगा। मौसम की स्थिति को देखते हुए यह इनडोर और आउटडोर दोनों हो सकता है। शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से जो जारी निर्देश के अनुसार शिक्षकों को 6:45 तक स्कूल पहुंचना होगा। स्कूल 7:00 बजे से 7:15 बजे तक प्रार्थना होगी। इसके बाद क्लास में हाजिरी ली जाएगी और फिर 7:25 से पहली घंटी होगी।

### बिहार विधान परिषद की पांच सीटों पर वोटिंग कल

**पटना।** बिहार विधान परिषद की पांच सीटों के लिए शुक्रवार 31 मार्च को मतदान होगा। मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। परिषद की पांच सीटों के लिए कुल 48 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। सभी विधान परिषद निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव प्रचार का शोर बुधवार शाम पांच बजे से थम गया। इसके बाद सभी उम्मीदवार शिक्षकों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उन्हें गोलबंद करने में जुटे हैं।

### राज्य सरकार ने पंचायतों के सुदृढ़ीकरण योजना की रूपरेखा तैयार की

# नेट समेत सभी सुविधाओं से लैस होंगे पंचायत सचिवालय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की हेमंत सरकार ने पंचायत सचिवालय सुदृढ़ीकरण योजना की रूपरेखा तैयार कर ली है। इसके तहत राज्य सरकार पंचायत सचिवालय को इंटरनेट समेत आधुनिक सुविधाओं से लैस करेगी। इसका उद्देश्य ग्रामीण जनता को सरकार द्वारा प्रदत्त सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ मिल देना है। ग्राम पंचायत सचिवालय भवन को आधुनिक तकनीक एवं न्यूनतम आधारभूत संरचना और सेवा से लैस किया जायेगा। कैबिनेट से इसकी मंजूरी पहले ही मिल चुकी है। राज्य के 4345 पंचायतों के सुदृढ़ीकरण का कार्य जल्द प्रारंभ होगा।

#### पक्की सड़क, बैंक शाखा, वाईफाई की सुविधा रहेगी

राज्य सरकार सभी ग्राम पंचायत सचिवालय भवन से पक्की सड़क तक पहुंच पथ सुनिश्चित करेगी। पंचायत सचिवालय में एक प्रज्ञा केन्द्र स्थापित किया जायेगा। सभी पंचायत सचिवालय में बैंक शाखा, एटीएम, पेमेंट बैंक, इंडियन पोस्टल बैंक की शाखा की स्थापना करायी जायेगी। सभी पंचायत सचिवालय में लगभग 100 एमबीपीएस गति का पोस्टपेड नेट कनेक्शन केबल एवं वाईफाई के माध्यम से इंटरनेट सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। वैध विद्युत कनेक्शन, पेयजल, साफ-सफाई एवं सुरक्षा की व्यवस्था, स्मार्ट एलईडी टीवी, कंप्यूटर, इन्वर्टर स्थापित किया जायेगा।




#### राज्य सरकार अपने स्तर से कर रही कार्य

योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए पंचायतों को वित्तीय संसाधन के लिए 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा से प्राप्त अनुदान की राशि उपलब्ध करायी जाती है। केंद्रीय वित्त आयोग की राशि का व्यय भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा निदेशों के अधीन किया जाता है, फलस्वरूप वित्त आयोग की अनुदान राशि से सेवाओं एवं सुविधाओं की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करना कठिन है। अतः ग्रामीणों को ग्राम पंचायत सचिवालय भवन में आधारभूत संरचना एवं न्यूनतम सेवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार अतिरिक्त राशि का व्यय नूतन दायित्वों एवं आधुनिक तकनीकों के प्रयोग के माध्यम से ग्रामीणों को उनके निवास स्थान पर ही समुचित जीवन स्तर एवं सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए करेगी।

### महावीर चौक पर अखाड़ेधारियों के बीच प्रतियोगिता, आज शोभायात्रा

# 751 मीटर का झंडा आकर्षण का केंद्र होगा

**खबर मंत्र ब्यूरो**

**रांची।** नगर की प्रमुखतम धार्मिक संस्था श्री महावीर मंडल की ओर से सभी तैयारियां पूरी हो गयी है। रामनवमी पर गुरुवार को राजधानी में भव्य शोभायात्रा के आकर्षण का केंद्र इस बार 751 मीटर की महावीरी ध्वजा होगा। वही महाअष्टमी के मौके पर बुधवार की शाम 7 बजे से राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों से अखाड़ा अखाड़ा धारियों ने झांकी निकाली और प्रदर्शन किया। इस दौरान महावीर चौक पर अखाड़े धारियों के बीच प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। रातू रोड, हरमू रोड, कांके रोड, मोरहाबादी और लालपुर की ओर से सैकड़ों की संख्या में अखाड़ा धारी जुलूस के साथ महावीर चौक पहुंचे। इस बीच भगवान राम और उनके भक्त हनुमान के जयकारों से गूंजता रहा पुरी रांची।

पिछले 50 सालों से सबसे बड़ा झंडा फहराने वाले रातू रोड निवासी देवेंद्र रजक ने कहा कि हर साल हम झंडे का कुछ आकार बढ़ाते हैं। पिछले साल 621 मीटर का झंडा फहराया गया था। इस साल आकार बढ़ाते हुए हमने झंडे का आकार बढ़ाकर 751 मीटर रखा है। आरआर स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष राहुल यादव ने कहा कि पूजा उत्सव के लिए नए जोश के साथ हम हर साल झंडे की ऊंचाई बढ़ाते हैं। इस वर्ष क्लब के ध्वज की ऊंचाई 75 से बढ़ाकर 101 फीट कर दी गयी है। उत्सव मनाने के लिए झंडे का आकार भी बढ़ाया गया है।



#### नागपुर से ताशा कलाकारों की 51 सदस्यों की टीम पहुंची

श्री महावीर मंडल के सचिव मुनचुन राय ने बताया कि शोभायात्रा में झंडे के साथ ढोल-नगाड़ों की विशेष व्यवस्था की गयी है। इस साल की शोभायात्रा के लिए नागपुर से ताशा कलाकारों की 51 सदस्यों की टीम रांची पहुंच चुकी है। इसके साथ रामगढ़ से 15 सदस्यों की तासा टीम आ गयी है। जागरण करने के लिए टीमें 30 मार्च को शाम तक धनबाद और जमशेदपुर से रांची आयेगी।

# तीन बच्चों संग महिला ने ट्रेन से कट कर दी जान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला रामनवमी को लेकर राममय हुआ है। वहीं प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में एक महिला ने तीन बच्चों के साथ ट्रेन से कट कर आत्महत्या कर ली है। महिला और बच्चों के शव ट्रैक पर पड़े हुए मिले। सभी बच्चों की उम्र 3 वर्ष से 7 वर्ष के बीच की है। मृतक महिला की पहचान मनीता देवी के रूप में हुई है। रामनवमी के माहौल में इस खौफनाक घटना से लोग सकते में हैं। टाउन थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। एसपी ने भी मौके का मुआयना कर कई निर्देश दिये हैं।

पुलिस को रेलवे ट्रैक के आसपास गहनता पूर्वक जांच में महिला का एक मोबाइल मिला। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला की पहचान मनीता देवी पति रवि सिंह ग्राम खड़कपुर थाना हरिहरगंज की रहने वाली है। महिला 20 दिनों पहले अपने घर से बाहर निकली थी। शहर थाना क्षेत्र के बिसफुटा पुल के समीप रेलवे ट्रैक पर बच्चों के साथ ट्रेन से कटकर जान दे दी। उन्होंने बताया कि मनीता देवी का मायके लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम एकता है। इसकी सूचना उसके घर वालों को दे दी गयी है। चारो की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। पंचनामा के आधार पर पुलिस अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए एमसीएच मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। पुलिस सभी पहलुओं पर कर रही है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# रिक्त पद शीघ्र भरें, नहीं तो कोर्ट देगा दिशानिर्देश

### आयोगों में रिक्त पदों के मामले पर सुनवाई 19 को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में बाल आयोग, सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग, पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी, लोकायुक्त सहित करीब 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों का पद खाली रहने पर हाइकोर्ट ने चिंता जतायी। अदालत ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि अगर राज्य सरकार इस पर कोई एक्शन नहीं लेती है तो कोर्ट इस संदर्भ में दिशा निर्देश देगा। इन रिक्त पदों को लेकर दाखिल एडवोकेट एसोसिएशन, झारखंड हाई कोर्ट की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई 19 अप्रैल निर्धारित की गई है।



इससे पहले एसोसिएशन की ओर से अधिवक्ता नवीन कुमार ने कोर्ट को बताया कि करीब 4 वर्षों से राज्य बाल आयोग, सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग, लोकायुक्त आदि संवैधानिक संस्थाओं में पदों के रिक्त रहने से किसी तरह का कोई काम नहीं हो रहा है। अधिवक्ता इन जगहों पर पैरवी करते हैं लेकिन इन आयोग में काम नहीं होने से अधिवक्ताओं के समक्ष भी समस्या हो रही है। जल्द से जल्द इन संवैधानिक संस्थाओं में रिक्त पदों को भरा जाये। वही वरीय अधिवक्ता राजीव शर्मा ने कोर्ट को बताया कि राज्य सूचना आयोग में न अध्यक्ष है और न सदस्य हैं। इससे सूचना आयोग का कार्य प्रभावित हो रहा है। वर्ष 2020 में सूचना आयोग में रिक्त पदों को भरने के लिए विज्ञापन निकाला गया था लेकिन कुछ अब तक सूचना आयोग में कोई नियुक्ति नहीं हो पाई है।

### कैसे रुकेगा नफरती भाषण, सुप्रीम कोर्ट ने सुझाये उपाय

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को नफरती भाषणों को गंभीरता से लिया और कहा कि जिस क्षण राजनीति और धर्म अलग हो जायेंगे एवं नेता राजनीति में धर्म का उपयोग बंद कर देंगे, ऐसे भाषण समाप्त हो जायेंगे। न्यायालय ने कहा कि तुच्छ तत्वों द्वारा नफरती भाषण दिये जा रहे हैं और लोगों को खुद को संयमित रखना चाहिए। न्यायमूर्ति केएम जोसेफ और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ ने पूर्व प्रधानमंत्रियों जवाहरलाल नेहरू और अटल बिहारी वाजपेयी के भाषणों को उद्धृत करते हुए कहा कि उनके भाषणों को सुनने के लिए दूर-दराज के इलाकों से लोग एकत्र होते थे। कोर्ट ने कहा कि लोगों को खुद को संयमित रखना चाहिए। पीठ ने नफरती भाषण देने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने में विफल रहने के लेकर विभिन्न राज्य प्राधिकरणों के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 28 अप्रैल की तारीख तय की है।

### एसीओ की बैठक में डोभाल ने चीन-पाक को जमकर लताड़ा

# संप्रभुता का सम्मान जरूरी, आतंकवाद विश्व के लिए खतरा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने बुधवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की एक बैठक में बिना नाम लिये चीन और पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि समूह के सदस्यों को क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए और आस-पास के क्षेत्रों में एकतरफा सैन्य गतिविधियां नहीं करनी चाहिए। नयी दिल्ली में एससीओ के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए, डोभाल ने क्षेत्रीय संपर्क की आवश्यकता पर जोर दिया, लेकिन यह भी कहा कि इस तरह की पहल परामर्शी और पारदर्शी होनी चाहिए और सभी देशों की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए। डोभाल की यह टिप्पणी चीन और पाकिस्तान द्वारा सीमा पर दिए जा रहे टेंशन के बीच आयी हैं। भारत से लगती सीमाओं पर चीन और पाकिस्तान कुछ-न-कुछ करता रहता है, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव की स्थिति लगातार बनी रहती है। बैठक में रूस की सुरक्षा परिषद के सचिव निकोलाई पेत्रुशेव, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के वरिष्ठ अधिकारी और एससीओ के क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरचना (आरएटीएस) के प्रतिनिधि शामिल हुए।



डोभाल ने बिना नाम लिए पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि आतंकवाद और इसका वित्तपोषण वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक है। उन्होंने कहा कि वैश्विक आतंकवादी संस्थाओं के खिलाफ प्रतिबंधों को लागू करने के लिए सभी देशों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों 1267 और 1373 और अन्य संबंधित प्रस्तावों सहित आतंकवाद-रोधी सहयोग प्रोटोकॉल के तहत अपने दायित्वों को पूरा करना चाहिए। बता दें कि भारत 27-29 अप्रैल के दौरान राष्ट्रीय राजधानी में एससीओ के रक्षा मंत्रियों और 4-5 मई के दौरान गोवा में विदेश मंत्रियों की बैठक आयोजित करने के लिए भी तैयार है। जुलाई में होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन में इन बैठकों का समापन होगा। साल 2017 में समूह में शामिल होने के बाद पहली बार भारत इस कार्यक्रम की मेजबानी कर रहा है।




# एकनिष्ठ पति परायणा स्त्रियां अपने पति के सभी दुख व कष्टों को दूर करने में सक्षम : मनुश्री महाराज

## श्री शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के 8वें दिन आदिशक्ति की हुई पूजा, यजमानों ने दी 1000 आहुति, खूब लगे माता के जयकारे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ओटीसी मैदान स्थित राज्य ग्रामीण विकास संस्थान (सर्ड) कैंपस में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के 8वें दिन यज्ञ मंडप में बुधवार को मां दुर्गा के आठवें स्वरूप आदिशक्ति महागौरी की पूजा हुई। यज्ञ मंडप में पुरोहितों के वैदिक मंत्रों के बीच यजमानों ने मां के सम्मान में 1000 आहुतियां दी। श्रद्धालु जय माता दी का जय-जयकार कर रहे थे।

वहीं, वृंदावन से पधारे संत मनुश्री महाराज ने महायज्ञ के आठवें दिन सत्संग मंडप में मौजूद सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों को अपने अमृत वचनों से सराबोर कर दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में सत्य, निष्ठा, तप व ज्ञान हो तो भगवान भी भक्तों के वश आ जाते हैं। एकनिष्ठ पतिपरायणा स्त्रियां अपने पति को सभी दुख व कष्टों से दूर रखने में सक्षम होती हैं। पतिव्रत धर्म के बल पर ही सावित्री ने भी अपने पति सत्यवान को यमराज के बंधन से छुड़ा लिया था। मनुश्री महाराज ने सत्संग में सावित्री-सत्यवान की कथा सुनाई और इसकी व्याख्या भी की। बताया कि सावित्री के पास सत्य, निष्ठा, ज्ञान व तप था, जिसकी बदौलत उसने यमराज को भी अपनी भक्ति से जीत लिया। अंत में यमराज ने जब वर मांगने के लिए कहा तो सावित्री ने अपने सास-श्वसुर के लिए नेत्र ज्योति, ससुरा का खोया हुआ राज्य वापस मांगा और अंत में अपने पति सत्यवान से सौ पुत्रों की मां बनने का वर मांगकर यमराज को वर देने के लिए विवश कर दिया। यही हुआ और सावित्री के पति सत्यवान फिर से जीवित हो उठे। उन्होंने सावित्री व यमराज के संवाद को विस्तार से बताया और वहां मौजूद भक्तों को उससे शिक्षा लेने को कहा। बताते चलें कि कार्यक्रम का आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष कुमुद झा समेत अन्य सदस्यों के अथक प्रयास से संभव हो सका है।

**आदिशक्ति महागौरी के पूजन को उमड़ी भीड़ :** श्री शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में आठवें दिन यज्ञ मंडप में बुधवार को यज्ञाचार्य नागेंद्र नाथ ओझा व सह यज्ञाचार्य निरंजन दास मिश्र ने मां दुर्गा के आठवे स्वरूप आदिशक्ति महागौरी की धूमधाम से पूजा की। मौके पर यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भोलेनाथ को पाने के लिए मां गौरी ने वर्षों कड़ी तपस्या की थी। इस घोर तप में मां गौरी धुल-मिप्ती से ढंक गयी थीं। मान्यता है कि भगवान शिव ने स्वयं अपनी जटा से बहती गंगा से मां के इस रूप को साफ किया था। मां के रूप को भगवान शिव ने फिर से स्थापित किया और इसी वजह से उनका नाम महागौरी पड़ा। मां का रूप पूरी तरह गौर वर्ण का है। उनकी उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से की गई है। आदिशक्ति महागौरी के वस्त्र व आभूषण सफेद हैं, इसलिए उन्हें स्वेतांबरधरा भी कहा जाता है।

सत्संग के अंत में श्रद्धालुओं ने भोग के रूप में चावल की खीर का प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर अतिथि के रूप में एसपी ग्रामीण नौशाद आलम, चितरंजन शर्मा, दिवाकर, केके गुप्ता, बलराम सिंह, गुरु पांडेय, अभिषेक पांडेय, डा. आलोक रंजन, राजीव प्रसाद, रोशन कुमार, विकास वाजपेयी, प्रवीण लोहिया, भारतेंदु झा, अजीत सिंह व काजल यादव मौजूद थे।






### सर्वमंगलमांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके शरण्ये त्र्यंबके गौरी...

**यज्ञाचार्यो** के अनुसार आदिशक्ति महागौरी का सबसे प्रसिद्ध मंत्र सर्वमंगलमांगल्ये, शिवे सर्वार्थ साधिके, शरण्ये त्र्यंबके गौरी, नारायणी नमोस्तुते है। कहा जाता है कि इस मंत्र का 21 बार जाप करने से सभी दुख दूर होते हैं। कहा जाता है कि मां दुर्गा ने महिषासुर से नौ दिनों तक युद्ध कर उसे हराया था। इसलिए नवरात्रि के नौ दिनों तक उनकी पूजा की जाती है। यह भी मान्यता है कि अष्टमी के दिन ही माता ने चंड-मुंड राक्षसों का संहार किया था। अष्टमी को कुल देवी व माता अन्नपूर्णा का दिन भी माना जाता है।

## स्पीड न्यूज

### खूंटी में बस हुई दुर्घटनाग्रस्त, कई लोग जख्मी

**खूंटी।** खूंटी जिले के एनएच-75 रांची-खूंटी मुख्य मार्ग पर स्थित हुटार के नजदीक खूंटी के रनिया से रांची के लिए चलने वाली यात्री बस हादसे का शिकार हो गई। बस पेड़ से सीधे टकरा गई। बस यात्रियों से खचाखच भरी हुई थी। रनिया से निकल कर रांची जाने के क्रम में हुटार के पास चालक ने बस पर नियंत्रण खो दिया। जिससे बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में दर्जनों यात्री घायल हुए है। जबकि चार यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए रांची के विभिन्न अस्पतालों में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार खूंटी के रनिया से बस रांची के लिए निकली थी, लेकिन हुटार पहुंचते ही तेज गति होने के कारण एक कार को बचाने के लिए गाड़ी सड़क से नीचे उतर गई। जिसके बाद रफ्तार काफी होने की वजह से चालक बस को नियंत्रित नहीं कर सका। जिससे बस सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। पेड़ से टकराने की जोरदार आवाज से स्थानीय ग्रामीण जमा हो गए और घायलों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया।

### सेल ने 53 दिव्यांगो को दिये उपकरण

**रांची।** सेल, रांची ने एलिम्को के सहयोग से अपनी सीएसआर पहल के तहत नामकुम ब्लॉक कार्यालय परिसर में दिव्यांगों के बीच उपकरण वितरण किया। इसके तहत 53 दिव्यांगों के बीच उपकरण बांटा गया। बीते 24 और 25 फरवरी 2023 को आयोजित मूल्यांकन शिविर में पहचाने गए 53 लाभार्थियों के बीच मोटर चालित तिपहिया साइकिल, व्हील चेयर, सेरेब्रल पाल्सी चेयर, कोहनी और सहायक क्लच और श्रवण यंत्र जैसे कृत्रिम उपकरण वितरित किये गये। इस अवसर पर विधायक राजेश कच्छप प्रखंड विकास पदाधिकारी जीएस जायसवाल एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# रांची से श्रीनगर ट्रेन सेवा होगी शुरू

## खुशखबरी : कटरा होकर चिनाब ब्रिज का सैर कराते हुए पहुंचायेगी श्रीनगर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के लोगों के लिए बड़ी खुशखबरी है। अब राजधानी रांची से श्रीनगर जाना बेहद आसान होगा। दरअसल, रांची से श्रीनगर के लिए ट्रेन सेवा की शुरुआत होने जा रही है। अब झारखंड के लोग भी ट्रेन से जम्मू कश्मीर की यात्रा कर सकेंगे। झारखंड के लोग दुनिया के सबसे ऊंचे ब्रिज चिनाब का लुत्फ उठा सकेंगे। यह ट्रेन कटरा होते हुए अंजी और चिनाब ब्रिज होकर श्रीनगर तक जाएगी।

बता दें कि देश का पहला रेलवे केबल ब्रिज कश्मीर के अंजी में बनाया जा रहा है। श्रीनगर जाने के लिए इस ब्रिज से होकर ट्रेनें चलेंगी। कटरा से श्रीनगर जाने के दौरान यात्रियों को इस ब्रिज का भी लुत्फ उठा सकेंगे। झारखंड के यात्री भी इस केबल ब्रिज का आनंद ले सकेंगे। वहीं, आपको बता दें कि दुनिया का सबसे ऊंचे पुल चिनाब रेलवे ब्रिज, जो कि जम्मू कश्मीर में है। चिनाब नदी पर बना रेलवे ब्रिज 3 किलोमीटर लंबा और 1,178 मीटर ऊंचा है। यह पुल पेरिस के एफिल टावर से 35 मीटर ऊंचा है। बादलों के ऊपर और



प्रतीकात्मक तस्वीर।

ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों के बीच बना यह पुल 260 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से बहने वाले हवा का भी मुकाबला कर सकता है। ऐसे में झारखंड के लोगों के लिए यह सफर काफी रोमांचक और अविस्मरणीय होगी। सफर में लोग बादलों का भी आनंद ले सकेंगे क्योंकि यह ट्रेन बादलों के बीच से गुजरेगी। सूत्रों के हवाले से पता चला है कि यह ट्रेन 100 किमी की स्पीड से चिनाब ब्रिज पर चलेगी। इसे संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस ब्रिज के बनने से देश का हर राज्य कश्मीर से जुड़ेगा। कटरा से श्रीनगर का सफर 3 घंटा 15 मिनट में पूरा किया जाएगा। साल 2023 के दिसंबर और 2024 के जनवरी तक इस ब्रिज पर ट्रेन परिचालन का काम शुरू हो जाएगा। झारखंड के लोग अक्सर माता वैष्णो देवी के दर्शन करने के लिए श्रीनगर जाते है। बता दें कि रांची और जम्मू के बीच चलने वाली सिर्फ एक ट्रेन है। जिसकी ट्रेन संख्या 18309 संबलपुर जम्मूतवी एक्सप्रेस है। यह ट्रेन संबलपुर से वैष्णव देवी तक जाती है। इस ट्रेन से जम्मू पहुंचने में 44 घंटे 55 मिनट का समय लगता है। यह ट्रेन रांची से 17:30:00 बजे प्रस्थान कर 14:25:00 बजे जम्मू पहुंचती है। यह ट्रेन सोमवार, मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को चलती है। ऐसे में रांची से श्रीनगर के लिए ट्रेन सेवा की शुरूआत होने से लोगों को काफी राहत मिलेगी।

# आरयू मानविकी संकाय में पीजी रिसर्च काउंसिल की हुई बैठक

### संकाय के 43 पीएचडी एवं 2 डीलिट प्रस्ताव भेजे गये वापस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची विवि के वीसी प्रोफेसर डॉ. अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को रांची विश्वविद्यालय मानविकी संकाय में पीजी रिसर्च काउंसिल की बैठक हुयी। इसके अंतर्गत 247 पीएचडी एवं 04 डीलिट के प्रस्तावों पर विचार किया गया । विचारोपरांत 204 पीएचडी एवं 02 डीलिट मामलो को अग्रेतर कारवाई के लिये अनुमोदित किया गया।

वहीं इस बैठक में बांग्ला के 2 डीलिट तथा 12 पीएचडी, हिन्दी के 10 उर्दू के 3, अंग्रेजी के 17 तथा फिलोस्फी के 1, कुल 43 पीएचडी के मामलों को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ पुनः समीक्षा के लिये भेज दिया गया। इस समिति की बैठक में कुलपति की अध्यक्षता में प्रतिकुलपति डॉ. अरूण कुमार सिन्हा, कुलसचिव डॉ. मुकुन्द्चन्द्र मेहता, उपकुलसचिव डॉ. प्रीतम कुमार, संकायाध्यक्ष मानविकी, सभी विभागाध्यक्ष एवं कुलपति तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हेल्थ एंड केयर विंग सोडेक्सो ने रांची से शुरू की अपनी सेवा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट सेवाओं के साथ भारत की हेल्थ एंड केयर विंग सोडेक्सो रांची के एएचपीआई-संबद्ध चिकित्सा सेवा प्रदाताओं एवं डायग्नॉस्टिक सेंटरों के लिए लेकर आई है। इसके द्वारा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सकीय उपकरणों की मरम्मत, रखरखाव को सुनिश्चित किया जा सकेगा। रांची में ऑफिस-वेयरहाउस के उद्घाटन समारोह के मौके पर झारखण्ड की प्रमुख लोकेशन में स्पेशियस वेयरहाउस का संचालन शुरू हुआ। मौके पर जोगेश गंभीर (अध्यक्ष, झारखण्ड, एएचपीआई चैप्टर), सिद्धान्त जैन ( डायरेक्टर ऑर्किड मेडिकल सेंटर), आशीष मोदी (सचिव, नागरमल मोदी सेवा सदन), सोडेक्सो हेल्थ एण्ड केयर टीम एवं अन्य गणमान्य दिग्गज मौजूद थे। वेयरहाउस में आधुनिक रिपेयर लैबोरेटरी है, जहां मरीजों की देखभाल के लिए जरूरी उपकरणों के स्पेयर पार्ट्स एवं एक्सेसरीज हैं।

हेल्थ एण्ड केयर, सोडेक्सो इंडिया के कंट्री सेगमेन्ट डायरेक्टर शरद मिश्रा ने कहा कि पिछले दो दशकों से अग्रणी हेल्थकेयर सोल्युशन कंपनी होने के नाते एचटीएम सर्विसेज ने आठ राज्यों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। जिसमें पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश, पंजाब, मणिपुर, उड़ीसा, असम और झारखण्ड शामिल हैं।, सोडेक्सो 170 से अधिक इनहाउस टेकनिकल विशेषज्ञों द्वारा पेश किए गए व्यापक डिजिटल समाधानों के जरिए इसी अंतराल का दूर करने के लिए कार्यरत है।

# रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस की कमिटी गठित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** कांग्रेस की रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में आज कांग्रेस भवन रांची में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा अनुमोदित जिला समिति की घोषणा जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ महतो ने बताया कि नवगठित जिला कमिटी में पांच उपाध्यक्ष, 26 महासचिव, 44 सचिव और 2 प्रवक्ता नियुक्त किये गए हैं। इसके अलावा 11 कार्यकारिणी के सदस्य बनाये गये हैं। जिला कांग्रेस कमिटी के सभी पदाधिकारी प्रदेश कमिटी के निदेर्शानुसार सभी कार्यक्रमों को पुरी निष्ठा और जोरदार तरीके से सम्पन्न करायेगी। उन्होंने कहा कि आज दो प्रकार की चुनौतियां हमारे सामने है। एक केन्द्र सरकार के दुष्चक्र एवं गलत नीतियों के विरोध में आंदोलन करना है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस की नीतियां, कार्यक्रम एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जिला कांग्रेस कमिटी पूरी शिद्दत के साथ जमीनी स्तर पर काम करेगी । संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह रांची जिला ग्रामीण प्रभारी शिव कुमार भगत, प्रवक्ता डॉ इलियास मजिद ,कार्यालय प्रभारी संजय कुमार,सहित नवनियुक्त जिला कमिटी के पदाधिकारी भी उपस्थिति थे।

राकेश किरण ने बताया कि रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के नवगठित जिला कमिटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी समिति की विस्तारित बैठक दो अप्रैल दिन रविवार को पुराना विधानसभा सभागार में आयोजित किया गया है । इस बैठक में रांची जिला कमिटी के सभी 18 प्रखंडों से चुने गये जिला कमिटी के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण होगा तथा उनके बीच दायित्वों का बंटवारा भी किया जायेगा। इस बैठक में सभी प्रखंड अध्यक्ष, प्रभारी और वरिष्ठ नेतागण भाग लेंगे।

### सिविल कोर्ट के अधिवक्ता के घर चोरी

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता नितिन भेंगरा के घर में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना सदर थाना क्षेत्र की है। अपराधियों ने चोरी की घटना के बाद घर में रखे दस्तावेज और सामान में आग लगा दी। घटना के बाद पीड़ित अधिवक्ता नितिन भेंगरा ने सदर थाना में लिखित आवेदन दिया है। वकील की शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## अहाना कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रांची।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहयोगी गैर सरकारी संस्था सिनी की ओर से बुधवार को अहाना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आईएमए और फॉगसी के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को मां से बच्चे में एचआईवी और सिफलिस के संचरण के उन्मूलन संबंधी जानकारी दी गई। बताया गया कि प्राइवेट चिकित्सक जो एचआईवी संक्रमित मरीजों का इलाज करते हैं, उनको प्रत्येक तिमाही में झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति को इसकी रिपोर्ट आवश्यक रूप से समर्पित करना है।

## खबर एक नजर में

### रायचंद चबूतरा के वरिष्ठ सदस्य ने भक्तों को बांटी तलवार



**रांची।** मोरहाबादी स्थित पदमश्री डॉ. रामदयाल मुंडा पार्क में बुधवार को रायचंद चबूतरा के वरिष्ठ सदस्य विभूति भूषण प्रसाद गप्पू की ओर से महा रामनवमी के पावण अवसर पर युवाओं के बीच तलवार का वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी को रामनामी अंगवस्त्र भी प्रदान कर सभी सनातनियों से भाईचारे के साथ रामनवमी का त्योहार मनाने का आग्रह किया गया।

### 15 अप्रैल से बांग्ला नववर्ष पर लगेगा वैशाख मिलन मेला

**रांची।** यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी सभागार में बुधवार को एक बैठक हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि इस साल नववर्ष यानी पहला वैशाख मिलन मेला के रूप में मनाया जाएगा। यह जानकारी यूनियन क्लब इन लाइब्रेरी के सचिव सेतांक सेन ने दी। उन्होंने बताया कि 15-16 अप्रैल 2023 मेले में तरह-तरह के स्टाल होंगे। साथ ही संध्या के समय रंगारंग कार्यक्रम भी होगा। इस दौरान कुछ प्रतियोगिताएं भी रखी गई है। मेले में रवींद्र संगीत प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, चित्रांकन प्रतियोगिता और प्रतिज्ञा ने काव्य पाठ की प्रतियोगिता का आयोजन होगा। संध्या के समय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्था की गई है। 15 अप्रैल को कई नृत्य ग्रुप कोरियोग्राफर के साथ अपना प्रस्तुति देंगे। 16 अप्रैल को नए गायक गायिकाओं के साथ ऑर्केस्ट्रा का आयोजन किया जायेगा। साथ ही प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। 15 अप्रैल अपराहन 4 बजे मेला का उद्घाटन विधिवत होगा।

### नाटक 'कथा एक अगोचर की' का हुआ मंचन

रांची। ऑड्रे हाउस रांची में चल रहे तीन दिवसीय छोटानागपुर नाट्य महोत्सव के दूसरे दिन रांची की नाट्य संस्था नाट्यालय द्वारा नाटक 'कथा एक अगोचर की', का मंचन किया गया। नाटक मूल रूप से एक कंजूस मुखिया के कायांतरण पर आधारित था। भरपूर हास्य और मनोरम संगीत से भरपूर इस नाटक ने दर्शकों का मन मोह लिया। हर सीन में दर्शकों की वाहवाही और तालियां बजती रही। मुखिया के किरदार में स्वयं नाट्यालय के संस्थापक शिवम मनोहरण थे, जिन्होंने अपने खास अंदाज से दर्शकों को खूब हंसाया। बेटा-बेटी के किरदार में सूरज मिश्रा और तन्वी वदीर्यार, दरबान के किरदार में सुमंत और अशुतोष, नट-नटी के किरदार में बादल साहू और नाटक के निर्देशिका खुद आयुषी भद्रा थी। विदूषक के भूमिका में अथर्व सिन्हा और अनुष्का भद्रा, मुंशी जी के खास किरदार में अंकिता केरकेट्टा और गांव वाले की भूमिका में सक्षम मनोहरण, साक्षी प्रिया, चिराग साहू, सचलीन कौर, आकाश एवम अन्य थे।

### प्रो टोन ब्ले ने किया वाईएमसीए का मुआयना

**रांची।** ट्रॉमसो यूनिवर्सिटी नॉर्वे की प्रो टोन ब्ले ने झारखंड की राजधानी रांची के दिवसीय दौरे के दौरान बुधवार को कांटाटोली स्थित वाईएमसीए वीटीसी सेंटर का मुआयना किया। नॉर्वे से आयी इस महिला प्रो टोन ब्ले ने वाईएमसीए कांटाटोली के परिसर में आने के पश्चात वहां स्थापित शिलापट को पढ़ा। साथ ही पूरे परिसर की स्थिति का जायजा लिया। इस क्रम में उन्होंने नार्वे के सहयोग से निर्मित वाईएमसीए ऑडिटोरियम का बाहर व भीतर से अवलोकन किया। मुआयने के बाद वाइएमसी कांटाटोली के इस परिसर में नॉर्वे के सपोर्ट से जो प्रोजेक्ट आरंभ किये गए थे। उनके अधूरी और बदहाल स्थिति पर चिंता जतायी। इस मुआयने के मौके पर प्रो टोन ब्ले के साथ प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर रेव्ह टीएससी हंस, वाईएमसीए वीटीसी कांटाटोली के सीनियर सेक्रेटरी मनोज बागे, वाइएमसीए रांची के जनरल सेक्रेटरी चोन्हस कुजूर, वाईएमसीए पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल साधना, मुकुल अग्रवाल, सोशल वर्कर मो मिन्हाज, वाईएमसीए सिटी ब्रांच के सेक्रेटरी नवीन व आशीष शामिल थे। प्रो टोन ने बताया कि नॉर्वे की पॉलिसी की वजह से इंडिया में जो भी प्रोजेक्ट प्रभावित हुए हैं उनकी जानकारी हासिल की। कहा कि इन तमाम प्रोजेक्ट की बदहाली व मौजूदा स्थिति से नॉर्वे में चर्चा की जाएगी।

### बाजे-गाजे के साथ निकाली गयी शोभायात्रा

**रांची।** नारी सेना श्री महावीर मंडल के तत्वावधान में सेना के अध्यक्ष पूनम की अध्यक्षता में मंगलवारी शोभायात्रा, रातु रोड खादगड़ा, चूना भट्टा, जयप्रकाश नगर, पहाड़ी मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर होते हुए महावीर चौक महावीर मंदिर तक बाजे गाजे के साथ निकाली गई थी। इसमें सैकड़ों महिलाएं शामिल थीं। शोभा यात्रा के क्रम मे महावीर मंडल के अशोक पुरोहित,किशोर साहू,संजय सिंह लल्लू,संजीव साहू,शंकर सिन्हा,सागर वर्मा,पप्पू वर्मा,कमलेश यादव रिंकू वर्मा आदि आदि पदाधिकारियों ने अंगवस्त्र एवं तलवार भेंटकर अध्यक्ष पूनम सिंह एवं प्रवक्ता शिव किशोर शर्मा का महावीर चौक महावीर मंदिर के निकट स्वागत एवं सम्मानित्त किया। इस मौके पर सेना के संयोजक सागर वर्मा, प्रवक्ता शिव किशोर शर्मा, संस्थापक सुरज सिंह भवानी, गीता देवी, कमला शर्मा, ममता यादव, शोभा देवी, राखी राय, अनमोल गुप्ता, सुमन महली,चंचल देवी, सुमन श्रीवास्तव, अनुपमा सिंह, रानी राणा, वेदिका, रितिका, प्रीति देवी, सोनी कुमारी, ममता कुमारी, वेदिका कुमारी, श्रावणी माहली आदि मौजूद थे।

# विवि के शैक्षणिक कैलेंडर व परिणाम समय पर घोषित हुए : वीसी

## इक्फाई विश्वविद्यालय में ब्लेंडेड मोड में माता-पिता और शिक्षकों की बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड में बुधवार को मिश्रित (ब्लेंडेड) मोड में माता-पिता और शिक्षकों की एक बैठक आयोजित की गई। इसमें विश्वविद्यालय के छात्रों और उनके माता-पिता ने झारखंड और बिहार के विभिन्न स्थानों से भाग लिया। कोविड-19 महामारी के बाद पहली आमने-सामने की बैठक में माता-पिता और छात्रों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि 2022-23 शैक्षणिक वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा कड़ाई से नियमों के अनुसार कक्षाएं और परीक्षाएं आयोजित की गईं। शैक्षणिक कैलेंडर और परिणाम समय पर घोषित किए गए। अंतिम मध्य सेमेस्टर परीक्षा में औसत प्रदर्शन के साथ छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। 2023 में स्नातक करने वाले छात्रों के कैंपस प्लेसमेंट का उल्लेख करते हुए, प्रोफेसर राव ने कहा कि अब तक, 85% से अधिक एमबीए छात्रों और 50% बीसीए छात्रों को विप्रो, टीसीएस, कॉग्निजेंट टेक्नोलॉजीज, क्रिप्टो टेक, थॉमस कुक, रिलायंस रिटेल, मैक्स फैशन, बजाज फाइनेंस, फुलर्टन फाइनेंस, अग्रवाल पैकर्स आदि। जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त हुए हैं। अगले एक महीने में कैंपस प्लेसमेंट के लिए और कंपनियों के आने की उम्मीद के साथ, हमें विश्वास है कि हम 100% कैंपस प्लेसमेंट हासिल कर लेंगे। प्रो राव ने कहा कि छात्रों को कैरियर परामर्श प्रदान किया जाता है और हमारे संकाय सदस्यों द्वारा लिखित परीक्षा, समूह चर्चा, व्यक्तिगत साक्षात्कार आदि में प्रशिक्षित किया जाता है, ताकि वे उद्योग- तैयार हो सके। छात्रों के कैरियर विकास को विश्वविद्यालय और अभिभावकों का संयुक्त प्रयास बताते हुए उन्होंने अभिभावकों से सहयोग का अनुरोध किया।

**दिये गये मान्यता पुरस्कार :** पिछले सेमेस्टर के टॉपर्स के साथ-साथ वाद-विवाद और पाठ्येतर गतिविधियों जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मान्यता पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही मेधावी छात्र-छात्राओं को मेरिट स्कॉलरशिप प्रदान करने के पत्र प्रदान किए गए। विश्वविद्यालय की नीति के अनुसार, जनवरी 2023 में अपने पिता को खोने वाले बीबीए-एलएलबी (ऑनर्स) के छात्र श्री प्रकाश रंजन को विश्वविद्यालय में उनकी शेष पढ़ाई के लिए 100% शुल्क माफी दी गई थी। कई अभिभावकों ने शिक्षण की प्रतिबद्धता और गुणवत्ता और छात्रों के कैंपस प्लेसमेंट के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा किए गए प्रयासों पर प्रसन्नता व्यक्त की। एमबीए की छात्रा सुश्री नेहा प्रिया की मां सचिता देवी ने अपनी बेटी को प्रति वर्ष 6 लाख रुपये के वेतन के साथ प्रतिष्ठित कंपनियों से 3 प्लेसमेंट ऑफर मिलने पर खुशी व्यक्त की। विवि के सहायक डीन डॉ भगवत बारिक ने धन्यवाद, कार्यक्रम का संचालन डॉ श्वेता सिंह ने किया।

## सीआइटी के 13 विद्यार्थियों का हुआ कैंपस सलेक्शन

**रांची।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआईटी) के 13 विद्यार्थियों का कैंपस सलेक्शन चेन्नई की कंपनी रिआल्टो इंटरप्राइजेज प्रा. लि ने किया है। कंपनी मशहूर टूथ ब्रश ओरल बी का निर्माण करती है। चयनित विद्यार्थियों में 12 मैकेनिकल इंजीनियरिंग व एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के हैं। कंपनी के असिस्टेंट जनरल मैनेजर जी आर अरुण व एक्सक्यूटिव एच आर सिंधु मती ने चयनितों को नियुक्ति पत्र दिया। मौके पर संस्थान के प्रभारी प्राचार्य प्रो अरशाद उस्मानी, चीफ मार्केटिंग एक्सक्यूटिव प्रो अंकित सिंह आदि मौजूद थे। चयनित विद्यार्थियों में शशांक सुमन, कामेश्वर मुंडा, सुदीप बेक, अरविंद कश्यप, आर्यन लकड़ा, विपिन भगत, प्रशांत कुमार, एमके महतो, एसके सिंह, मंजीत कुमार, मो. नसीम अख्तर, रासिद मिया (सभी मैकेनिकल) व कुमारी भारती इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच की छात्रा शामिल है।

# तपोवन मंदिर में सुरक्षा, पेयजल, बिजली व सुविधाओं का अधिकारियों ने लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में रामनवमी के मद्देनजर तपोवन मंदिर की सुरक्षा और सुविधाओं का उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने बुधवार को जायजा लिया। मंदिर समिति के सदस्यों से मिलकर आला अधिकारियों ने तैयारियों की जानकारी ली एवं एवं बेहतर व्यवस्था के लिए पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक यातायात, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), जिला नजारत उप समाहर्ता, रांची एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



**तपोवन मंदिर में तैयारी पूरी :** तैयारियों का जायजा लेने के बाद जुलूस के रूट में चल रहे निर्माण कार्य का भी उपायुक्त एवं एसएसपी ने जायजा लिया। जुलूस के आगमन एवं प्रस्थान के लिए सुगम व्यवस्था करने के दिशा-निर्देश दिया। श्रद्धालुओं के लिए यहां पूरी सुविधा हो उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना करना ना पड़े, पेयजल की व्यस्था हो इसका भी ध्यान रखा जा रहा है। बिजली, पेयजल, सीसीटीवी कैमरा से निगरानी इसकी व्यस्था आज कराई गयी है। प्रशासन इस बात पर पूरा ध्यान दे रही है कि यहां कल सुबह से लेकर देर रात तक यहां श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी ना हो।

## ड्रोन से होगी शोभायात्रा की निगरानी

**ड्रोन बना पुलिस की तीसरी आंख, गली-गली में रखी जा रही है नजर**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रामनवमी की शोभायात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। पहली बार राजधानी रांची सहित राज्य के सभी जिलों में जमकर ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। ड्रोन के जरिए संवेदनशील इलाकों में लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि कोई भी असामाजिक तत्व पर्व के दौरान किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी न फैला सकें।



**क्यों तैनात किया गया है ड्रोन :** दरअसल, झारखंड के कई जिलों में पिछले वर्ष राम नवमी के अवसर पर सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हो गया था। इस दौरान उपद्रवियों ने पहले से ही अपने-अपने घरों के ऊपर ईट-पत्थर जमा करके रखे गए थे। जिन्हें माहौल को खराब करने के लिए इस्तेमाल किया गया था।

**यहां- यहां ड्रोन से हो रही है चौकसी :** राजधानी के डोरंडा, हिंदपीढ़ी, लोअर बाजार, कांके, डेली मार्केट, सदर, कांके, बेड़ो, मांडर और चान्हो थाना क्षेत्र में ड्रोन की तैनाती की गई है। यह सभी क्षेत्र बेहद संवेदनशील हैं। इन क्षेत्रों में कभी ना कभी सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हुआ है, जिसकी वजह से शहर की शांति भंग हुई है।

**बुधवार दोपहर से जारी है ड्रोन से निगरानी:** राजधानी रांची में बुधवार की दोपहर से ही सभी संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन के जरिए नजर रखी जा रही है. ड्रोन के द्वारा कैद की गई तस्वीरों का मूल्यांकन किया जा रहा है, पुलिस की एक टीम को सिर्फ वीडियो फुटेज और फोटो चेक करने के काम में लगाया गया है।

## सेवा संघ के पदाधारियों ने अनिल सर्राफ को अध्यक्ष मनोनीत किया



**श्री श्री महावीर सेवा संघ झंडा चौक डोरंडा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री श्री महावीर सेवा संघ झंडा चौक डोरंडा के पदाधिकारियों की बुधवार को बैठक हुई जिसमें सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से अनिल सर्राफ उर्फ राजा को श्री महावीर सेवा संघ झंडा चौक डोरंडा का अध्यक्ष चुना। मंत्री अजय गिरि ने बताया कि इस साल भी पूरे परंपरागत ढंग से प्रभु श्री रामचंद्र जी का जन्मोत्सव उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। शोभायात्रा जुलूस को सफल बनाने हेतु श्री महावीर सेवा संघ झंडा चौक अपने अस्त्र-शस्त्र के साथ जुलूस में शामिल होगा। बैठक में रवि शाह, संजय कुमार, ओमप्रकाश सिंघानिया, पप्पू विजयवर्गीय, निपेंद्र कुमार गुप्ता, आनंद गुप्ता, अनिल गुप्ता उर्फ बल्लू, संजय गुप्ता पूजा टैंट, विश्वनाथ राम तथा अन्य शामिल थे।

## रामनवमी में सिटी बस तपोवन मंदिर से उनके गंतव्य तक निःशुल्क पहुंचायेगी: डिप्टी मेयर

**रांची।** श्री रामनवमी के अवसर पर रांची वासियों के आवागमन में परेशानी को देखते हुए रांची नगर निगम आज गुरूवार को रांची वासियों को निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध करा रही है। श्री रामनवमी में वाहनों का आवागमन कम होता है जिसके कारण श्रद्धालुओं को वापस अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचने में काफी परेशानी होती है। उप महापौर संजीव विजयवर्गीय ने रामभक्तों व अन्य श्रद्धालुओं की इस परेशानी को ध्यान में रखते हुए तपोवन मंदिर निवारणपुर आए श्रद्धालुओं को वापस गंतव्य तक पहुंचाने के लिए बसों को निःशुल्क सेवा देने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया है। इसमें 5 बस बीएमपी मैदान में, 15 बस पटेल चौक स्थित पुराने बस पड़ाव से निगम उपलब्ध कराएगा।

## श्री चैती दुर्गा पूजा समिति, डोरंडा ने महाअष्टमी की पूजा संपन्न की

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री चैती दुर्गा पूजा समिति, डोरंडा ने बुधवार को पूरे विधि-विधान के साथ महाष्टमी की पूजा-अर्चना की। पुरोहित अजीत पाठक के सान्निध्य में यजमान देवाशीष दत्ता व तान्या दत्ता ने पूजन संपन्न कराया। रात्रि 10.01 बजे से संधि पूजा प्रारंभ हुई। इसके उपरांत आरती पुष्पांजलि व भोग अर्पित किया गया। महाष्टमी के अवसर पर समिति की ओर से विभिन्न सामाजिक संगठनों व गणमान्य लोगों को माता की चुनरी व तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया।



आज महानवमी की पूजा प्रातः नौ बजे से आरंभ होगी। इस मौके पर पूजा आरती पुष्पांजलि हवन और कन्या पूजन होगा। समिति के मनोज वर्मा ने बताया कि महानवमी के पावन अवसर पर मां भवानी को खिचड़ी, चटनी, भाजा का भोग निवेदन किया जाएगा। इस अवसर पर महाभोग खिचड़ी का भंडारा भी किया जाएगा। जो भक्त प्रसाद घर ले जाना चाहते हैं उनके लिए पैक प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गयी है। माँ भवानी की पूजा को सफल बनाने में प्रकाश वर्मा, राकेश पाल महेश विजय, मुकेश गुप्ता, प्रमोद चौधरी, विनय गुप्ता, हिमांशु शेखर दास, दीपक राम, अरूण गुप्ता, लडडू साव, राज कुमार पाल, लवेश कुमार, संजय बर्मन, संजीव विजय, संतोष अग्रवाल, डिम्पल नाग, गोपाल सरकार, रंजन नाग, विवेक सहाय, मुन्ना लाल,दशरथ राम, शीतल राम, पियूष विजय, राजेश सिंह, गोपाल वर्मा, बिनोद वर्मा, टिंकू शर्मा, गोपाल सरकार, चंदन गुप्ता, रंजन नाग, शंकरगुप्ता, शंकर राम सहित सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

## श्री रामनवमी को लेकर महावीर मंडल ने पदाधिकारियों को जिम्मेवारी सौंपी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों की बुधवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अशोक पुरोहित ने की। बैठक में पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे। निर्णय लिया गया कि सभी पूर्व अध्यक्ष एवं मंत्री श्री रामनवमी मोहत्सव के मुख्य शोभायात्रा का नेतृत्व करेंगे। वहीं ललित ओझा को मुख्य शोभायात्रा प्रभारी नियुक्त किया गया। मौके पर अशोक पुरोहित ने शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए टोला प्रभारी एवं सह प्रभारी का गठन किया। इनके नेतृत्व में शोभायात्रा अपने निर्धारित मार्ग होते हुए तपोवन मंदिर जायेगी। पूर्व अध्यक्ष श्री मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष लाखों की संख्या में श्री राम भक्तो का जनसैलाब दिखेगा, जो अस्त्र-शस्त्र एवं गाजे-बाजे के साथ अपने निर्धारित मार्ग से तपोवन मंदिर पहुंच भगवान श्री राम के चरणों मे श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

## रांची की सड़कों पर 24 नई इलेक्ट्रिक एसी बसें जल्द

**केंद्र सरकार के सुझाव पर प्रारंभ की जा रही है सेवा**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्र सरकार की योजना के अनुसार झारखंड की सड़कों पर जल्द ही इलेक्ट्रिक एसी बसें चलेंगी। राजधानी से इसकी शुरूआत की जाएगी। इसके बाद धीरे-धीरे दूसरे जिलों में भी बसों का परिचालन शुरू किया जाएगा। इसके लिए फिलहाल रांची के लिए 24 नई इलेक्ट्रिक एसी बसों की खरीद की स्वीकृत दी गई है। केंद्र सरकार के सुझाव पर यह सेवा शुरू की जा रही है। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने कुछ दिन पहले ही राज्य सरकार को निर्देश दिया था। रांची में बसों का

### रांची व आसपास के लिए 244 बसों की जरूरत

योजना के अनुसार रांची और उसके आसपास के क्षेत्र के लिए 244 बसों की जरूरत है। सर्वे के अनुसार बसों के परिचालन पर कुल लागत 42.1 रुपये प्रति किमी आयेगी। बसों के परिचालन से 44.8 रुपये प्रति किलोमीटर की कमाई होगी।



**13 रूटों पर होगा बसों का परिचालन :** वर्तमान में इन बसों का परिचालन पूर्व निर्धारित 13 रूटों पर किया जायेगा। रास्ते में 110 पड़ाव होंगे। पहले मेन रोड समेत शहर की प्रमुख सड़कों पर इन बसों का परिचालन किया जाएगा। एसी इलेक्ट्रिक बसों के लिए चौड़ी सड़कों की जरूरत है। एसी बसों की लंबाई भी सामान्य सिटी बसों से ज्यादा होती है। ऐसे में रांची नगर निगम 220 सामान्य सिटी बसों की खरीदारी करेगी। राज्य सरकारी कि पिछली कैबिनेट की बैठक में इसके लिए प्रस्ताव पारित किया जा चुका है।

**फैक्ट फाइल**

| | |
|---|---|
| एसी इलेक्ट्रिक बसों पर खर्च | 103.30 करोड़ रुपये |
| प्रतिदिन बसों की तय की जानेवाली दूरी | 174 किमी |
| शून्य से दो किमी की दर | 5 रुपये |
| दो से पांच किमी की दर | 10 रुपये |
| पांच से 10 किमी की दर | 15 रुपये |
| 10 किमी से अधिक की दर | 20 रुपये |

**पीपीपी मोड पर बसों का परिचालन किया जाएगा :** केंद्र सरकार ने तय किया है कि 5 से 40 लाख तक की आबादी वाले शहरों में सुगम यातायात के लिए पीपीपी मोड पर बसों का परिचालन किया जाएगा। बसों में फेयर क्लेक्शन यूनिवर्सल फेयर कलेक्शन सिस्टम के माध्यम से लिया जाएगा। इसके लिए अभी तक एजेंसी का चयन नहीं किया गया है। हर दो वर्ष में भाड़ा में 11 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की जायेगी।

परिचालन मंत्रालय के सुझाव के अनुसार पीपीपी मोड पर किया जाएगा। इसके लिए भाड़ा भी तय कर दिया गया है। यात्रियों से फिलहाल कम से कम पांच रुपये और अधिकतम 20 रुपये भाड़ा लिया जायेगा।

# 286 साल पहले अंग्रेज अफसर ने की थी प्राचीन तपोवन मंदिर की स्थापना, रामनवमी में उमड़ती है लाखों की भीड़

सत्येन्द्र

**रांची।** राजधानी रांची के निवारणपुर में स्थित प्राचीन तपोवन मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का बड़ा केंद्र है। लगभग 286 वर्ष पुराने इस मंदिर में रामनवमी के अवसर पर लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। हर वर्ष अपर बाजार के महावीर मंदिर से विभिन्न अखाड़ों द्वारा निकाला जाने वाला रामनवमी का जुलूस बगैर तपोवन मंदिर की यात्रा के पूर्ण नहीं माना जाता। इस वर्ष श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए मंदिर में व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

**आकर्षक ढंग से सजा तपोवन मंदिर :** अभी महावीरी पताकों से राजधानी रांची पटी हुई है। इस अवसर पर अपर बाजार स्थित महावीर मंदिर से अलबर्ट एक्का चौक श्रीराम मंदिर होते हुए निवारणपुर के तपोवन मंदिर तक निकलने वाले इस जुलूस में लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं। यह जुलूस इस बार भी उसी अंदाज में दिखेगा जो कोरोनाकाल से पहले नजर आते थे।



### अंग्रेज अधिकारी ने की थी शिव मंदिर की स्थापना

वर्तमान में जिस जगह पर तपोवन मंदिर है, वह शुरूआती समय में जंगल था। इस स्थल पर सर्वप्रथम बकटेश्वर महाराज तपस्या किया करते थे। किंवदंतियों के अनुसार उस दौरान जंगली जीव जन्तु भी उनके भजन के वक्त आ जाते थे। इसी दौरान एक दिन अंग्रेज अधिकारी ने बाघ को गोली मार दी, जिससे क्रोधित होकर बाबा ने उन्हें प्रायश्चित के रूप में शिव मंदिर की स्थापना करने को कहा, जो आज भी अंग्रेज द्वारा स्थापित इस परिसर में शिव लिंग मौजूद है। तपोवन मंदिर के महंत कहते हैं कि यह तप की भूमि है, जिसके गर्भ से सैकड़ों वर्ष पूर्व रामलला और माता सीता की मूर्ति मिली थी जो आज भी मौजूद है।

**तपोवन का बदलेगा स्वरूप, अयोध्या की तरह बनेगा भव्य श्री राम-जानकी मंदिर :** एतिहासिक तपोवन मंदिर का सौंदर्यीकरण होना है। जल्द ही ये मंदिर अयोध्या के श्रीराम मंदिर की तरह दिखाई देगा। तपोवन मंदिर के महंत ओमप्रकाश शरण के अनुसार नये प्रारूप के अनुरूप मंदिर का शिलान्यास जल्द ही किया जाएगा। जिसपर प्रारंभिक लागत करीब 200 करोड़ है। ये श्रद्धालुओं के द्वारा दिए जाने वाले सहयोग राशि से तैयार होगा। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ₹14 करोड़ 67 लाख की राशि स्वीकृति दी है।

## तपोवन मंदिर में वर्ष 1929 में पहली बार हुई थी महावीरी पताके की पूजा-अर्चना

प्रभात सिंह

**रांची।** वर्ष 1929 में रामनवमी के दिन पहली बार महावीरी पताके की पूजा रांची के श्री राम जानकी तपोवन मंदिर में हुई थी। मंदिर के तत्कालीन महंत रामशरण दासजी ने रामनवमी शोभायात्रा का स्वागत कर पूरे विधि-विधान से महीवीरी पताके की पूजा की थी। इसी दिन से तपोवन मंदिर रामनवमी से जुड़ गया। महावीरी पताके महावीर चौक स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से तपोवन मंदिर लाया गया था।

तपोवन मंदिर के निर्माण के समय को लेकर एक राय नहीं है, लेकिन मंदिर के वर्तमान महंत ओम प्रकाश शरण बताते हैं कि मंदिर लगभग 375 वर्ष पुराना है। यह स्थान तप स्थली था और चारों ओर घने जंगल थे। इसलिए इस स्थान का नाम तपोवन और मंदिर स्थान को तपोवन मंदिर कहा जाता है। ऋषि बंकटेश्वर दास महाराज इस जगह पर तपस्या में लीन रहते थे।

**खुदाई में जमीन से निकले थे राम-जानकी की मूर्ति :** अंग्रेज अधिकारी के मार्गदर्शन पर खुदाई कराने पर जमीन से राम-जानकी की मूर्ति निकली। दोनों मूर्ति को स्थापित किया गया। बाद में जयपुर से लक्ष्मण की मूर्ति मंगवाकर साथ में रखी गयी। बाद में कई देवी देवताओं के मंदिर भी यहां बनाये गये। मंदिर परिसर में दो समाधियां हैं। इनमें एक 1905 में बनी बंकटेश्वर दास की और दूसरी महंत राम शरण दास की है, जिसे 1945 में बनवाया गया। तपोवन मंदिर की विशेषता भगवान का पहनावा और श्रृंगार है, इसे अयोध्या शैली पर किया जाता है।

**भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव आज धूमधाम से मनेगा :** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव गुरुवार को धूमधाम से मनाया जायेगा। गुरुवार के दिन मध्याह्न व्यापिनी नवमी मिलने के कारण इस दिन रामनवमी का त्योहार मनाया जायेगा। गुरुवार की रात्रि 11:30 बजे तक नवमी तिथि मिल रही है। गुरुवार होने और पुष्य नक्षत्र मिलने के कारण गुरु पुष्य का संजोग मिल रहा है, जिसे काफी शुभ माना जा रहा है। इस दिन मां बाग्लामुखी के अलावा सिद्धिदात्री की भी पूजा की जायेगी। इसके अलावा अमृत सिद्धि योग, रवि योग व सर्वार्थ सिद्धि का संयोग है।

**आज सुबह से शुरू हो जायेगी पूजा :** रामनवमी के दिन सुबह से ही पूजा शुरू हो जायेगी। इस दिन राम मंदिर के अलावा हनुमान मंदिरों में भी पूजा की जायेगी। मान्यता है कि हनुमान की पूजा के बिना उनके आराध्य देव की पूजा सफल नहीं मानी जाती है।

## खबर एक नजर में

### आज 2 बजे से जुलूस वापसी तक नहीं रहेगी बिजली

**रांची।** श्रीरामनवमी शोभायात्रा में निकाले जाने वाले बड़े-बड़े महावीरी पताके के कारण आज गुरुवार को रांची में दिन के 2 बजे से जुलूस वापसी तक बिजली नहीं रहेगी। आसपास के सभी क्षेत्रों में भी जुलूस वापसी तक बिजली नहीं रहेगी। इधर, गुरुवार को हटिया ग्रिड सबस्टेशन, हटिया-वन में हाई लेवल आइसोलेटर संख्या 3 और 4 को बदलने सहित अन्य मेंटेनेंस कार्य होंगे। इस कारण दिन के 1 बजे से रात 10 बजे तक इस ग्रिड से निकलने वाले 11 केवी फीडर से राजभवन, हरमू, रातू, ब्रांबे, टाटीसिल्वे, विधानसभा, धुर्वा, बेड़ो, कांके, आरएंडी सेल, अरगोड़ा में बिजली आपूर्ति नौ घंटे बंद रहेगी।

### नक्शा विचलन : सीबीआइ नहीं कर पा रही सबूत पेश

**रांची।** नक्शा विचलन से जुड़े 12 साल पुराने मामले में सीबीआइ की ओर से सबूत प्रस्तुत नहीं किया जा सका है। मामले में आरोपी रानी अस्पताल के संचालक शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ राजेश कुमार, जगन्नाथ लाइफकेयर अस्पताल के निदेशक हड्डी रोग विशेष डॉ सुधीर कुमार समेत पांच के खिलाफ सीबीआइ कोर्ट ने बीते 17 दिसंबर को आरोप तय किया था। अदालत ने सीबीआइ को सबूत पेश करने का निर्देश दिया था लेकिन, पांच निर्धारित तारीखों में एक भी गवाह प्रस्तुत नहीं किया जा सका। मामले में बुधवार को भी गवाही के लिए तारीख थी। अदालत ने अगली गवाही की तारीख 18 अप्रैल निर्धारित की है।

### न्यूक्लियस ग्रुप के निर्माण पर फैसला जल्द

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट सेना की जमीन के पास निमार्णाधीन बहुमंजिला भवन के खिलाफ रक्षा मंत्रालय की ओर से दाखिल याचिका पर सोमवार को फैसला सुना सकता है। इस मामले में सभी पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रखा है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की अदालत इस मामले की सुनवाई की कर रही है। इस संबंध में मेजर भूपेश बैरागी की ओर से हाईकोर्ट में रिट पिटीशन (सिविल) दाखिल की गई है। रक्षा मंत्रालय की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार और प्रभात कुमार सिन्हा ने अपनी बहस में अदालत को बताया था कि रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी संकल्प के मुताबिक, सेना कार्यालय के 50 मीटर के दायरे में चार तल्ले से ज्यादा ऊंचा भवन नहीं बनाया जा सकता। जबकि निर्माण कर रहे एनसीसी इंफ्रा की ओर से कहा गया कि उनका नक्शा बहुत पहले पास हुआ है और अभी निर्माण हो रहा है। ऐसे में रक्षा मंत्रालय का वर्ष 2022 में जारी संकल्प लागू नहीं होता है। जिमखाना क्लब में निर्माण को लेकर कहा गया कि जहां पर निर्माण किया जा रहा है, उससे पहले भी वहां कई बहुमंजिला भवन बने हुए हैं। इस निर्माण कार्य में न्यूक्लियस ग्रुप भी शामिल है।

### यौन उत्पीड़न में शिक्षक को तीन वर्ष कैद की सजा

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग से यौन उत्पीड़न मामले के अभियुक्त सोनाहातू निवासी ट्यूशन मास्टर राजेंद्र सेठ को दोषी पाकर तीन साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अभियुक्त पर ट्यूशन पढ़ने आई 11 वर्षीय बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप था। पीड़िता के पिता ने सोनाहातू थाना में 21 जनवरी 2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### टीबी मुक्त पंचायतों को किया जाएगा सम्मानित

**रांची।** राज्य यक्ष्मा कार्यालय में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बुधवार को सभी पंचायतों को टीबी मुक्त करने के लिए डेवलपमेंट पार्टनर एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक की गयी। इसमें सभी पंचायतों को यक्ष्मा मुक्त करने के लिए योजना तैयार की गयी। राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ रंजीत प्रसाद ने निर्देश दिया कि सभी जिला पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करेंगे, ताकि पंचायतों को टीबी मुक्त बनाया जा सके। बताते चलें कि टीबी उन्मूलन का लक्ष्य 2025 तक प्राप्त करना है। इसके लिए टीबी मुक्त पंचायत को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में ए मित्रा, डॉ मेघा प्रियदर्शनी एवं राज्य यक्ष्मा कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे।

### स्वच्छता उत्सव : विशाल मशाल मार्च निकाला




**रांची।** स्वच्छ उत्सव-2023 के तहत बुधवार को उप नगर आयुक्त रजनीश कुमार के द्वारा विभिन्न स्वयं सहायता समूह के सदस्यों, गणमान्य व्यक्तियों, रांची नगर निगम के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी एवं मशाल मार्च निकाला गया। इस मौके सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी, डॉक्टर किरण कुमारी, डॉक्टर आनंद शेखर झा, नगर प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक एवं रांची नगर निगम कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित हुए।

### विधायक समरीलाल के मामले में 19 अप्रैल को सुनवाई

**रांची।** राज्य जाति छानबीन समिति के द्वारा कांके विधायक समरीलाल का जाति प्रमाण पत्र खारिज किए जाने के मामले में हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार एवं सुरेश बैठा की अपील पर सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में सुरेश बैठा की ओर से समय की मांग की गई। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 19 अप्रैल निर्धारित की है।

### करोड़ों के गबन मामले में पांच के खिलाफ आरोप तय

**रांची।** फर्जी कंपनी के नाम पर बैंक ऑफ इंडिया रामगढ़ कैंट शाखा को 3.31 करोड़ रुपये से अधिक का चूना लगाने के मामले में बुधवार को सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने आरोपी संजय शाह, मुकेश शाह, राजेश शाह, बोंगरा कुमार सिंह एवं रविकांत प्रसाद के खिलाफ आरोप तय किया। आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के दौरान पांचों आरोपी अदालत में मौजूद थे। अदालत ने आरोपियों से उसके खिलाफ लगे आरोपों के बारे में पूछा। सभी आरोपियों ने अपने आप को निर्दोष कहा। इसके बाद अदालत ने पांचों के खिलाफ आरोप गठित करते हुए मामले में सीबीआइ को सबूत प्रस्तुत करने के लिए 2 मई की तारीख निर्धारित की। अदालत ने 28 मार्च को ही मुकेश एवं संजय (दोनों सहोदर भाई) की डिस्चार्ज अर्जी खारिज करते हुए आरोप गठन के दिन कोर्ट में मौजूद रहने का निर्देश दिया था।

**फर्जीवाड़े का खेल दिसंबर 2016 से मई 2017 के बीच चला :** आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज एवं कोटेशन बनाकर बैंक में जमा किया एवं इसी आधार पर बैंक से 3.31 करोड़ रुपये का लोन लिया। बाद में, जब जांच हुई तो पता चला कि जिस कंपनी के नाम पर लोन लिया गया है, उसका कोई अस्तित्व ही नहीं है। फजीर्वाड़ा सामने आने के बाद सीबीआइ ने 2018 में प्राथमिकी दर्ज की थी। जांच के दौरान यह सामने आया कि आरोपियों ने टाटा मोटर्स से चेचिस खरीदने और ऑयल टैंकर का बॉडी बनाने का कार्य शुरू करने के नाम पर बैंक से लोन लिया था।

### नई दिल्ली में स्वच्छ उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुईं मेयर

**रांची।** मेयर डॉ आशा लकड़ा ने कहा है कि रांची शहर को स्वच्छ रखने के लिए डोर टू डोर उठाव की व्यवस्था की गयी है। डॉ लकड़ा बुधवार को नयी दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थी। इसका आयोजन शहरी विकास मंत्रालय की ओर से किया गया था। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड के लिए आवश्यकतानुसार वाहन उपलब्ध कराये गये हैं। शहर के लोगों को स्वच्छ्ता अभियान से जोड़ने के लिए फीडबैक लिये गये हैं। कॉलेजों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया है। फुटपाथ दुकानदारों के लिए वेंडर मार्केट का निर्माण कराया गया। सड़क से अतिक्रमण हटाने और गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई करने के लिए एनफोर्समेंट टीम का गठन किया गया। केंद्र सरकार के निर्देशानुसार 2026 तक शहरी क्षेत्र को गार्बेज फ्री सिटी बनाना है। रांची नगर निगम नियमित रूप से इस दिशा में काम कर रहा है। हमारी टीम 2026 तक रांची नगर निगम क्षेत्र को गार्बेज फ्री सिटी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर बताया गया कि स्वच्छ उत्सव 2023 को लेकर स्वयं सहायता समूह के कुछ सदस्यों को एक्सपोजर विजिट के लिए राज्य से बाहर के शहरों में भेजा जायेगा। जिसे स्वच्छता यात्रा के रूप में नामित किया गया है।

# भारत-चीन ही लीडर

आर्थिक सुस्ती का सामना कर रही ग्लोबल इकोनॉमी की इस साल की ग्रोथ में भारत और चीन मिलकर करीब आधा योगदान देंगे जिससे एशिया असाधारण प्रदर्शन करने वाला महाद्वीप बनकर उभरेगा। चीन के एक शोध संस्थान ने यह अनुमान जताया है। चीन सरकार के अग्रणी शोध संस्थान बाओ फोरम फॉर एशिया (बीएफए) ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि वर्ष 2023 में एशियाई अर्थव्यवस्थाएं दुनिया के समग्र आर्थिक पुनरुद्धार की रफ्तार को बनाए रखे हुए हैं। इस तरह वैश्विक आर्थिक सुस्ती के दौर में एशिया का प्रदर्शन असाधारण साबित हो रहा है। हैनान प्रांत के बाओ में आयोजित चार-दिन के सम्मेलन के पहले दिन एशियाई आर्थिक परिदृश्य एवं एकीकरण में प्रगति शीर्षक वाली यह रिपोर्ट जारी की गई। इसके मुताबिक, वर्ष 2023 में एशिया की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर वर्ष 2022 के 4.2 प्रतिशत से बढ़कर 4.5 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है। रिपोर्ट में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया है कि भारत और चीन इस साल वैश्विक आर्थिक वृद्धि में मिलकर आधा योगदान देने वाले हैं। इस तरह एशियाई अर्थव्यवस्थाएं वर्ष 2023 में समग्र आर्थिक वृद्धि को तेज करने में प्रमुख इंजन बनी हुई हैं। आईएमएफ का अनुमान है कि इस साल भारत की वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहेगी जबकि चीन की वृद्धि दर 5.2 प्रतिशत रह सकती है। अमेरिका सहित विकसित देशों के लिए चीन और भारत का विकास दर एक उम्मीद पैदा कर रहा है। कोरोना और युद्ध से परेशान और आर्थिक मंदी झेल रही दुनिया के लिये दो बड़ी शक्तियों का विकास दर बेहतर होना निश्चित ही दुनिया को मंदी से तो बचायेगा ही साथ ही दुनिया को एक सही दिशा देने जिसमें शांति और सुरक्षा के साथ आर्थिक संपन्नता बढ़ाने का काम करेगी।

# वायु प्रदूषण की मार

यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट द्वारा किये गए अध्ययन में बताया गया है कि कुछ शहरों में वायु प्रदूषण भारतीयों की जीवन प्रत्याशा को नौ साल तक कम कर सकता है। कह सकते हैं कि वायु प्रदूषण से सबसे अधिक प्रभावित लोग अपनी जीवन प्रत्याशा को तेरह प्रतिशत अधिक खो सकते हैं। उम्र में कमी के अलावा लोग कई तरह के असाध्य रोगों की भी चपेट में आ जाते हैं, जिसका दंश उन्हें सालों-साल भुगतना पड़ता है। फलतः परिवारों को भावनात्मक व आर्थिक संकट भी झेलना पड़ता है। यह अध्ययन स्मरण कराता है कि भारत में गंगा के मैदानी इलाकों के शहरों में करीब 48 करोड़ लोग जिस प्रदूषित वातावरण में सांस ले रहे हैं, उसका स्तर यूरोप व उत्तरी अमेरिकी की तुलना में कई गुना अधिक है। निस्संदेह, समय-समय पर सामने आने वाले तथ्यों के दृष्टिगत नागरिकों व नीति-निमार्ताओं को इसे खतरे की घंटी मानते हुए सजग हो जाना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि हाल के वर्षों में देश के लोगों की जीवन प्रत्याशा में आशातीत वृद्धि हुई है। दुनिया में बहुचर्चित मेडिकल जर्नल लैंसेट के अनुसार वर्ष 1990 और 2019 के बीच भारत में जीवन प्रत्याशा 59.6 से बढ़कर 70.8 हुई है। हालांकि यह प्रत्याशा राज्यों के स्तर पर अंतर रखती है। यह भी हकीकत है कि दुनिया में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों में एक बड़ा हिस्सा भारत का भी है। वहीं संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि वर्ष 2100 तक भारतीयों की जीवन प्रत्याशा 81 वर्ष होगी। बेहतर जीवन के लिये हमें प्रदूषण की समस्या का कारगर समाधान तलाशना होगा। हालांकि, यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो की रिपोर्ट का आकलन वर्ष 2019 की स्थिति पर आधारित है क्योंकि अब प्रदूषण महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश आदि को भी चपेट में लेने लगा है और वातावरण गर्म होने की शिकायत आ रही है।

# राम चरित जे सुनत अघाहीं। रस बिसेष जाना तिन्ह नाहीं॥





\- मुरलीधर

> हनुमान के प्रति राम का व्यवहार मालिक और सेवक का था और चूँकि सेवक ने मालिक का काम किया इसलिये राम ने उनकी प्रशंसा की होगी पर इन निर्बुद्धियों ने ठीक से रामायण नहीं पढ़ी। राम की नजर में हनुमान सेवक नहीं थे, राम ने कई बार हनुमान को अपना पुत्र बताया है. वो हनुमान से कहतें हैं, सुन सुत तोहि उरिन मैं नाहींयानि हे पुत्र ! सुन मैं तुझसे उरिन नहीं हो सकता।

**रामचरितमानस** राम का पावन चरित, प्रबंधन(मैनेजमेंट) का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ है। इसकी व्याख्या से जीवन का हर क्लेश समाप्त होता है। रामनवमी उसका प्रकटीकरण मात्र है। हर पल संसारिक राम का जीवन ही जीता है।

**उमा राम गुन गूढ़ पंडित मुनि पावहिं बिरति। पावहिं मोह बिमूढ़ जे हरि बिमुख न धर्म रति॥**

हे पार्वती! श्री रामजी के गुण गूढ़ हैं, पण्डित और मुनि उन्हें समझकर वैराग्य प्राप्त करते हैं, परन्तु जो भगवान से विमुख हैं और जिनका धर्म में प्रेम नहीं है, वे महामूढ़ (उन्हें सुनकर) मोह को प्राप्त होते हैं। आजकल टीम वर्क की बहुत बात होती है, कोई टीम लीडर अपने टीम के सदस्यों को कैसे प्रेरित कर सकता है, कैसे उनकी प्रतिभा का अधिकतम उपयोग कर सकता है, कैसे उसके गुणों और विशेषताओं को उभार सकता है, कैसे अपने से ऊपर के अधिकारियों को भी यथायोग्य मान-सम्मान देते हुए अपने नीचे वाले को भी वैसा ही सीखा सकता है, इन सब बातों की आज बाकायदा ट्रेनिंग दी जाती है. अब्दुल कलाम, रतन टाटा जैसे सफल व्यक्तियों के जीवन से उदाहरण देकर टीम-लीडरशीप का वैसा ही गुण विकसित करने की प्रेरणा दी जाती है। अगर हम अकेले भगवान राम के जीवन चरित का अनुगमन करें तो हमें न तो ऐसी किसी ट्रेनिंग की आवश्यकता होगी, न ही कहीं और से उदाहरण ढूँढने होंगें। राम का व्यक्तित्व इन मायनों में भी सर्वोपरि है कि एक कुशल प्रबंधक, एक टीम-लीडर और सबके लिये सम्मान की उनकी सामूहिक विशेषता का दर्शन हर क्षण होता था। अपने जीवन में जहाँ उन्होंने अपने से छोटों को मान दिया, उन्हें प्रेरित किया, वहीं अपने सहयोगियों के साथ समादर और गुरुजनों तथा वरिष्ठों के लिये आदर का भाव रखा। जब लंका विजय हुई तो विजय के उपलक्ष्य में प्रभु ने सब वानर-भालुओं को बुलाया, उनसे प्रेम से बात की और कहा, ये विजय मेरी नहीं है, न ही रावण वध अकेले मेरे बल का परिणाम था बल्कि ये विजय आप सबके बल से प्राप्त हुआ है और आज तीनों लोक आप सबका यशोगान गा रहा है। अपने इन सहयोगियों के प्रति राम ने तब भी आभार प्रकट करते हुए उन्हें विजय का श्रेय दिया था जब वो चौदह वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटे थे, अपने कुल गुरु वशिष्ठ से सबका परिचय कराते हुए राम ने कहा था , गुरुवर ! ये सब मेरे वो मित्र हैं जिन्होनें मेरे लिए अपने प्राणों की बाजी लगा दी, ये सब मुझे भरत से भी अधिक प्रिय हैं। लंकाकाण्ड में आता है कि जब विभीषण के राज्याभिषेक की बात हो रही थी तब राम ने विभीषण के लंका चलने के अनुरोध को ये कहते हुए ठुकरा दिया था कि मैं पिता की आज्ञानुसार चौदह वर्ष पूर्व नगर में नहीं जा सकता पर आपके राज्याभिषेक के लिये मैं अपने समान सब वानरों को भेजता हूँ. राम ने वानरों को अपने समान बताया. राम से अधिक समाजवादी कोई दुनिया के किसी किताब, किसी वृत से, किसी इतिहास ग्रन्थ से निकाल कर दिखा दे। अपने सहयोगियों के प्रति राम मालिक और सेवक का भाव नहीं रखते थे, बल्कि सबके गुणों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते थे. कुछ नीच बुद्धि कहतें हैं कि हनुमान के प्रति राम का व्यवहार मालिक और सेवक का था और चूँकि सेवक ने मालिक का काम किया इसलिये राम ने उनकी प्रशंसा की होगी पर इन निर्बुद्धियों ने ठीक से रामायण नहीं पढ़ी। राम की नजर में हनुमान सेवक नहीं थे, राम ने कई बार हनुमान को अपना पुत्र बताया है. वो हनुमान से कहतें हैं,

**सुन सुत तोहि उरिन मैं नाहीं**

यानि हे पुत्र ! सुन मैं तुझसे उरिन नहीं हो सकता. ये आरोप भी गलत है कि चूँकि हनुमान ने उनका काम किया था। इसलिये राम उनकी प्रशंसा करते थे। किष्किंधा में जब राम और हनुमान की पहली भेंट हुई थी तब राम ने हनुमान के बारे में लक्ष्मण से जो कहा वो स्पष्ट बताता है कि राम हनुमान का कितना आदर करते थे। राम हनुमान के पांडित्य, वातार्लाप की शैली और उनके शब्द और भाव संप्रेषण की कला से अभिभूत थे। चित्रकूट में अपने अनुज भरत को राज्य-संचालन की शिक्षा देते समय राम उनसे कहतें हैं, हमारे पिता के असमय निधन के पश्चात भी अगर अयोध्या बनी रही है तो उसका समस्त श्रेय हमारे गुरुजनों को जाता है, अतः हे भरत ! राज्य का संचालन सदैव गुरुजनों और वशिष्ठजनों के आदेश पर ही करना क्योंकि अगर इनकी कृपा रही तो हमें स्वप्न में भी क्लेश नहीं हो सकता। सुमंत राम के पिता दशरथ के मंत्री थे पर उनके प्रति भी राम का व्यवहार पितातुल्य ही था। राम सुमंत से कहतें हैं,

**तुम्ह पुनि पितु सम अति हित मोरे, बिनती करऊँ तात कर जोरे**

अर्थात हे तात ! आप भी पिता के समान ही मेरे हितैषी हैं इसलिये मैं आपसे हाथ जोड़कर विनती करता हूँ. ऐसा ही सम्मान भाव उनका अपने पिता के मित्रों के प्रति और गुरुओं के लिये भी था। जटायु को उन्होंने अपने पिता तुल्य माना. जब वनवास के बाद अयोध्या लौटे तो अपने गुरु वशिष्ठ के चरणों में प्रणाम करते हुए अपने मित्रों से कहा कि ये हमारे कुल के पूज्य है और इनकी कृपा से ही हमने युद्ध में सब राक्षसों को मारा है. केकेयी के चलते उन्हें वनवास मिला था पर भरत-मिलाप के प्रसंग में कई बार ये आता है कि उन्होंने सबसे यही कहा, मेरी सब माताओं का ख्याल रखना। राम का पावन चरित कार्यक्षेत्र से लेकर घर-परिवार, समाज और राष्ट्रजीवन के लिये मैनेजमेंट की सर्वश्रेष्ठ किताब है. राम-चरित का अनुगमन करेंगे तो अपने आस-पास, अपने घर-परिवार और अपने कार्यक्षेत्र में हो रहे सहज परिवर्तनों को स्वयं महसूस करेंगें। **राम चरित जे सुनत अघाहीं। रस बिसेष जाना तिन्ह नाहीं॥ जीवनमुक्त महामुनि जेऊ। हरि गुन सुनहिं निरंतर तेऊ॥**

भावार्थः-श्री रामजी के चरित्र सुनते-सुनते जो तृप्त हो जाते हैं (बस कर देते हैं), उन्होंने तो उसका विशेष रस जाना ही नहीं। जो जीवन्मुक्त महामुनि हैं, वे भी भगवान के गुण निरंतर सुनते रहते हैं॥ राम से बड़ा राम का नाम। जय श्री राम, जय सियराम।

## खास बात

### बरवै रामायण

बरवै रामायण को जानें
लेखक गोस्वामी तुलसीदास
टिप्पणी 'बरवै रामायण' रचना के मुद्रित पाठ में स्फुट 69 बरवै हैं, जो 'कवितावली' की ही भांति सात काण्डों में विभाजित है।

बरवै रामायण गोस्वामी तुलसीदास की प्रसिद्ध रचनाओं में से एक है। इसमें 'बरवै' छन्दों में भगवान श्रीराम की कथा कही गयी है। छन्दों का संग्रह

'बरवै रामायण' रचना के मुद्रित पाठ में स्फुट 69 बरवै हैं, जो 'कवितावली' की ही भांति सात काण्डों में विभाजित है। प्रथम छः काण्डों में रामकथा के छन्द हैं, उत्तरखण्ड में रामभक्ति के छन्द हैं। यह रचना बहुत स्फुट ढंग पर निर्मित हुई है, या यों कहना चाहिए कि इसमें बहुत स्फुट ढंग पर रचे हुए रामकथा तथा रामभक्ति सम्बन्धी बरवा छन्दों का संग्रह हुआ है।

वर्णन

'किष्किन्धाकाण्ड' में सुग्रीव का राम से प्रश्न है,

कुजन पाल गुन वर्जित अकुल अनाथ,कहहु कृपानिधि राउर कर गुन नाथ॥

किंतु यहीं पर 'किष्किन्धाकाण्ड' समाप्त हो जाता है। 'लंकाकाण्ड' में राम की जलधि सदृश राम की वाहिनी का एक छन्द में वर्णन किया गया है और यही एक मात्र छन्द लंकाकाण्ड की कथा का है। उत्तराकाण्ड की कथा का एक भी छन्द नहीं है।

क्षेपक और खिल भाग

'बरवा' की ऐसी प्रतियाँ भी इसमें मिलती हैं, जिनमें कथा विस्तार के साथ कही गयी है। कुछ ऐसी प्रतियाँ भी मिलती हैं, जिनमें रामकथा है ही नहीं, केवल रामभक्ति सम्बन्धी बरवै हैं। ऐसी दशा में इस रचना के पाठ की स्थिति अत्यंत अनिश्चित हो जाती है। इतनी अधिक अनिश्चित स्थिति तुलसीदास की रचनाओं में से किसी के पाठ का नहीं है। हो सकता है कि दस-बीस स्फुट बरवै किसी समय तुलसीदास के रचे रहे हों, जिन्हें स्वतंत्र रचना का रूप देना उन्होंने आवश्यक न समझा हो। उनके देहांत के बाद उन्हीं इने-गिने बरवै में नवकल्पित बरवै मिलाकर भिन्न-भिन्न व्यक्तियों ने भिन्न-भिन्न बरवा-संग्रह तैयार कर लिये।

काल निर्धारण

इन परिस्थितियों में रचना का काल निर्धारण कठिन है।

# मैं और तू का अभिमान

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**शक्तिबाण** लगने के बाद मेघनाथ ने चाहा कि लक्ष्मण को लंका के दुर्ग में ले जाऊं पर सफल न हो सका। इसके बाद हनुमान ने लक्ष्मण को उठाया और लंका स्थित अपने शिविर में ले आये। सबके लिये बहुत विपति का कारण था। श्रीराम लक्ष्मण की यह दशा देखकर बहुत हुये। उन्होंने कहा लक्ष्मण भाई आपका अगर प्राणांत हो जाएगा तो मेरा अयोध्या जाना मुश्किल है। मैं क्या करूं? यही सोच रहे थे कि विभीषण जी ने यह मंत्रणा दी आग अगर कहें तो सुषेण वैद्य हैं उनका लंका से बुलवाया जाए। वे मेरे मित्र हैं मेरी खबार पाकर वो जायेंगे। उनको लेने के लिये हुनुमान को जाना पड़ेंगा वहीं सक्षम हैं। ये सूक्ष्म रुप से वहां जा सकते हैं जो छिप जायेंगे कोई इनको देख नहीं पायेगा। रामजी ने आज्ञा दे दी और हनुमानजी ने ऐसा ही किया। वे रात्रि में ही सुषेण बैद्य को ले आये। सुषेण बैद्य ने आकर जब लक्ष्मण जी की दशा देखे तो पाया कि ह्दय में बहुत गर्मी है। बाण के प्रभाव से सुबह होते होते गर्मी के प्रभाव से ह्दय काम करना बंद कर देगा। इसके उपचार के लिये हिमालय से बूटी लानी होगी। यह बूटी बेर के रुप में है।

जब शबरी जी ने राम लक्ष्मण को वन गमन के क्रम में मतंग ऋषि के आश्रम में बैर खाने के लिये दिया था तब श्रीराम जी ने प्रेम से बैर ग्रहण किया था और कहा था यह लखन इन बैरो को खाओ ये बड़ें मूल्यवान हैं। तीन लोक में ऐसी कोई वस्तु नहीं है जो इसका मुकाबला कर सके।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

## कार्टून वर्ल्ड

### कैसा विकास?




साभार कॉर्टूनमूवमेंट डॉट काम

## लेटर टू एडिटर

### राम का नाम

**आज** जब कुछ स्वघोषित बुद्धिवादियों द्वारा श्रीराम चरित्र से जुड़े ग्रंथों पर कुतार्किक प्रहार किया जा रहा है। ऐसे में यह अत्यंत आवश्यक हो गया है कि हम उनके महान आदर्शों को धूमिल नहीं होने दें। बल्कि समर्पण एवं निष्ठा के साथ कुटिल आक्षेपों का निराकरण करते हुए, तथ्यों की वास्तविकता को जनसमुदाय के समक्ष स्पष्टतापूर्वक रखें। संस्कृति के श्रेष्ठ राम को समझें जानें। **– रामदेव पाण्डेय, रांची**

### कृषि से उम्मीद

**कृषि** क्षेत्र की विकास दर बढ़ाने में रबी फसलों की पैदावार, खासतौर से गेहूं की भारी पैदावार ने प्रभावी भूमिका निभाई है। पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में कृषि क्षेत्र की वृद्धि तीन फीसद ही थी। इस वर्ष कृषि विकास दर में वृद्धि के साथ कृषि निर्यात की बढ़ने की भी संभावनाएं प्रबल हुई हैं। कोरोना के संकट में कृषि क्षेत्र ने देश में अनाज की कमी नहीं होने दी। **–विवेक, हजारीबाग**

**अखण्ड** भारत के निमार्ता व मानवता के प्रतिबिम्ब एवं विश्व प्रसिद्ध सम्राट एवं शक्तिशाली मौर्य साम्राज्य के नायक महान चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती पर उन्हें शत शत नमन।
**–सम्राट चौधरी,**
**भाजपा अध्यक्ष बिहार**

## रोचक ट्वीट

**चैत्र** नवरात्रि के पावन अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। मां सभी को स्वस्थ जीवन और समृद्धि प्रदान करें, यही कामना करता हूं।
**–हेमंत सोरेन, सीएम**





**मां भगवती** ही सम्पूर्ण जगत की रचनाकार व सर्वोच्च सत्ता हैं।प्रकृति के अप्रतिम सौंदर्य और सम्पूर्ण जगत की मानस चेतना के रूप में सर्वत्र माँ पराम्बा ही अभिव्यक्त हैं। प्रस्फुटित प्रज्ञा व दिव्यता ही उपासना का फलादेश है। **–अवधेशानंद गिरी**

# रामनवमी को जनमे छपरा के संत शिरोमणि श्री परमहंस दयाल

**प्राची**

**श्री स्वामी** अद्वैतानन्द जी (श्री राम याद पुरी) जी अपनी करुणा दया एवं उदारता के गुणों के कारण श्री परमहंस दयाल जी के नाम से जाने जाते हैं। श्री परमहंस दयाल, श्री श्री 108 स्वामी अद्वैतानन्द जी महाराज के, जिनका जन्म बिहार प्रांत के छपरा नगरस्थित दहियावाँ (ब्राह्मण टोली) में चैत्र श्री रामनवमी, सन् 1846 ई० को हुआ था।

रामनवमी दिन को जन्म लेने के कारण आपका नाम भी रामयाद रखा गया। धन्य हुई छपरा की पावन भूमि और पंडित श्री ख्यालीराम जी पाठक का कुल। श्री परमहंस दयाल जी जैसे सत्पुरुष ने अवतरित होकर यह बता दिया कि जन्म-मृत्यु के बंध का उच्छेदन कोई असम्भव कार्य नहीं है।

छपरा में संकल्पित होकर वह आध्यात्मिक अनुष्ठान बक्सर से प्रारम्भ हुआ और उसकी पूणार्हुति हुई रोहतास में। उस परम पुरुष ने सभी धर्मों को अपने में समाहितकर, सभी सम्प्रदायों को पचाकर, अनेक साधना-पद्धतियों के गूढ़ रहस्य को समझकर, वेदान्त दर्शन की भूमिका में स्थित होकर यह उद्घोष किया-

हमको द्वैत दृष्टि नहिं भाती।
जहँ देखो तहँ वही आतमा पिता पुत्र औ नाती। ब्राह्मण वैश्य शूद सब एही, नाममात्र बिलगाती ।।
यही देवता, यही देवालय, पुष्प धूप अरु वाती। पूजनवाली यही आतमा, यह ही आप पुजाती।।
अण्डज पिण्डज स्वेदज उद्भिज, सकलो एही जाती। कारण यही काज भी एही, यह सबको उकसाती।। रामयादह्न विचार निर्भय हो, कासे करूँ संघाती। सच्चिदानन्द प्रकाश हुआ तब, सबहीं भरम नसाती।।

-नौ वर्षों की साधना में नौ द्वारों को बन्दकर वे आत्मानन्द में प्रतिष्ठित हो गए। सच्चिदानन्द के प्रकाश से उनका मन-मानस प्रोद्भासित हो गया।

समस्त संसार के उत्तम चरित्र और साधना-तपस्या के लक्ष्य उनमें समाहित हो गए। न शिष्य न समाधि और न मठ बनवाने का कोई ख्याल रहा। बस, एक परमात्मा का नाम लेना और सन्मार्ग का उपदेश करना सिर्फ उद्देश्य रह गया।

सचमुच ज्ञान-उपदेश का जो विशाल ध्वज वे अपने सुयोग्य ज्ञानवाहक स्वनामधन्य सद्गुरुदेव स्वामी स्वरूपानन्द जी महाराज के हाथों थमा गए उसके साये में आज विश्व के लाखों नर-नारी ज्ञानलाभ कर रहे हैं।जबसे हमने भेष धारण किया है, हमारा यही ख्याल रहा है कि किसी को न चेला बनायेंगे और न किसी प्रकार की यादगार कायम करेंगे। न समाधि और मठ बनाने का ही ख्याल है।

परमात्मा के नाम-उपदेश की जो खिदमत हमें सुपुर्द हुई। है वह पूरी तरह से निभ जाय, यही पर्याप्त है। और बातें पसन्द नहीं। इसी वजह से आजतक हमने किसी को अपना नाम तक नहीं बताया।

दरअसल जब अवधूत हो गए तो नाम और गाँव कैसा? बल्कि यह भी एक तरह का अहंकार ही है कि हमारा यह नाम है और हम प्रसिद्ध होकर पूजे जायें अथवा हमारे हालात लोगों पर रौशन हों।

श्री पाठक जी छपरा के सर्वमान्य प्रतिष्ठित ब्राह्मण थे। उनका पेशा पुरोहिताई था। आस-पास के अनेक सम्भ्रांत परिवार उनके शिष्य थे। उनके पुत्र श्री तुलसीराम जी पाठक भी संस्कृतज्ञ थे जिन्हें श्री परमहंस दयाल जी के पिताहोने का गौरव प्राप्त हुआ। माता जी भी आदर्श पतिव्रता नारी थीं। वे श्री पाठक जी की बड़ी आज्ञाकारी थीं।

श्री पाठक जी को ब्रह्मविद्या की प्राप्ति केदारघाट काशी के एक महापुरुष श्री परमहंस जी द्वारा हुई थी। आप केवल गिने-चुने शिष्यों को ही इस अंदरूनी मार्ग का उपदेश दिया करते थे।

श्री परमहंस दयाल जी का कथन है कि उन सज्जन पुरुषों के वातार्लाप व सत्संगति से उन्हें बहुत लाभ मिलता था।

-समय पर उनमें अलौकिक शक्तियों का प्रस्फुरण स्वतः होता रहता है। उन शक्तियों का स्रोत उनकी पूर्वजन्म की तपस्या और आध्यात्मिक साधनायें होती है।

# गुरु वशिष्ठ ने भगवान राम को जीवन मन्त्र दिया



**बृजमोहन ओझा**

भगवान राम ने दुखों का प्रबंधन कैसे किया। मानस का संकीर्तन करके ही जाना जा सकता है दूसरा कोई मार्ग नहीं है।

16 वर्ष की आयु में भगवान श्री राम जब सभी तीर्थ घूम कर वापस अयोध्या आए तब वे सभी प्रश्न, जैसे मृत्यु क्यों होती है, इतने दुःख क्यों हैं, चारों तरफ लोग अशांत क्यों हैं, मैं स्वयं अशांत क्यों हूं वे सभी प्रश्न जो प्राकृतिक रूप से सभी के समक्ष आते हैं, वे आए । भगवान राम उदास रहने लगे और महल में रहते हुए भी एक कमरे में हीं सीमित हो गए। उनकी यह दशा देख कर महाराज दशरथ ने गुरु वशिष्ठ को उनके प्रश्नों के निवारण के लिए आमंत्रित किया और फिर वशिष्ठ ने दरबार में हीं भगवान श्री राम को सम्बोधित करते हुए, उनके प्रश्नों का जवाब दिया । सभा शुरू होती श्री राम के प्रश्न के साथ जिसका उत्तर गुरु वशिष्ठ विभिन्न उदाहरणों और कथाओं के माध्यम से देते थे । और शाम को सभा विसर्जित हो जाती थी । इस प्रकार कई प्रवचनों की शृंखला के बाद प्रभु श्री राम को समस्त प्रश्नों के उत्तर प्राप्त हुए । जैसा कि अष्टावक्र ने भी कहा है, यदि पीड़ा सघन हो, प्यास गहन हो, तब श्रवणमात्रेण यानी सुनने मात्र से भी भीतर शून्य का उदय हो जाता है, प्रभु श्री राम के गहन जिज्ञासा और निष्ठा से वे सुनने मात्र से ज्ञान को उपलब्ध हुए ।

## पर्व

फिर एक बार यह साक्षात्कार होने के बाद दुःख आते हैं पर भीतर कहीं कुछ अप्रभावित रहता है, कोई विचलन नहीं होता, व्यक्ति केंद्रस्थ हो जाता है।इसके बाद भगवान श्री राम ने जैसी जो परिस्थिति हुई वैसा कार्य किया पर भीतर शून्यवत हीं रहे ।इस उत्तर में तथ्यात्मक गलतियाँ हो सकती हैं, जैसे उम्र कोई निश्चित नहीं कि 16 वर्ष हीं रही हो, जिसे सुधार जा सकता है, प्रभु श्री राम के अंतः करण के विषय में यह उत्तर बिल्कुल सटीक है।रामचरितमानस 'चरित' की दृष्टि से यह रचना पर्याप्त सफल हुई है। इसमें राम के जीवन की समस्त घटनाएँ आवश्यक विस्तार के साथ एक पूवार्कार की कथाओं से लेकर राम के राज्य-वर्णन तक कवि ने कोई भी प्रासंगिक कथा रचना में नहीं आने दी है। इस सम्बन्ध में यदि वाल्मीकीय तथा अन्य अधिकतर राम-कथा ग्रन्थों से 'रामचरितमानस' की तुलना की जाय तो तुलसीदास की विशेषता प्रमाणित होगी। अन्य रामकथा ग्रन्थों में बीच-बीच में कुछ प्रासंगिक कथाएं देखकर अनेक क्षेपककारों ने 'रामचरितमानस' में प्रक्षिप्त प्रसंग रखे और कथाएँ मिलायीं, किन्तु राम-कथा के पाठकों ने उन्हें स्वीकार नहीं किया और वे रचना को मूल रूप में ही पढ़ते और उसका पारायण करते हैं। चरित-काव्यों की एक बड़ी विशेषता उनकी सहज और प्रयासहीन शैली मानी गयी है, और इस दृष्टि से 'मानस' एक अत्यन्त सफल चरित है। रचना भर में तुलसीदास ने कहीं भी अपना काव्य कौशल, अपना पाण्डित्य, अपनी बहुज्ञता आदि के प्रदर्शन का कोई प्रयास नहीं किया है। सर्वत्र वे अपने वर्ण्य विषय में इतने तन्मय रहे हैं कि उन्हें अपना ध्यान नहीं रहा। रचना को पढ़कर ऐसा लगता है कि राम के चरित ने ही उन्हें वह वाणी प्रदान की है, जिसके द्वारा वे सुन्दर कृति का निर्माण कर सके।

'काव्य' की दृष्टि से 'रामचरितमानस' एक अति उत्कृष्ट महाकाव्य है। भारतीय साहित्य-शास्त्र में 'महाकाव्य' के जितने लक्षण दिये गये हैं, वे उसमें पूर्ण रूप से पाये जाते हैं। भारतीय संस्कृति और राम को विलग नहीं किया जा सकता है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### शिक्षिकों व लेखपाल का तबादला




**रामगढ़।** रामगढ़ जिला के चार कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की पूर्णकालिक शिक्षिकाओं एवं लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटरों का रामगढ़ उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला कार्यकारिणी समिति से प्राप्त सहमति के आलोक में स्थांतरण किया गया। जिनमें से गोला कस्तूरबा के वार्डन पूर्णकालिक शारीरिक शिक्षिका पुष्पा कुमारी का पतरातू कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ट्रांसफर किया गया । रामगढ़ वार्डेन रेणु जायसवाल का मांडू, पतरातू वार्डेन प्रकाशवती कुमारी का मांडू और मांडू वार्डेन अल्पना का रामगढ़ स्थानांतरण किया गया। सभी से 01 अप्रैल तक विद्यालय योगदान देने को कहा गया है।

### बजरंग दल ने निकाला मंगला जुलूस



**मांडू।** मांडूडीह प्राचीन शिव मंदिर स्थल से मंगलवार रात 8:00 बजे बजरंग बली के झंडे तले बजरंग दल द्वारा मंगला जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में ध्वनि साउंड डीजे लगाकर राम भक्त हनुमान का एक से बढ़कर एक भक्ति गीत बजाते गाते जय श्री राम का नारा लगाते हुए नाचते झूमते नवयुवक और गणमान्य व्यक्ति पूरे मांडू चट्टी होते हुए पुनः प्राचीन शिव मंदिर पहुंचे । इस मंगला जुलूस में बजरंगबली के विशाल झंडे और ध्वनि सॉन्ग डीजे भक्ति गीतों से लग रहा था पूरा मांडूडीह और चट्टी भक्तिमय हो गया। मंगला जुलूस में नागेंद्र कुमार, दीपक कुमार, मनोज शाह, अरुण , नंदकिशोर प्रसाद, विशाल यादव ,दिलीप यादव ,विनोद कुमार, मनोहर प्रसाद, संजय साहू ,महेश्वर प्रसाद सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

### रामनवमी को ले पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**रामगढ़।** पुलिस रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने को लेकर कटिबद्ध है। उसी के तहत बुधवार को पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च किया। इस संबंध में पुलिस की ओर से बताया गया कि गुरूवार को रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा। उसी को ध्यान में रखकर फ्लैग मार्च निकाला गया है। कहा कि हम विभिन्न पूजा समितियों से अपील करते हैं कि रामनवमी का जुलूस शांतिपूर्ण और भाईचारगी के माहौल में निकालें। साथ ही जुलूस शांतिपूर्ण समय पर निर्धारित मार्गों से निकले इसका भी ख्याल रखें।

### महिला के गले से चेन झपटा

**हजारीबाग।** लाखे में बुधवार को अपराह्न 2.00 बजे बाइक सवार दो उच्चके स्व प्रोफेसर भूपाल उपाध्याय की तीसरी बेटी रंजना पांडेय (60) पति बैजनाथ पांडेय से सोने की चेन झपट कर ले उड़े। युवा काले रंग की बाइक पर सवार थे। पीडिता ने बताया कि वह राणा अपार्टमेंट स्थित फ्लैट से अपने मायके की ओर आ रहीं थीं। पति की बीमारी के कारण वे लोग हाल में बोकारो स्टील सिटी से हजारीबाग शिफ्ट हुए हैं। अचानक पीछे से बाइक सवार युवा ने झपटा मारा। इससे उनकी गर्दन में जोर से चोट भी लगी है। हड़बड़ी में उच्चकों ने बाल भी कसकर खींचा। चेन झपटने के क्रम में टूट गयी। उचक्के जितिया की माला और लॉकेट भी ले भागे।

### डॉ प्रवीण उरांव का निधन पर शोक



**भदानीनगर (रामगढ़)।** राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा, भारत के धर्म गुरु सह झारखंड आंदोलनकारी ड.प्रवीण उरांव का दिल का द्वौरा पड़ने से निधन हो गया। इससे कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित झारखंड में ही नहीं बल्कि पूरे भारत देश में शोक की लहर है। मालूम हो कि ड.प्रवीण उरांव सरना आदिवासी समाज को जगाने व उनके उत्थान के दिन-रात काम करते रहें। उनका समय से पहले चले जाना आदिवासी समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। जिसका भरपाई करना मुश्किल है। इस घटना से झारखंड समेत पूरे भारत के आदिवासी में शोक की लहर है। दु:ख की इस घड़ी में भदानीनगर, बासल सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के दर्जनों सरना आदिवासी समाज के लोग रांची स्थित स्व.डॉ प्रवीण उरांव के आवास पहुंच शोक संवेदना प्रकट की। शोक व्यक्त करने वालो में सरना समिति के प्रदेश महासचिव सह कुरसे मुखिया संदीप उरांव, पार्वती उरांव, सुशीला उरांव, बिरसी उरांव, कांति किस्पोट्टा, प्रिंस बेदिया, बिना पहनाइन, भरत लिंडा, सुनील मुंडा, विकाश कच्छप, सुभाष उरांव सहित दर्जनों लोग शामिल हैं।

### मैट्रिक की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** डोमन महतो जय मां पंबहिनी पब्लिक स्कूल गेगदा परीक्षा केंद्र में जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा 2023 बुधवार को शांतिपूर्व माहौल में संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि विगत वर्ष की भांति इस बार भी जैक मैट्रिक की परीक्षा को ले डोमन महतो जय मां पंबहिनी पब्लिक स्कूल गेगदा को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। जिसमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय पाली के कुल 98 विद्यार्थियों ने यहां बेहतर माहौल में परीक्षा दिया। इसका केंद्र कोड 27049 एवं रोल कोड 27076 यूएचएस पाली था। केंद्र में परीक्षा के सफल संचालन के लिए स्थायी दण्डाधिकारी के रूप में प्रवीण कुमार पतरातू एवं पुलिस पदाधिकारी के रूप में बासल थाना के एएसआई विजय लकड़ा प्रतिनियुक्त किये गये थे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए अधिकारियों एवं वीक्षकों के प्रति विद्यालय के सचिव डोमन महतो, केन्द्राधीक्षक सुकरा महली एवं सहायक केन्द्राधीक्षक बीरेन्द्र कुमार प्रसाद ने आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया।

# मनमानी पर उतरे निजी स्कूल

## ड्रेस और किताबों के नाम पर कमीशनखोरी का खेल जारी

**अभय कुमार सिंह**

**हजारीबाग।** जिले के निजी स्कूल पूरी तरह मनमानी पर उतर आए हैं। मनमाने ढंग से फीस निर्धारित करने वाले निजी स्कूल संचालकों ने नया सत्र प्रारंभ होते ही ड्रेस, जूता, मोजा के साथ ही किताबें और पाठ्यक्रम के नाम पर कमीशनखोरी का खेल जारी कर दिया है। बेहतर शिक्षा के के नाम पर अभिभावकों को लूटा जा रहा है। स्कूल संचालकों ने कहीं कापी-किताबों और ड्रेस के लिए दुकानों से सेटिंग कर रखी है तो कहीं खुद स्कूल से बांट रहे हैं। फीस बढ़ाकर तो जेब भरी ही जा रही है, कापी-किताब और ड्रेस से भी मोटी कमाई की जा रही है। इन स्कूल संचालकों पर जिला प्रशासन का किसी तरह का कोई अंकुश नहीं है। निजी स्कूलों में अच्छी शिक्षा और व्यवस्था का लालीपॉप देकर अभिभावकों को ठगा जा रहा है। फीस निर्धारण में मनमानी करने वाले स्कूल संचालकों ने चालू सत्र में फीस में इजाफा कर

**जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग मौन, कार्रवाई कौन करेगा**

दिया है। स्कूलों में फीस के साथ किताबों के दामों में बढ़ोत्तरी से अभिभावक परेशान हैं। अभिभावक कर्ज लेकर बच्चों का दाखिला करवा रहे हैं। प्राइवेट स्कूलों द्वारा फीस के नाम पर किए जाने वाली मनमानी के खिलाफ शिक्षा विभाग भी मौन है। प्राइवेट स्कूल संचालकों से कोई यह पूछने वाला नहीं कि आखिर किस वजह से इतनी भारी भरकम एडमीशन के नाम वसूली जा रही है।

### क्या कहते हैं अभिभावक

अभिभावक संजीत पासवान ने कहा कि ड्रेस के नाम पर कमीशनखोरी की जा रही है। स्कूल वाले दुकानदार से सेट कर ले रहे या फिर वह स्वयं दुकान खोल दिए हैं। वहीं लाल समीर पांडेय ने कहा कि ड्रेस, किताब और




कॉपी के दाम में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। हर साल किताबों में बदलाव किये जाने से इसकी अलग महंगाई की मार झेलनी पड़ती है। आशीष शंकर ने कहा कि नामी गिरामी निजी स्कूलों में मनमानी हो रही है। एडमिशन फीस के साथ ही कॉपी किताब के नाम पर अभिभावकों से अधिक पैसे वसूल किए जा रहे हैं। अरविंद सिंह ने कहा कि जो ड्रेस 400 से लेकर 500 तक मिलने चाहिए, वह आज 1200 से ऊपर चले गए हैं। ड्रेस व किताब के नाम पर अभिभावकों को लूटा जा रहा है।

# जय श्रीराम से गूंजी बरही

**मंगला जुलूस में पूर्व विधायक मनोज यादव ने गद्दा उठाकर रामभक्तों का बढ़ाया उत्साह**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** रामनवमी पर्व को सनातनियों ने असीम उत्साह के साथ बरही समेत अन्य क्षेत्रों के लोगों में खुशी का माहौल है।सभी स्थान पर भगवा झंडा लहरा रहा है।राजनेताओं द्वारा भी भागीदारी देकर पर्व में उत्साह व नई ऊर्जा देने का काम किया जा रहा है। अंतिम मंगला जुलूस कार्यक्रम विभिन्न अखाड़ा समितियों के द्वारा लाठी समेत पारंपरिक अस्त्र से रामभक्तों ने अपना-अपना करतब का प्रदर्शन किया।

अंतिम मंगला जुलूस में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव भी पहुंचकर और डंडा उठाकर लोगों का उत्साह बढ़ाया। कमेटियों द्वारा बनने वाली झांकियों की भी तैयारी जोरो पर चल रही है।

इस अवसर पर जुलूस में शामिल भक्तगण महावीरी झंडे लिये जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। रामभक्त भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। इस दौरान जय श्री राम, जय हनुमान व राम जी की निकली सवारी समेत



अन्य भक्ति गीत व नारे से पूरा शहर झूम उठा। रामभक्तों ने केसरिया गमछा बांध कर हाथों में झंडा व पारंपारिक हथियार लेकर शहर का भ्रमण किया। अखाड़ों में भगवती मंदिर अखाड़ा धनबाद रोड, श्रीराम अखाड़ा बाराटांड, हनुमान सेना बरही हजारीबाग रोड, बजरंग अखाड़ा गया रोड, अंजनी अखाड़ा पटना रोड, महावीर मंडल धनबाद रोड शामिल थे।

इसके अलावे रसोइया धमना, करियातपुर, बरसोत, गौरियाकरमा में भी मंगला जुलूस शांतिपूर्वक निकाला गया। मंगला जुलूस में एसडीओ पूनम कुजुर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, जीप उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष रमेश ठाकुर, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, पुनि सह थाना प्रभारी ललित कुमार, कोबरा 203 के इंस्पेक्टर पंकज कुमार, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, रितेश गुप्ता, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, प्रमोद विश्वकर्मा, संतोष निषाद, सचिन यादव, आकाश कुमार राज, रंजीत केशरी, राजकुमार यादव, पम्पम, सुंदरी निषाद, कार्तिक भगत समेत सैकड़ों रामभक्त शामिल थे।

### हुहुआ में हनुमान प्राण प्रतिष्ठा को कलश यात्रा



**रामगढ़।** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के हुहुआ के ऊपर टोला में आयोजित श्री श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा दो दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिन कलश यात्रा, मंडप प्रवेश, वेदी पूजन, नगर भ्रमण हुआ। कलश यात्रा का जत्था मंदिर से बड़की नदी तक गया। पुजारियों ने पूजा अर्चना कर एवं कलश में जल भरकर पुनः मंदिर की ओर प्रस्थान किए और कलश स्थापित किया। विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो,वार्ड पार्षद रोशन कुमार, समाजसेवी राजेंद्र महतो उपस्थित हुए। सुनीता चौधरी ने कहा कि सिर पर कलश रखने वाले श्रद्धालुओं की आत्मा पवित्र व निर्मल होती है। ऐसे भक्तों पर भगवान की विशेष कृपा होती है। कलश यात्रा में तीनों देव ब्रम्हा,विष्णु व महेश के साथ-साथ 33 कोटि देवी देवता स्वयं कलश में विराजमान होते हैं। वहीं कलश को धारण करने वाले जहां से भी ग्राम का भ्रमण करता है वहीं की धरा स्वयं सिद्व होती जाती है। जो अपने सिर पर कलश धारण करता है उसकी आत्मा को ईश्वर पवित्र और निर्मल करते हुए अपनी शरण में ले लेते हैं। जिनके तमाम रोग दोष विकारों का भगवान हरण कर देते है।

### रामनवमी को लेकर श्री महावीर मंडल ने की बैठक

**कुजू।** रामनवमी मनाने को लेकर श्री श्री महावीर मंडल कुजू बस्ती की बैठक छठ तालाब के पास किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष नरेश प्रसाद ने किया। बैठक में रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने व शांतिपूर्ण तरीके से झांकी तथा जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूजा कैसे शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इस पर जोर दिया गया। बाद में सभी लोगों ने पूजा के सफलता का लेकर अपने-अपने अनुसार राशि प्रदान किया। मौके पर अध्यक्ष नरेश प्रसाद, उपाध्यक्ष श्रवण कुमार, आनंद शर्मा, अमित साहू, सचिव शुभम साहू, सह सचिव अभिषेक कुमार, विनोद साहू उर्फ नागराज, विक्की ठाकुर, सागर ठाकुर के अलावे पंडित यमुना पांडेय, अरविंद साहू, रतन प्रसाद साहू, मनीष कुमार, संजय मंडल, अमित केशरी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# व्यवसायियों के समस्याओं का समाधान ही हमारा लक्ष्य होगा : विमल बुधिया

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव सत्र 2023-25 को ले विमल बुधिया की टीम की ओर से सशक्त दावेदारी पेश की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार की रात्रि बुधिया की टीम ने मतकमा चौक फोरलेन स्थित हवेली रेस्टोरेंट सभागार में व्यवसायियों के साथ बैठक की। इसमें मुख्य रूप से विमल बुधिया, अमित कुमार सिन्हा, मनोज कुमार मंडल, अमरेश कुमार सिंह, अखिलेश शर्मा, मनोज कुमार, अरुण कुमार राय, जितेंद्र अग्रवाल उर्फ जीतू, जितेंद्र प्रसाद उर्फ डब्लू, जितेंद्र सिंह पवार, नंदकिशोर गुप्ता उर्फ नंदू बाबू, नीरज सिंह, गुरुद्वारा की प्रधान जानू कालरा, छावनी परिषद रामगढ़ की नामित सदस्य कीर्ति गौरव, निलेश



कुमार गुप्ता, रविशंकर चौरसिया, विजय कुमार मेवाड़, विकास सेठी, विनोद कुमार पंकज आदि उपस्थित थे। विमल बुधिया ने व्यवसायियों को विश्वास दिलाते हुए कहा रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज से जुड़े सभी भाइयों को भयमुक्त माहौल देना हमारी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि इस बार बदलाव जरूरी है। हमारी टीम की जीत हुई तो व्यवसायियों के समस्याओं का समाधान ही हमारा लक्ष्य होगा। श्री बुधिया ने कहा कि इस बार पूर्ववर्ती टीम को बदला नहीं गया तो समस्या का समाधान सिर्फ कागज के पोस्टरों में ही दिखेगा जो सालों से दिखता रहा है। जमीनी हकीकत ज्यों का त्यों रहेगा। मौके पर दिनेश राजगढ़िया, विजयंत कुमार, अशोक सिन्हा, गिरधारी गोप, राकेश सिंह, अशोक सोनी सहित दर्जनों व्यवसायी मौजूद थे।

# नवीन जिंदल को मिला लाइफटाइम एचीवमेंट अवार्ड

बासल (रामगढ़)। कुरुक्षेत्र के पूर्व सांसद, समर्पित समाजसेवी, जाने-माने उद्योगपति, शिक्षाविद् और निशानेबाजी व पोलो के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नवीन जिंदल को यूनिवर्सिटी अफ टेक्सास एट डेलास (यूटीडी) ने लाइफटाइम एचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया है। श्री जिन्दल यूनिवर्सिटी के इतिहास में दूसरे व्यक्ति हैं, जिन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ है। इनसे पहले अमेरिकी-तुर्की जैव वैज्ञानिक अजीज सैंकर को यह सम्मान प्रदान किया गया है, जिन्होंने 1977 में इस यूनिवर्सिटी से पीएचडी की डिग्री प्राप्त की थी। उन्हें 2015 में रसायन शास्त्र का नोबल पुरस्कार मिला है। वे डीएनए रिपेयर, सेल साइकल चेकप्वाइंट्स और सर्काडियन क्लक के विशेषज्ञ हैं। बुधवार को प्रेस बयान बयान जारी कर बताया गया है कि नवीन जिन्दल को सफल उद्योगपति, राजनेता और शिक्षा के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया



है। श्री जिन्दल ने 1992 में यूनिवर्सिटी अफ टेक्सास एट डेलास से प्रबंधन में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की थी। उन्हें एक खास आयोजन में 25 मार्च 2023 को सम्मानित किया गया। यूनिवर्सिटी अफ टेक्सास एट डेलास में नवीन जिन्दल का छात्र जीवन उपलब्धियों से भरा रहा। वे स्टुडेंट गवर्नमेंट के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, दोनों रहे और उन्हें वर्ष के छात्र नेता का सम्मान भी प्रदान किया गया। उन्हें 2010 में विश्वविद्यालय के खास पूर्व छात्र का भी सम्मान प्रदान किया गया। यही वह स्थान है, जहां श्री जिन्दल को भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा से इतना प्यार हुआ कि वे प्रतिदिन ध्वज फहराने और राष्ट्रीय ध्वज के माध्यम से देशप्रेम प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित हुए। भारत आकर उन्होंने 10 साल

**यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास एट डेलास ने भारतीय उद्योगपति को किया सम्मानित**

कानूनी जंग लड़ी, जिसके परिणामस्वरूप 23 जनवरी 2004 को सुप्रीम कोर्ट ने देशवासियों को पूरे सम्मान के साथ तिरंगा फहराने का अधिकार दिया। अपने छात्र श्री नवीन जिन्दल की अनेक क्षेत्रों में सफलता से गर्वान्वित यूनिवर्सिटी अफ टेक्सास एट डेलास ने 2011 में प्रबंधन संस्थान का नाम नवीन जिन्दल इंस्टीट्यूट अफ मैनेजमेंट करके एक बड़ा सम्मान दिया। लाइफटाइम एचीवमेंट अवार्ड पूर्व छात्रों के लिए यूनिवर्सिटी अफ टेक्सास एट डेलास का सर्वोच्च सम्मान है। यह सम्मान उन्हें प्रदान किया जाता है जिन्होंने सामाजिक परिवर्तन लाने एवं यूनिवर्सिटी के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो और जीवन की ऊंचाइयों को छूने के लिए लोगों की प्रेरणा का स्त्रोत बन गया हो।

## एक नजर में

### स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठायें : विधायक



बिष्णुगढ़। प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने किया। शिविर में 20 स्टाल के माध्यम से लगभग 678 मरीज एवं लाभुकों के बीच स्वास्थ्य सेवा का लाभ दिया गया। जिसमें आयुष्मान भारत योजना , मलेरिया , टीकाकरण, कुष्ठ रोग , बीपी, शुगर ,टेलीकंसलटेंसी , परिवार कल्याण, टीबी रोगी, जेनरल मरीज सहित अन्य लोगों का जांच और उपचार किया गया। पटेल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समय पर जांच करा कर अपना स्वास्थ का ख्याल रखना चाहिए। झारखंड सरकार द्वारा सभी स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई है,जिसे लोगों को इसका अधिक से अधिक लाभ लेना चाहिए। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन चिकित्सा पदाधिकारी डा.अरुण कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी, प्रमुख जेबुन्निसा, मध्य जिला परिषद शेख तैयब, बीटीटी, सहिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### करियातपुर में खुला ब्यूटी पार्लर व बीसी प्वाइंट



**बरही।** प्रखंड अंतर्गत करियातपुर साहू मार्केट में धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद एवं ममता देवी ने विधिवत रूप से एक शिक्षण संस्थान, ब्यूटी पार्लर एवं बीसी पॉइंट का फीता काटकर उद्घाटन किया। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा शिक्षा मनुष्य के लिए आवश्यक है।भविष्य में तकनीकी शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान रहेगा।द गाइड इंस्टिट्यूट साहू मार्केट में खुल जाने शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। और यहां पर इस शिक्षण संस्थान में अच्छी शिक्षा मिल पाएगी। शिक्षण संस्थान के संचालक अंकित कुमार ने कहा कि यहां इंस्टिट्यूट खुल जाने से यहां स्थानीय बच्चों को लिए वरदान साबित होगा।जिसमें कम खर्च में अच्छी एवं अच्छी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दी जाएगी। ममता देवी ने कहा कि ब्यूटी पार्लर खुल जाने से यहां की महिलाओं एवं बच्चियों को काफी सुविधाएं होगी तथा कम दाम में अच्छी क्वालिटी की सौंदर्य प्रसाधन उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही लड़कियों को ब्यूटीशियन की शिक्षा प्राप्त हो सकेगी। मौके पर प्रकाश साव, विकाश यादव, अजय कुमार, तिलक महतो, ब्रह्मदेव यादव, जागेश्वर साव, मनोज कुशवाहा, मनोज केसरी, कृष्णा कुमार, विकास यादव, महेंद्र प्रसाद, राजेश शर्मा, रवि कुमार, अंकित कुमार, संतोष कुमार, समीर अंसारी, विक्की कुमार, सुजीत कुमार,गीता देवी, पूनम देवी, सीमा कुमारी, अंशिका गुप्ता, सहित कई महिला एवं पुरुष शामिल थे।

### ट्रांसफार्मर खराब, अंधेरे में लोग रहने को मजबूर

**टाटीझरिया।** झरपो से टाटीझरिया जाने वाले पथ डहरभंगा पंचायत अंतर्गत घुघुलिया गांव के डुमरिया टांड़ मुहल्ले में ट्रांसफार्मर खराब होने के लोगों को अंधेरे में रहने करने को पड़ रहा हैं। मुहल्ले वासी कमरुद्दीन अंसारी पिता मो. साबिर उद्दीन अंसारी ने कहा कि ट्रांसफार्मर लगभग 10 दिन खराब हुए हो गए । इसकी जानकारी क्षेत्रीय बिजली मिस्त्री संकर को दिए तो वे ट्रांसफार्मर को देख जांच किया तो बोला की ट्रांसफार्मर की क्वाइल जल गया है। इसलिए ट्रांसफार्मर नया लगवाना पड़ेगा। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि बिजली विभाग को इसकी जानकारी देंगे समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उसमान मियां, मो.साबिर उद्दीन अंसारी, सलीम,मोहन साव, मो.इसाक, डब्लू ,असगर, कलाम,सुलेमान, मंसूर,प्यारी साव, मोइन,मंजूर अंसारी मुहल्ले वासियों ने बिजली विभाग पर नाराजगी जताते हुए कहा कि बिजली ट्रांसफार्मर की समस्याओं का समाधान नहीं तो बिजली बिल की भुगतान समयानुसार नहीं किया जाएगा।

### टाटीझरिया प्रखंड में अष्टमी पूजन संपन्न

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के झरपो भराजों खैरा डूमर धर्मपुर बेडम टाटीझरिया डहरभंगा समेत अन्य पंचायत के विभिन्न गांव दुर्गा मंदिर पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं द्वारा बहुत ही धूमधाम से चैत्र महीना के शुक्ल पक्ष महाअष्टमी दुर्गा पूजन आचार्य पुरोहितों द्वारा उमा गौरी शिवा दुर्गा भद्रा भगवती तथा। कुलदेव्यथ चामुंडा रक्षंतु भक्त सदा ।समेत अन्य मंत्रोउच्चारण कर किया गया। सुहागन स्त्रियों ने अपनी अखंड सौभाग्य पुत्र पुत्री की दीघार्यु समेत अन्य मनोकामनाओं की इच्छापूर्ति हेतु पूजा अर्चना आराधना किया। वही बताते चले कि झरपो दुर्गा मंडप में महाष्टमी पूजा पुरोहित महेंद्र पंडा पुजारी ज्योतिष पंडा,गंगाधर पंडा,चतुर्भुज पाण्डेय,विकास पाण्डेय के मंत्रोच्चारन द्वारा पूजा श्रद्धालुओं भक्तो को करवाया गया। दुर्गा मंडप में पूजा विगत सन 1957 ई. से मंदिर व्यवस्थापक किशुन महतो, सरयू प्रसाद,बालेश्वर महतो के नेतृत्व शांति पूर्ण तरीके से किया जा रहा है।

### ट्रैक्टर मालिक संघ ने सीओ को सौंपा ज्ञापन

केरेडारी। केरेडारी ट्रैक्टर मालिक संघ ने केरेडारी सीओ को लिखित ज्ञापन सौंप कर बालू उठाव को लेकर दिशा निर्देश की मांग किया है । इस संदर्भ में ट्रैक्टर मालिकों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि अपने अपने क्षेत्र के नदियों से बालू का उठाव नही कर रहें हैं जिस कारण पी एम आवास कूप निर्माण पशु शेड चबूतरा नाली समेत केंद और राज्य सरकार द्वारा संचालित बिकास कार्यों में घोर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अंचल अधिकारी द्वारा जब तक बालू उठाव को लेकर जब तक कोई गाइड लाइन जारी नही किया जाता है तब तक बालू उठाव का कार्य बंद रहेगा ज्ञापन सौंपने वालों में अर्जुन कुमार बिरजू कुमार शिव नारायन कुमार समेत दर्जनों ट्रैक्टर मालिकों का नाम शामिल हैं। वहीं ज्ञापन की प्रतिलिपि बीडीओ थाना प्रभारी और स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद को भी सौंपा है।

### रूद्र चंडी महायज्ञ में शामिल हुए संजीव बेदिया

**बड़कागांव।** गांव में धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन सुख, शांति, समृद्धि के साथ-साथ सामाजिक एकता एवं समरसता का परिचायक है। वर्तमान परिस्थिति में लोगों का भागदौड़ भरी जीवन में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजन से ग्रामीण, क्षेत्रवासी एवं सगे संबंधियों के बीच मिलने जुलने का अवसर प्राप्त होती है। उक्त बातें झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने प्रखंड के अंबाजीत गांव में आयोजित श्री श्री 108 रूद्र चंडी महायज्ञ कार्यक्रम में शामिल होते हुए कहीं ।श्री बेदिया महायज्ञ अनुष्ठान में पूजा करते हुए यज्ञ मंडप का परिक्रमा भी किया ।श्री बेदिया ने कहा कि सरकार आती रहेगी जाती रहेगी लेकिन क्षेत्र की जनता के बीच मानवता एवं इंसानियत के तहत आपसी सौहार्द एवं समरसता बनी रहना चाहिए। इस अवसर पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष गोपीनाथ सिंह, सचिव अशोक सिंह, राजकुमार सिंह, दिवाकर शर्मा, मिशन सिंह, राधा कृष्ण सिंह, चिंतामणि साहू, ध्रुव सिंह, रघुनाथ साव, उमा सिंह, श्याम भार्गव, दीपक सिंह, रवि सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

### फॉरेस्टर से डेढ़ लाख रुपए की छिनतई

**हजारीबाग।** सदर थाना क्षेत्र के नया बस स्टैंड के समीप स्थित फॉरेस्ट ऑफिस के सामने से फोरेस्टर वीरेंद्र झा से 1 लाख 32 हजार 847 रुपए की छिनतई हुई है। घटना मंगलवार 28 मई संध्या 4 बजे की बताई गई है। इस संबंध में फॉरेस्टर श्री झा ने सदर थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। आवेदन के अनुसार अन्नदा चौक स्थित केनरा बैंक से 1 लाख 32 हजार 847 रुपए निकालकर फॉरेस्ट ऑफिस जा रहे थे। रविंद्र झा बाइक पर पीछे बैठे थे और आगे उनके साथी अशोक कुमार बाइक चला रहा था। फॉरेस्ट ऑफिस घुसने से पहले जब चालक अशोक कुमार ने बाइक को धीरे किया तो पीछे से छीनतई गिरोह के 2 लोग बाइक पर तेजी से आए और बैग छीनकर चलते बने। भुक्तभोगी ने पुलिस से आरोपी को पकड़कर पैसे बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में मामला दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में लग गई है।

स्पीड न्यूज

## पिठोरिया में महाअष्टमी पूजन में उमड़े भक्त

**पिठोरिया।** दुर्गा मंदिर पिथोरिया में बुधवार को भगवती महागौरी की पूजा पुरोहित धनंजय मणि मिश्रा के द्वारा विधिवत किया गया। पूजन के बाद पुरोहित के द्वारा श्रद्धालुओं को महा अष्टमी पूजन कराया गया। दिन भर पूजन के बाद रात्रि 10.00 बजे सात्विक रूप से भतुआ का संधि बलि पूजा किया गया। दुर्गा मंदिर में दुर्गा सप्तशती का पाठ पंडित अखिलेश पाठक के द्वारा किया जा रहा है। वही प्रत्येक शाम को भगवती की आरती की जाती है। उसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाता है।

## गुमला विधायक भूषण तिर्की को बधाई

**ओरमांझी।** गुमला विधायक भूषण तिर्की द्वारा विधानसभा के शून्यकाल के दौरान मुखिया, उप मुखिया व वार्ड सदस्यों को मानदेय सहित 29 विभागों के अधिकार का मामला उठाए जाने पर ओरमांझी प्रखंड के मुखियाओं द्वारा विधायक भूषण तिर्की का अभार जताते हुए बधाई दी है। इसकी जानकारी देते हुए अखिल झारखंड क्रांतिकारी मुखिया महासंघ के अध्यक्ष सह गगारी पंचायत के मुखिया धनराज बेदिया बताया कि विधायक द्वारा मुखिया का 30 हजार, उपमुखिया को 15 हजार व वार्ड सदस्यों को प्रतिमाह पांच हजार रुपया मानदेय व 29 अधिकारों देने की मांग की गई है। बधाई देने वालों में दीपक बड़ाईक, विरेंद्र मुंडा, रीना देवी, राजलीन लकड़ा, सुफल महली, सुनिल उरांव शामिल थे।

## पुलिस ने नष्ट किया 200 किलो जावा महुआ

**बुढ़मू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मक्का नीचे टोली में अवैध महुआ शराब बनाने वालों के विरुद्ध बुधवार को अभियान चलाया गया। जानकारी के अनुसार बुढ़मू थाना प्रभारी कमलेश राय के नेतृत्व में रामनवमी पुजा के अवसर पर किसी तरह का शराबियों के द्वारा हुड़दंग नहीं हो। इसके लिए अभियान चलाया गया और 200 किलो जावा महुआ नष्ट किया गया। साथ ही शराब विक्रेताओं को सख्त हिदायत देते हुए। शराब बेचते हुए एवं बनाते हुए पकड़े जाने पर पुलिस के द्वारा कड़ी कार्रवाई करने की बात कही।

## ठाकुरगांव महावीर मंडल ने निकाली भव्य झांकी

**बुढ़मू।** रामनवमी की पूर्व संध्या पर ठाकुरगांव महावीर मंडल द्वारा भव्य शोभायात्रा देर रात निकाली गई जिसमें क्षेत्र के दर्जनों अखाड़ों द्वारा भव्य झांकी निकाली गई। इन सभी अखाड़े धारियों को गुरुवार को मंडाटांड स्थित मेला स्थल पर पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में महावीर मंडल के अध्यक्ष सिद्धनाथ महतो, महामंत्री कैलाश वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष कमल मोदी, शाहनंद यादव, पवन ताम्रकार, राजेश कुशवाहा, जयकुमार कुशवाहा, रामा महतो समेत सभी पदाधिकारी व सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

## पीएम आवास निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के मारधान पंचायत क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पूर्ण एवं अधूरे पड़े आवास निर्माण कार्य का निरिक्षण कंसलटेंट ग्रामीण विकास मंत्रालय अभिषेक कोमलए प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो द्वारा किया गया।

# लात मारी और हो गई युवक की मौत, आरोपी को भेजा गया जेल

### रात भर शव के साथ सोया रहा आरोपी, सुबह मिली मौत की जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** मामूली विवाद में हुई मारपीट में लात मारने से एक खटाल कर्मी युवक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान खिजिर टोला बड़गाई निवासी (35 वर्ष) मोहन यादव के रूप में हुई है। मल्लाहटोली हिंदपीढ़ी रांची निवासी आफताब आजम के इरबा हैदर नगर स्थित खटाल में यह घटना हुई है। बताया गया कि खटाल में मोहन यादव के साथ बिहार के दो अन्य कर्मी विक्की यादव लगभग 20 (वर्ष) और श्रवण यादव (25 वर्ष) काम करते थे। मंगलवार रात 10 बजे के करीब विक्की यादव व मोहन यादव के बीच विवाद हो गया और दोनो के बीच मारपीट हो गई। इस बीच तीसरा कर्मी श्रवण यादव बीच-बचाव का प्रयास करने पहुंचा। तभी विक्की ने मोहन यादव की कमर में लात से मार दिया। चोट लगते ही मोहन जमीन पर गिर पड़ा। इधर विक्की को लगा कि वह बेहोश हो गया है। वह रात को खाना खाने के बाद मोहन यादव के ही साथ सो गया। सुबह उठने के बाद जब मोहन यादव को उठाने का प्रयास किया तो उसे ऐसा लगा कि मोहन की मौत हो गई है। वहीं तीसरे कर्मी श्रवण यादव को इसकी भनक लगी तो वह फरार हो गया। सुबह सूचना मिलने पर पहुंची ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा शव का पंचनाम कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। वहीं आरोपित विक्की यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



शव को खटाल से निकालते लोग और इनसेट में आरोपी विक्की की फाइल फोटो।

### सीसीटीवी कैमरे में कैद है पूरा घटनाक्रम

मंगलवार रात खटाल में हुई घटना की पुरी तस्वीर में कैद हो गई है। हत्या आरोपित विक्की यादन ने पुलिस को बताया कि शराब के नशे में मोहन यादव उसे अक्सर परेशान करता था। जिसकी शिकायत उसने खटाल मालिक से भी किया था, लेकिन मालिक द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। मंगलवार को वह जब रोटी बना रहा था। तभी मोहन फिर उसे परेषान करने लगा। उसने बताया कि उसकी मंशा हत्या करने की नहीं थी।

### मोहन की बच सकती थी जान

खटाल मालिक आफताब आजम द्वारा 15 दिन पूर्व ही सीसीटीवी कैमरा लगवाया था। वह अपने घर हिंदपीढ़ी से ही अपने मोबाइल के माध्यम से खटाल की मॉनेटेरिंग करता था। रात में मारपीट के दौरान ही माहन यादव की मौत हुई, या बाद में हुई, इसकी जानकारी पोस्मार्टम रिपोर्ट आने के बाद मिलेगी। घटना के बाद पहुंचे लोगों का कहना था कि रात में बेहोश होने के बाद उसे उपचार मिलता तो शायद उसकी जान बच सकती थी।

### एक एंबुलेस से भेजे गये दो शव

बोकारो में हुई एक सड़क दुर्घटना में घायल नकीब अंसारी को मौत मेदांता हॉस्पिटल में हो गई थी। स्वजन नकीब अंसारी का शव लेकर पोस्टमार्टम के रिम्स जा रही थी। इधर मंगलवार रात मौत हुई मोहन यादव का शव 12.30 बजे तक खटाल में ही पड़ा था। पुलिस ने नकीब अंसारी का शव लेकर जा रहे एंबुलेंस मारुती वेन को बीआईटी मोड़ से वापस बुलवाया और किसी तरह एक ही वैन में मोहन यादव के शव को भी लोड कर पोस्टर्माटम के लिए भेजा।

## शिक्षाविद डॉ प्रवीण तिर्की के अंतिम यात्रा में उमड़ी हजारों लोगों की भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** शिक्षाविद, झारखंड आंदोलनकारी व संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज में भूगोल के व्यख्याता डॉ प्रवीण तिर्की के शव को रिम्स में पोस्टमार्टम कराने के बाद पिस्का मोड़ स्थित ओटीसी ग्राउंड लाया गया। निर्धारित कार्यक्रम के तहत वहां से शवयात्रा निकाली गयी। इसमें झारखंड समेत अन्य राज्यों के आदिवासी नेताओं की भीड़ उमड़ी। दिवंगत राष्ट्रीय धर्मगुरु को श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। लोगों ने उन्हें अश्रुपूर्ण बिदाई दी। गांव के श्मशान में उनकी अंत्येष्ठि की गयी। इससे पूर्व सरना प्रार्थना सभा में बड़ी संख्या में लोग शरीक हुये। महिलाओं की तादात अधिक थी। उनके सम्मान में नारे लगाये गये। इससे माहौल गुंज उठा। डॉ तिर्की के असामयिक निधन से आदिवासी सरना समाज मर्माहत दिखा। सभी को उनकी कमी खल रही है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पत्नी प्रो मनती तिर्की बार-बार बेहोश हो रही थी।

### इन्होंने लिया हिस्सा

पूर्व मंत्री और कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, गीताश्री उरांव, विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ लक्ष्मण उरांव, धर्मगुरु बंधन तिग्गा, एसीएस के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव, सुमित उरांव, झारखंड आन्दोलनकारी शमीम मंसुरी, महावीर विश्वकर्मा, सेवानिवृत्त डीएसपी अशोक तिर्की, झामुमो नेता पृथ्वी नाथ शाहदेव, दुकानदार संघ के अध्यक्ष अरविंद पांडेय, सरना नेता शिबा कच्छप, खूंटकटी मुंडा धर्म सभा के मनीष मुंडा, सीआईआई नेता सुभाष मुंडा, सेवा समिति के केंद्रीय अध्यक्ष अजय तिर्की, आदिवासी जन परिषद के प्रेमशाही मुंडा व पूर्व मुखिया जितेश्वर मुंडा आदि।

## ओरमांझी में झंडा मिलन व रामनवमी मेला आज

**ओरमांझी।** झंडा मिलन सह रामनवमी मेला का भव्य आयोजन ओरमांझी बाजार मैदान में गुरुवार को होगी। इसे लेकर पूजा समिति ओरमांझी द्वारा तैयारी पूर्ण कर ली गई। समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी व सचिव श्यामकिशोर महतो ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र आसपस के विभिन्न महावीर मंडलों द्वारा दर्जनों झंकी मेला मैदान पहुंचेगी। जहां अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। विजेताओं व आकर्षक झांकी लाने वाले महावीर मंडलों को पुरस्कृत किया गया। उन्होने बताया समिति द्वारा बासंती दुर्गा पूजा का भी धूमधाम से की जा रही है। बुधवार को रात्रि में महाआरती होगी।

# रामनवमी उत्सव: पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** रामनवमी मेला में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने को ओरमांझी थाना पुलिस भी तैयार है। बुधवार को थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में ओरमांझी थाना पुलिस जिला बल के जवानों के साथ फ्लैग मार्च किया गया। थाना प्रभारी ने कहा झांकी लेकर मेला मैदान पहुंचने वाले सभी मार्ग में पुलिस द्वारा पेट्रलिंग की जाएगी। सभी चौक-चौराहे के साथ मेला मैदान में पुलिस जवान तैनात रहेंगे। शांति बहाल में बाधक बनने वाले पर पुलिस शख्त कार्रवाई करेगी।



### ठाकुरगांव पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**ठाकुरगांव।** रामनवमी पर्व को लेकर बुधवार को ठाकुरगांव पुलिस ने थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। इस क्रम में थाना प्रभारी कृष्णा कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने ठाकुरगांव, बरौदी, उरुगुट्ट, हेसलपीरी, बेड़वारी, बंसरी आदि जगहों में फ्लैग मार्च किया। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से हर्षोल्लास से पर्व मनाने की अपील की।

### अनगड़ा में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**अनगड़ा।** रामनवमी और रमजान के मधेनजर बुधवार को अनगड़ा थाना के थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में बुधवार को गोन्दली पोखर हेसल महेशपुर गेतलसूद इत्यादि इलाको में पुलिस वल के साथ फ्लेग मार्च किया और शांति से रामनवमी मनाने की अपील की।

### इटकी में सौहार्द बनाये रखने की अपील

**इटकी।** रामनवमी पर्व को लेकर विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए बुधवार को पुलिस प्रशासन द्वारा इटकी में फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी रजनी रंजन ने रामनवमी जुलूस के दौरान शांति व सौहार्द पूर्ण माहौल बनाये रखने की लोगों से अपील की। फ्लैग मार्च इटकी बाजार, गुलजार रोड, आजाद बंगला, एकता नगर, त्रिबिंधा चौक, बिड़पी टोली, मदरसा रोड, झखरा टोली व कोइरी टोला होते बाजार प्रांगण पहुंच कर संपन्न हो गया। फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी के अलावा दरोगा करण पासवान, एएसआई बीके हेम्ब्रम व सशस्त्र पुलिस बल व होमगाई के जवान शामिल थे।

एक नजर में

## अरुणुमा मॉडर्न स्कूल के नये भवन का पूजन



**सिल्ली।** सिल्ली के अरुणुमि मॉडर्न पब्लिक स्कूल परिसर में बुधवार को नये भवन का पूजन विधि विधान के साथ करते हुए नये सत्र हेतु कक्षा प्रारंभ करने के लिए तैयार किया गया। इस अवसर पर स्कूल के संरक्षक रमण कुमार साहु एवं श्री सुमन कुमार साहु जी के निर्देश पर दिनांक 3 अप्रैल से नव निर्मित भवन में कक्षा संचालन का निर्णय लिया गया। समस्त पूजन कार्यक्रम स्कूल के प्राचार्य राधेश्याम साहू जी के द्वारा किया गया। विदित हो कि बच्चों को गर्मी से राहत देने हेतु युद्ध स्तर पर नये भवन का निर्माण किया गया। नये सत्र में नामांकन भी जारी है।आज के कार्यक्रम में विद्यालय के उप प्राचार्य ननीगोपिल, शिक्षकगण पार्वती कुमारी, सरिता देवी, नंदिता, जैसमिन,वैनिसा, इन्द्रानी, पूजा, स्मिता ,हरिश , विद्युत के अलावे राकेश, विनोद, संदीप, अगस्ती, राकेश सिंह इत्यादि स्कूल के समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी सामिल हुए।

## कैंपस सलेक्शन: सिल्ली पॉलिटेक्निक के 9 छात्रों का हिताची कंपनी में चयन

**सिल्ली।** सिल्ली पॉलिटेक्निक के 9 छात्रों का चयन हिताची प्राइवेट लिमिटेड में हुआ। हिताची इस्तेमा पावरट्रेन सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी गुरुग्राम के द्वारा आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रांची में आयोजित केंपस सिलेक्शन इन छात्रों का चयन किया गया। पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि केंपस सेलेक्शन में सिल्ली मेकेनिकल संकाय के 13 छात्रों ने भाग लिया। जिसमें 9 छात्रों का चयन किया गया। जिनका फाइनल परीक्षा के बाद नियुक्त दी जाएगी। वहीं उन्होंने बताया कि कंपनी वाहनों के लिए फ्यूल इंजेक्शन और फ्यूल फीड पंप बनाती है। साथ ही यह कंपनी होंडा, सुजुकी, कावासाकी, केटीएम, रॉयल इनफील्ड और हार्ले डेविडसन जैसी बड़ी कंपनियों को सप्लाई करती है।अधिकारियों ने बताया कि सफल छात्रों को फाइनल परीक्षा के बाद कंपनी में नियुक्ति दे दी जाएगी। कॉलेज के निर्देशक विष्णु व्रता चट्टोपाध्याय, प्राचार्य समीर शर्मा एवं शिक्षकों चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## रामगढ़ बना अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का विजेता, शील्ड देकर किया गया पुरस्कृत



**कांके।** श्री महावीर मंडल कांके द्वारा न्यू मार्केट कांके में आयोजित राज्यस्तरीय अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता की विजेता श्री पवनपुत्र रामनवमी समिति रामगढ़ बन गई है। उसको अंतर जिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार मिला।वहीं दूसरा स्थान श्री बजरंग समिति राजगढ़ रामगढ़ को मिला। रांची जिला मंडली वर्ग में धूम धड़ाका बजरंग दल मायापुर ओरमांझी प्रथम तथा बजरंग समिति फेटा रातू द्वितीय रहे। जबकि विशिष्ट खेल मंडली का प्रथम पुरस्कार अमरदीप समिति रामगढ़ और द्वितीय पुरस्कार हनुमान समिति कुंवर टोला को दिया गया। बोकारो महुआटांड़ के विवेक कुमार महतो को व्यक्तिगत वर्ग में विशिष्ट पुरस्कार प्रदान किया गया। सभी 56 मंडलियों को झंडा तलवार नकद पुरस्कार शील्ड और कप देकर पुरस्कृत और सम्मानित किया गया।

## दलादिली चौक पर कांग्रेस की नुक्कड़ सभा

### भाजपा के प्रति दिखा आक्रोश, मोदी-शाह की हुई आलोचना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजयनाथ शाहदेव की अगुआई में सांसद राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त किये जाने के खिलाफ नुक्कड़ सभा आयोजित किया गया। पार्टी जनों ने केंद्र के प्रति आक्रोश जताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की तीव्र आलोचना की गयी। इस दौरान श्री शाहदेव ने भाजपानीत सरकार पर जमकर हमला बोला। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि श्री गांधी के तल्ख तेवर से भाजपा बौखला गयी है, लेकिन इससे न तो पार्टी और न ही राहुल गांधी डरने वाले हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि पार्टी की देश वयापी सत्याग्रह से भाजपा और मोदी-शाह की साख कमजोर हुई है। श्री शाहदेव ने 2024 के लोक सभा चुनाव में केंद्र पर कांग्रेस की वापसी का दावा करते हुये पार्टी की नीति और सिद्धांतों को आम जनों तक पहुंचाने का आह्वान किया।



### कार्यक्रम में लिया हिस्सा

प्रखंड के संगठन प्रभारी शिव कुमार भगत, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो, रमेश नाथ शाहदेव, मेरी तिर्की, ईश्वरानंद, मनोज तिर्की, कुशल उरांव, कुमार अतुल राज, तुलसी खरवार, संजय सरैया, सुरेश साहू, संजय कुमार, रश्मि पी गोवा, ऐनुल हक, फिरोज अंसारी व महताब आलम आदि। इसमें महिला और युवाओं की संख्या अधिक थी।

## सड़क हादसे में सीआईएसएफ के रिटायर्ड जवान की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** रांची गुमला मुख्य मार्ग पर थाना क्षेत्र के असरो पेट्रोल पंप के समीप बुधवार की अपराह्न लगभग साढ़े ग्यारह बजे सड़क निर्माण कंपनी आरकेडी की ट्रक नं ओडी 14 एन 3409 ने सांई मंदिर रोड बेड़ो निवासी समाजसेवी देवनिश तिग्गा के पिता सीआईएसएफ से सेवानिवृत्त 73 वर्षीय बाइक सवार जेवियर तिग्गा को कुचल दिया। जिससे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं घटना की सूचना मिलने पर एएसआई प्रवीण कुमार तिवारी सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने शव व ट्रक को अपने कब्जे में लेकर बेड़ो थाना ले लाई। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार बेड़ो से भरनो की जा रहे थे। इसी दौरान असरो पेट्रोल पंप के समीप ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। मृतक के पुत्र देवनिश तिग्गा ने बताया कि उनके पिता अपने घर से सुबह ग्यारह बजे भरनो जाने की बात कह कर निकले थे। इधर घटना की सूचना पर बेड़ो थाना पहुंचे स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वही पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को रिम्स भेज दिया है।

## खलारी: प्रमाण पत्रों का सत्यापन और सेवा संपुष्टि को लेकर बैठक

**खलारी।** खलारी प्रखंड सभागार में झारखंड साक्षरता विभाग के निदेर्शानुसार जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रांची शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्रों के सत्यापन व संतोषप्रद सेवा संपुष्टि की किए जाने को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रविन्द्र प्रसाद ने बताया कि पंचायत स्तरीय सहायक अध्यापकों का संतोषप्रद सेवा संपुष्टि कर उन्हें विद्यालय में जिम्मेदारी सौंपने सहित अन्य कई मुद्दों पर चर्चा करते हुए वेतन पर चर्चा परिचर्चा की। वही बैठक में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि विद्यालय में शिक्षको को छात्रों को उचित शिक्षा दिए जाने के साथ बाल विवाह को रोकने पर चर्चा की। बैठक में लपरा पंचायत मुखिया पुतुल देवी, बुकबुका मुखिया पारसनाथ उरांव, मायापुर मुखिया पुष्पा खलखो, हुटाप मुखिया शिवरत मुंडा, दक्षिणी चुरी मुखिया मलका मुंडा, राय पंचायत मुखिया शीला देवी मौजदू थीं।

## विजेता टीम को खस्सी, उप विजेता को मिला मुर्गा

### सिल्ली में स्व रामदास घटवार जयंती पर फुटबॉल मैच

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के गोड़ाडीह पंचायत अंतर्गत खेरवेड़ा में स्व रामदास घटवार जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खेलकूद व फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, जेएमएम के सिल्ली प्रभारी रामानंद बेदिया, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश किरण महतो, पूर्व मुखिया डबलू महली, स्व रामदास घटवार के पुत्र मुरलीधर घटवार एवं उपस्थित लोगों ने स्व रामदास घटवार के माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि स्वर्गीय रामदास घटवार गांव के शिक्षाविद थे। जब गांव में स्कूल नहीं था, तो गांव के सभी बच्चों को स्व रामदस घटवार अपने घर पर बुलाकर लालटेन की रोशनी में सबको शिक्षा दिए। उनकी इसी सपनों को साकार करने के लिए उनके पुत्र मुरलीधर घटवार ने गांव में स्कूल खोला। दो साल फ्री में शिक्षा दी। बाद में वह सरकारी करण हुआ। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना किया और कहा कि मुरलीधर घटवार अपने पिता की याद को सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में संजोए रखा। गांव के पूर्वजों की याद को ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों से ताजा किया जाना अच्छी बात है। फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में असुवा बेड़ा टाटीसिंगारी ने गोड़ाडीह मंडप टोला को एक गोल से हरा कर विजय रहा।

## बुंडू में वेंडर मार्केट का शिलान्यास



**बुंडू।** विधायक ने किया सवा दो करोड़ की लागत से बनने वाली बुंडू नगर में भेंडर मार्केट का शिलान्यास।बुंडू में टाउन हॉल और खेल स्टेडियम का निर्माण होगा विधायक विकास कुमार मुंडा ने कहा बुंडू नगर सहित पूरे तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्य होने लगी है।बुंडू और तमाड़ प्रखंड में पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए 200 करोड़ की लागत से कांची नदी पर बियर निर्माण करने की योजना है उक्त बातें विधायक विकास कुमार मुंडा ने कही वह बुंडू नगर स्थित बड़ा तालाब बजरंगबली मंदिर समीप सवा दो करोड़ की लागत से भेडर मार्केट भवन कि निर्माण कार्य के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। मौके पर नगर पंचायत के अध्यक्ष राजेश उराव, उपाध्यक्ष सुनील कुमार जायसवाल, बुंडू थानेदार इंस्पेक्टर पंकज भूषण, वार्ड पार्षद चंदन मछुआ, कैलाश हलवाई, अरशद अंसारी, अंजू देवी, कमला देवी, ऐतवा उरांव, पिंटू शर्मा, राहुल कुमार, दिनेश प्रसाद सिटी मैनेजर के अलावा नगर पंचायत के कर्मचारी और महिला समूह मौजूद थे।

# स्वास्थ्य मेला: ग्रामीणों को रोग से बचाव की दी जानकारी

### सिल्ली सामुदायिक अस्पताल में मेले का विधायक ने किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड सरकार के द्वारा सिल्ली सीएचसी में बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन विधायक सुदेश महतो,जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, उप प्रमुख आरती देवी ने संयुक्त रूप में किये। मेला में लोगों के लिए निशुल्क जांच सहित स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य मेला में दंत चिकित्सा, परिवार नियोजन परामर्श, त्वचा जांच, टीवी नियंत्रण, कैंसर जागरूकता , मलेरिया ओर फाइलेरिया जांच, वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य जांच व परामर्श, पोषण परामर्श सहित आंख ओर मोतियाबिंद जांच, किशोर किशोरी स्वास्थ्य परामर्श का स्टॉल लगाया गया। इस दौरान टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 12 मरीज को सिल्ली नगर के कार्यकताओं समेत अन्य लोगों ने गोद लिया।



### मेले में मरीजों को दिया गया परामर्श

**तमाड़।** समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तमाड़ के प्रांगण में बुधवार को प्रखण्ड स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। बीपीए शुगरए एचआईभीए एचबीए मलेरिया एवं अन्य जांच किया गया। सभी तरह के बीमारियों का ईलाज एवं परामर्श दिया गया। मेले में डॉक्टर आशुतोष कुमार त्रिपाठी, डॉक्टर अनुजा साधना कच्छप, डॉक्टर अमरीश कुमार, डॉक्टर जफर इकबाल, डॉक्टर सुषमा खलखो, डॉक्टर सुशीला सुंडी, डॉक्टर निखत परवीन, बीएएम विश्वनाथ तिवारी, एमटी एस हरेन्द्र कटियार, एएम ललित स्वांसी, एमपीडब्लू जयकुमार महतो, एलटी रूपेश प्रामाणिक, एएनएमए जीएनएमए सीएचओ एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

मौके पर बीडीओ पावन आशीष लकड़ा, चिकित्सा प्रभारी डॉ जितेंद्र कुमार महली, डॉ अतिरंजन, डॉ विवेक, डॉ विनीता, गूंज के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, मारुति नंदन , शशि भूषण चैबे, संजीव कुमार महतो, छोटेलाल पटेल, दीपक कुमार, जादू गोराइं, गायत्री मौजूद थे।

### खलारी: नेत्र जांच कर ग्रामीणों को दिया चश्मा

**खलारी।** खलारी प्रखंड मुख्यालय स्वास्थ्य मेला लगा। इसमें आये ग्रामीणों की आंखों की जांच कर उन्हें नि:शुल्क चश्मा दिया गया। मेले का उद्घाटन खलारी प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, बीडीओ लेखराज नाग, पूर्वी जिप सदस्य सरस्वती देवी, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह ने संयुक्त रूप से किया गया। मेले में इसके अलावा बीपी, शुगर, मातृत्व स्वास्थ्य, किशोरी स्वास्थ्य की जांच की गई और परामर्श दिया गया।

## मंत्री ने पर्व में गरीबों को उजड़वाया: सरयू

**जमशेदपुर।** मानगो डिमनो रोड के सेंट्रल व्रज में लगभग 50 वर्षों से अधिक समय में बसे दुकानदारों एवं फुटपाथ विक्रेताओं को पिछले दिनों जिला प्रशासन द्वारा एकाएक उजाड़ कर जमींदोज किए जाने पर दुकानदारों और स्ट्रीट वेंडर युनियन के बुलावे पर विधायक सरयू राय उनसे मिलने पहुंचे। इस दौरान वहां पूर्व में उपस्थित दर्जन भर कांग्रेस के महिला-पुरूषों ने सरयू राय का यह कहते हुए विरोध किया वे इस क्षेत्र के विधायक नहीं है और बन्ना गुप्ता जो करेंगे वही सही है। वे (सरयू राय) यहां क्यों आये हैं। इसपर आंदोलनरत दुकानदार भड़क गये और बन्ना समर्थकों को खदेड़ दिया। सरयू राय ने प्रभावित दुकानदारों से बातकर उनकी पीड़ा जानी। गरीब दुकानदारों ने बताया की जिला प्रशासन द्वारा दुकान तोड़ने की कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई एकाएक बुलडोजर और क्रेन लाकर रात के समय उनके दुकानों को जमींदोज कर दिया गया। 250 से अधिक दुकानों को एक साथ जमींदोज कर दिया गया लेकिन प्रशासन के तरफ से इन दुकानों को पुनर्स्थापित करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गयी।

# देश को बदलना है तो शिक्षा को बदलो : डॉ अतुल कोठारी

➲ **श्रीनाथ यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार संपन्न**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बुधवार 29 मार्च 2023 को श्रीनाथ विश्वविद्यालय तथा श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार का समापन हुआ। दूसरे दिन सेमिनार तीन भागों में विभक्त था पहला प्लेनरी सेशन, तकनीकी सत्र तथा वेलिडिक्टरी सेशन था । जिसमें देश भर के वक्ताओ ने सेमिनार में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। तकनीकी सत्र में कई लोगों ने 2020 तथा उच्च शिक्षा नीति पर अपने पेपर प्रजेंट किये।

मुख्य अतिथि डॉ अतुल कोठारी ने कहा कि शिक्षा नीति को लागू करना हमारा काम है साथ ही हमें बदलाव के लिए तैयार रहना चाहिए। प्रत्येक विश्वविद्यालय अगर समय सीमा को समझें तो आधी परेशानी शिक्षा नीति को लागू करने की यही दूर हो जाएगी । हमें शिक्षा में व्यवहारिकता लाने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन एक सकारात्मक प्रयास है, हम यदि प्रयास करें तो शिक्षा में व्यावहारिकता ला सकते हैं बस हमें काम करने की आवश्यकता है समस्याएं सभी जगह है लेकिन यदि हम प्रयास करें तो निश्चित रूप से समस्याएं दूर होंगी। नैतिक शिक्षा , चरित्र निर्माण की शिक्षा केवल बोलने से नहीं आती उसके लिए काम करना पड़ता है। जमशेदपुर विमेंस यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो डॉ अंजीला गुप्ता ने राष्ट्रीय सेमिनार में अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि नेशनल एजूकेशन पॉलिसी एनइपी में लचीलापन है इसमें विज्ञान का विद्यार्थी भी कला के विषयों का अध्ययन कर सकता है।





**सेमिनार में उपस्थित प्रध्यापकगण और सेमिनार को संबोधित करते डा अतुल कोठारी।**

यह नीति हमें शिक्षा प्राप्त करने में स्वतंत्रता देती है । इस नीति से हमारे देश के विश्वविद्यालय विदेश के विश्वविद्यालयों के साथ जुड़ सकेंगे और हमारी शिक्षा व्यवस्था को यह उत्कृष्टता प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी।

राष्ट्रीय सेमिनार के दूसरे दिन डॉ.एन .के. अग्रवाल थे । उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि इस सेमिनार में हम लोग विभिन्न शिक्षा नीतियों की यात्रा करेंगे और एनइपी के ऊपर भी विस्तृत चर्चा हमें करना है हम पर दुनिया की निगाहें लगी हुई है यहां हमें सोचना है कि हम पहले क्या थे अभी क्या है और आगे क्या हमें होना है । प्राचीन काल में जो शिक्षा की स्थिति थी भारत में वह काफी उन्नत थी जो विश्व में अन्यत्र नहीं दिखती थी । वर्तमान में हमारे लिए यह सोचने का विषय है कि हम अपनी आने वाली पीढ़ी को क्या देंगे आज इस सेमिनार से जो बातें निकल कर सामने आएगी वह शिक्षा नीति को लागू करने में लाभप्रद होंगी । 1968 में 1986 शिक्षा नीति का उद्देश्य शिक्षा तक पहुंच बनाना था लेकिन उसमैं नवाचार की कमी थी लेकिन एनइपी गुणवत्ता और उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित करती है अगर हम उच्च शिक्षा की बात करते हैं तो हमें यह देखना होगा कि हमारी शिक्षा व्यवस्था विश्व में आज कहां है भारत में आज शिक्षा विस्तृत है और गुणवत्ता को लाना एक चुनौती है । एनइपी तकनीकी को ओर ध्यान केंद्रित करती है यदि हमें विश्व गुरु बनना है तो हमें सबको लेकर चलना होगा ।एनइपी हमें कौशल और ज्ञान से लैस करने वाला है ।

भारत में उच्च शिक्षा लंबे समय से चुनौतियों का सामना कर रही है जैसे पुराना पाठ्यक्रम , शिक्षकों की कमी इत्यादि। हम पिछड़ गये है। इन्हीं कमियों को दूर करने वाला है साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह विस्तृत शिक्षा कौशल विकसित करने वाला तथा शिक्षा प्रौद्योगिकीकरण , ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा देती है । हमारे देश में भी प्रतिभा की कमी नहीं है इसलिए विदेश से लोग आते हैं और हमारे युवकों को अपने देश रोजगार के लिए ले जाते हमार। इस तरह की शिक्षा नीति से पाठ्यक्रम को नया रूप देने का अवसर मिलता है उसका हमें लाभ उठाना चाहिए ।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी और स्कूली बच्चों को डीसी ने किया सम्मानित



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने बुधवार को समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में गढ़वा जिले से राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों एवं स्कूली बच्चों से मुलाकात की। इस दौरान डीसी ने सभी को प्रशस्ति पत्र, सील्ड एवं लैपटॉप देकर सम्मानित किया। डीसी ने बच्चों से आगे भी बेहतर करने को लेकर उन्हें प्रेरित किया एवं उनका हौसला अफजाई करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,रॉंची**

**अति–अल्पकालीन निविदा सं0–01/2023**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–2024 के लिए रॉंची जिला के पुलिस कार्यालय/सभी पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय /रक्षित कार्यालय/सभी अंचल पुलिस निरीक्षक/ थाना/ओ0पी0 कार्यालय के कार्यों का निष्पादन हेतु लेखन समाग्रियों को क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र सामान्य शाखा, पुलिस कार्यालय, रॉंची में दिनांक 01.04.2023 से दिनांक 11.04.2023 तक कार्यालय अवधी में बिक्री की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य मो0– 1,000/–रूपये निर्धारित है। वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची के पदनाम से उक्त राशि का बैंक ड्राफ्ट स्वीकार होगा। इच्छुक अहर्तापूर्ण आपूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय कर मुहरबंद लिफाफा में निविदा दिनांक 02.04.2023 से दिनांक 12.04.2023 तक कार्यालय अवधी में सामान्य शाखा, पुलिस कार्यालय, रॉंची में जमा कर सकते है।

**नोटः**– निविदा की विस्तृत जानकारी एवं शर्त पुलिस कार्यालय, रॉंची के सूचनापट पर देखा जा सकता है।

निविदा खुलने की तिथि समय एवं स्थानः– दिनांक 13.04.2023 को समय 03:00 बजे अपराह्न में वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची के कार्यालय कक्ष।

किशोर कौशल (भा0पु0से0)
वरीय पुलिस अधीक्षक,रॉंची

PR 293981 Police(22-23).D


## दुर्गा अष्टमी पर मां भद्रकाली मंदिर आकर्षण का केंद्र



**चतरा।** जिले के इटखोरी स्थित प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर की छटा देखते ही बनती है। चैती नवरात्र पर होने वाले दुर्गा अष्टमी को लेकर की गई सजावट इससे पहले इस तरह कभी नहीं की गयी। मंदिर के बाहर के प्रवेश द्वार से लेकर गर्भगृह को आकर्षक फल और सुंदर फूलों से सजाया गया है, जो आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। चौपारण के रानिक गांव की व्यवसाई प्रभात सिंह ने मंदिर को पिछले 4 वर्षों से इसी तरह हर साल चैती नवरात्र के दुर्गा अष्टमी पर रंग-बिरंगे फूलों के साथ सजाया जाता है। सजावट का कार्य कर रहे बंगाल के कारीगरों द्वारा मंदिर को बहुत ही भव्य रूप से सजाया गया है।

## ढाई साल से बीमारी से जूझ रहे मरीज का ऑपरेशन



**कोडरमा।** उपायुक्त के लगातार प्रयास से सदर अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं में लगातार इजाफा हो रहा है, इसका लाभ भी मरीजों को मिल रहा है, डोमचांच प्रखंड के बगरीडीह निवासी ताहिर अंसारी (55) पिछले ढाई वर्ष से अपनी बीमारी से जूझ रहा था, बताया जाता है कि ताहिर के नितम्ब की हड्डी के पास सूजन था, कई जगहों पर इलाज करवाने के बाद भी राहत नही मिला। इस दौरान सूजन का आकार भी बढ़ गया था, जिसके बाद सदर अस्पताल पहुंच कर चिकित्सकों से सम्पर्क किया और डॉ सौरभ कुमार व डॉ रविकांत सिंह ने उस मरीज का सफल ऑपरेशन कर उसे सूजन से राहत दिलाने का काम किया, फिलवक्त उक्त मरीज पूरी तरह स्वस्थ है।

## गढ़वा की स्नेहा बनेगी सहायक लोक अभियोजक



**गढ़वा।** झारखंड लोक सेवा द्वारा आयोजित सहायक लोक अभियोजक का अंतिम परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। इसमें गढ़वा जिला अंतर्गत सदर प्रखंड गढ़वा करूआ कला निवासी रामप्रताप तिवारी की पुत्री स्नेहा कुमारी का अंतिम रूप से चयन कर लिया गया है। अपने प्रथम प्रयास में ही उसने यह सफलता प्राप्त की है। स्नेहा ने आरा विश्वविद्यालय से एलएलबी की पढाई पूरी की। स्नेहा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, बहन, पति एवं अपने मित्रों को दी।

## श्री बंशीधर मंदिर को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना ही हमारा उद्देश्य: मंत्री मिथिलेश



**गढ़वा।** मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि बंशीधर महोत्सव कराने का उद्देश्य बंशीधर मंदिर को राष्ट्रीय ही नही बल्कि अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना है। इसके लिए सीएम हेमन्त सोरेन ने श्री बंशीधर नगर वासियों को महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा देकर श्री बंशीधर नगर और जिलेवासियों की मांग को पूरा किया है। श्री बंशीधर नगर में 32 मन शुद्ध सोने की प्रतिमा है जो पूरे विश्व में कही नही है। लेकिन प्रचार-प्रसार नही होने के कारण मंदिर का विकास नहीं हो सका है। अब सीएम ने बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा देकर विश्व पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का काम किया है। मंत्री ने कहा कि इस बार का महोत्सव सफलतम महोत्सव होगा। महोत्सव को लेकर प्रशासन तैयारी कर रही है।

## करवापहाड़ गांव से विवाहिता का शव बरामद

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के करवापहाड़ गांव में बुधवार को धुरकी पुलिस ने एक विवाहिता का शव बरामद किया है। बरामद शव को अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के करवापहाड़ गांव के अजमेरून बीवी 36 वर्ष पति मुस्तकीम अंसारी का शव घर के अंदर जमीन पर पड़ी हुई थी। सूचना मिलने पर दल बल के साथ एसआई कृष्ण कुमार रजवार ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अंदर से बाहर निकला .और घटना की विषय मे छानबीन शुरू कर दिया। विवाहिता की हत्या या आत्महत्या का खुलासा नहीं हो पाया है। बताया गया कि महिला का शव घर के अंदर कंडी के सहारे फांसी के फंदे में झूल रहा था। जिसे आसपास के लोगों को जानकारी होने पर शव को नीचे उतारा गया है। मृतका के भाई ज्ञासुद्दीन अंसारी ने बताया कि विवाहिता की हत्या कर आत्महत्या का रूप दिया गया है।

## मां का पट खुलते ही श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न दुर्गा मंदिरों व पंडालों का पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। बुधवार सुबह से क्षेत्र के हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण माता रानी के दरबार में मत्था टेकने पहुंच रहे हैं। लोग माता रानी से अपने अपने परिवार व सगे संबंधियों के लिए कुशलता की कामना कर रहे हैं। वहीं मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय दुर्गा मंदिर, जामु, दशारो, कादोडीह, बरवाडीह, तेलोडीह, मूर्कमनाय, राजारायडीह, खेशमी, डूमरडीहा, पपलो आदि समेत कई गांवों के पूजा पंडालों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कादोडीह स्थित माता रानी मंदिर पहुंच कर उतरी जिला परिषद भाग संख्या 11 के जिप सदस्य गुड़िया यादव व कोडरमा भाजपा जिला महामंत्री सह पूर्व जिप सदस्य राजकुमार यादव माता रानी के मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना की व समस्त प्रखंड क्षेत्र, जिला तथा राज्यवासियों की सुख समृद्धि की कामना माता रानी से की। क्षेत्र के विभिन्न जगहों में आकर्षक पंडाल व आकर्षक लाइट लगाया गया है, जो आकर्षण का केंद्र है। श्रद्धालुओं का माता रानी के दरबार में आने का तांता लगा हुआ है।

# 500 व्यापारियों को एफओएस टीएएस का प्रशिक्षण देने का लक्ष्य : एसडीएम

➲ **60 प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके खाद्य व्यापारियों को दिया गया सर्टिफिकेट**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में एफओएस टीएसी सर्टिफिकेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से सदर एसडीएम सह अभिहित अधिकारी मो मुमताज अंसारी उपस्थित थे।ज्ञात हो कि प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 60 खाद्य व्यवसायियों को एफओएस टीएसी प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

झारखंड सरकार के स्वास्थ शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव के निदेर्शानुसार चतरा संभाग के अंतर्गत शहर के 60 खाद्य व्यवसायों को एफओएस टीएसी (खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षक) का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत उपस्थित सभी खाद्य व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा से संबंधित समुचि जानकारी दी गई। सभी खाद्य व्यवसायों के लिए एफएसएसएआई लाइसेंस / पंजीकरण प्राप्त करने के लिए एवं सभी मिठाई प्रतिष्ठानों, बेकरी केक की दुकानों, रेस्तरां, ढाबों, होटलों, मांस की दुकानों के लिए स्वच्छता रेटिंग प्रमाण पत्र प्राप्त करना आवश्यक बताया गया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला,पेयजल और स्वच्छता द्वारा पानी का परीक्षण और लेखा परीक्षा करने के लिए विभाग को भी हिदायत दी गई है।



# तीन अभियुक्तों को जेल, दो को पहले ही भेजा जा चुका है जेल

■ छह महीने पहले ही दीपक ने दी थी सुपारी और रची जा रही थी हत्या की साजिश

**सोनाली हत्याकांड**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा)।** सोनाली हत्याकांड में शामिल पांच प्राथमिक अभियुक्तों में बचे तीन अभियुक्तों को डोमचांच थाना पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया है। जिसमें 27 वर्षीय भरत कुमार उर्फ कारू पिता स्वर्गीय बढ़न राम ग्राम मंझलीटांड़ डोमचांच निवासी, 35 वर्षीय संतोष मेहता पिता लखन लाल मेहता ग्राम मसनोडीह निवासी व 26 वर्षीय संजय मेहता पिता चंदन मेहता ग्राम नावडीह निवासी के नाम शामिल हैं। तीनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी से पूरा मामला उजागर हो गया। इस हत्या कांड में दिव्यांग दीपक साव ने भरत कुमार उर्फ कारु को छह महीना पहले ही सुपारी दे दिया था। वहीं पुलिस के जांच में एक बड़ा खुलासा यह हुआ कि हत्या का साजिश विगत छह माह से रचा जा रहा था, जिसके लिए दीपक साव ने भरत को सुपारी दिया था।

## जंगल से युवक का शव बरामद, धारदार हथियार से हत्या की आशंका

**चतरा।** जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के कैंडीनगर गांव स्थित चुआडी मंजराही जंगल से बुधवार सुबह एक युवक का शव बरामद किया गया है। घटनास्थल से चाकू भी बरामद किया गया है। आशंका जतायी जा रही है कि इसी से युवक की हत्या की गयी होगी।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष सश्रम कारावास

**कोडरमा।** नाबालिग के साथ जबरन दुष्कर्म किये जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय तरुण कुमार की अदालत ने बुधवार को आरोपी 28 वर्षीय अमरदीप कुमार उर्फ ननकू पिता रामेश्वर साव झंडा मोहल्ला जयनगर निवासी को पोक्सो 6 एक्ट के तहत दोषी पाते हुए बुधवार को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 25 हजार जुमार्ना भी लगाया, जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी।


**NOTICE**

**Manoj Kumar Garodia** S/o Gopi Krishna Garodia hereby declares that the original chain deed bearing deed no.10332 of property Flat No. 303 of "Ram Jyoti Apartment" Kanke Road Ranchi dated 26.07.2012 has been lost near his house Care and Cure medical shop Kanke. The present declarant states that the property is free from any encumbrance and if any person/ authority/association/ society/ financial institution etc. having any objection/claim etc. on the said property should contact the under signed Advocate, with supportive /valid documents, within a period of 14 days from the date of the publication, failing which any claim whatsoever shall not be entertained. **K. Rakesh** Advocate Office : Lawyers chamber No.- 18, 1st floor district Civil Court, Jamshedpur-831001, Residential : H.No. 73, New Baradwari, Sakshi Jamshedpur- 831001.
**M: 9431343381**

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**अति–अल्पकालीन निविदा सं0–01/2023**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–2024 के लिए रॉंची जिला के पुलिस कार्यालय/सभी पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय/रक्षित कार्यालय /सभी अंचल पुलिस निरीक्षक/थाना/ओ0पी0 के कार्यालय में संस्थापित कम्प्यूटर–प्रिन्टर/जेरोक्स मशीन में उपयोग होने वाले Toner Cartridge आदि को क्रय करने के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र सामान्य शाखा, पुलिस कार्यालय, रॉंची में दिनांक 01.04.2023 से दिनांक 11.04.2023 तक कार्यालय अवधी में बिक्री की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य मो0– 1,500/–रूपये निर्धारित है। वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची के पदनाम से उक्त राशि का बैंक ड्राफ्ट स्वीकार होगी। इच्छुक अहर्तापूर्ण आपूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय कर मुहरबंद लिफाफा में निविदा दिनांक 02.04.2023 से दिनांक 12.04.2023 तक कार्यालय अवधी में सामान्य शाखा, पुलिस कार्यालय, रॉंची में जमा कर सकते है।

**नोटः**– निविदा की विस्तृत जानकारी एवं शर्त पुलिस कार्यालय, रॉंची के सूचनापट पर देखा जा सकता है।

निविदा खुलने की तिथि समय एवं स्थानः– दिनांक 15.04.2023 को समय 03:00 बजे अपराह्न में वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची के कार्यालय कक्ष में।

किशोर कौशल (भा0पु0से0)
वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR293985 (Police)22-23*D

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

उपरोक्त सुखदेवनगर (पंडरा ओ0पी0) थाना काण्ड सं0–669/2016, दिनांक–29.11.2016, धारा–302/201/34 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त उर्मिला देवी, पति धनंजय शर्मा, सा0–गायत्री नगर तिलता, थाना–रातु, जिला–रॉंची का द0प्र0सं0 की धारा–82 के अन्तर्गत माननीय न्यायालय से इस्तेहार निर्गत किया गया है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि प्राथमिकी अभियुक्त उर्मिला देवी कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली, रॉंची। – 943770077
थाना प्रभारी, पण्डरा ओ0पी0, रॉंची। – 9955141521

वरीय पुलिस अधीक्षक
रॉंची

PR 293902 Police (22-23)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची**

**ई–अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना PR-290147**

पत्रांकः– दिनांक–

ई–निविदा संख्याः– 07/2022-23/RWD/RANCHI

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि / अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/EE/ RANCHI/ 13/2022-23 | रॉंची पुरूलिया रोड (हेसल रोड बेरवारी) से हेसल तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0–0.720 कि0मी0) | 9773500.00 | सन्तानबे लाख तिहत्तर हजार पॉंच सौ मात्र। | 6 माह | द्वितीय |
| 2 | RWD/EE/ RANCHI/ 14/2022-23 | कस्तूरबा स्कूल से पतरातू मुख्य पथ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–1.200 कि0मी0) | 4867431.00 | अड़तालीस लाख सरसठ हजार चार सौ एकतीस मात्र। | 6 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–31.03.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 11.04.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. जिला नियंत्रण कक्ष में, रॉंची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समयः– 12.04.2023 अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्ड, रॉंची, दीनदयाल नगर, बूटी रोड, मोरहाबादी, रॉंची, पिन–834008 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (12.04.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 13.04.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, रॉंची
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0:– 0651–2360137
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य के अधीन भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/ अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रॉंची के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
10. संवेदक को UCAN Registration की छाया प्रति समर्पित करना अनिवार्य होगा।
11. संवेदक को GST निबंधन प्रमाण–पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
12. समान दर होने पर निविदा निष्पादन लॉटरी के माध्यम से कराया जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR 293965 Rural Development(22-23)#D

**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, रॉंची**

**ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्याः- **245/RI/2022-23/RWD/CHATRA** दिनांक :- **29.03.2023**
मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, रॉंची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ CHATRA/12/ SRPKG- 01/2022-23 | (i) पिपरा (पन्दनी) से चेरी भाया अम्बातरी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 4.450 कि0मी0)<br>(ii) पिपरा मोड़ से हुसिया तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.700 कि0मी0)<br>(iii) परोका से शहरजाम तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 6.900 कि0मी0) | 7,66,27,744.00 | सात करोड़ छियासठ लाख सताईस हजार सात सौ चौवालीस रू0 मात्र | 15 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– **31.03.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **10.04.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, रॉंची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **रॉंची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **चतरा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– **11.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, रॉंची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (11.04.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– **12.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, रॉंची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **चतरा** के पक्ष में एवं **चतरा** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 293983 (Rural Work Department) 22-23 (D)

**Office of The Executive Engineer**
**Drinking water & Sanitation Division Latehar**

**E-Procurement Short Tender Notice**

**Tender Ref No- DWSD/LTR/SVS-18/2022-23 (1st Call)** **Dt-29.03.2023**

1- Name of Department :- Drinking Water & Sanitation Department
2- Date & Time of Tender Uploading in Website :- 05.04.2023 at 04:00 P.M
3- Last Date of Receipt of Bid :- 15.04.2023 at 05:00 P.M
4- Last Date of Submission Cost of BoQ and Earnest Money :- 17.04.2023 at 05.00 P.M
1. EE DW& S Div Latehar
2. SE DW& S Circle Medininagar
3. RCE DW& S Dept. Ranchi Zone Ranchi Jharkhand
5- Date of Opening Tender :- 18.04.2023 at 04:30 P.M
6- Name & Adress of Tender Inviting Authority :- Ex. Engineer DW & S Div Latehar
7- Contact No of Procurement Office :- 9430725642 & 6201242103

**Detail of Work:-**

| Sl | Name of Work | Group No | No of Scheme | No of FHTC | Eastimated Cost | Earnest Money | Cost of BoQ | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Const of Rural Water Supply for SVS under JJM in Different Village of Latehar District with FHTC work under DW & S Division Latehar for F.Y 2023 | SVS Bhusur-2 | 9 | 141 | 6176226.00 | 124000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 02 | | SVS Chorha | 8 | 225 | 8020500.00 | 161000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 03 | | SVS Gari-1 | 8 | 202 | 6344674.00 | 127000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 04 | | SVS Gari-2 | 9 | 220 | 7302912.00 | 147000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 05 | | SVS Lukumkhar | 9 | 171 | 6536392.00 | 131000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 06 | | SVS Parsahi | 7 | 231 | 6390096.00 | 128000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 07 | | SVS Rabdi | 12 | 239 | 8801575.00 | 177000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 08 | | SVS Hosir | 7 | 135 | 4794900.00 | 96000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 09 | | SVS Patratu-2 | 7 | 110 | 4124438.00 | 83000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 10 | | SVS Latdag | 11 | 150 | 7983449.00 | 160000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 11 | | SVS Harnamar | 9 | 123 | 4794345.00 | 96000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 12 | | SVS Damodar | 9 | 142 | 6817986.00 | 137000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 13 | | SVS Durangi Khurd | 6 | 177 | 5378156.00 | 108000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 14 | | SVS Chatuwag-2 | 7 | 90 | 4926900.00 | 100000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 15 | | SVS Bhusur-1 | 8 | 137 | 6281600.00 | 126000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 16 | | SVS Hotbag | 11 | 201 | 8929528.00 | 179000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 17 | | SVS Durangi Kala | 11 | 245 | 8931208.00 | 179000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 18 | | SVS Ker-1 | 14 | 387 | 12279198.00 | 246000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 19 | | SVS Batheth | 18 | 244 | 12539579.00 | 251000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 20 | | SVS Aan | 18 | 444 | 14333084.00 | 287000.00 | 10000.00 | 03 Month |

1- Eastimated cost & earnest Money may Be Changed
2- Further Detail can Be seen on website http//:jharkhandtender.gov.in
3- Only Registered Contractor in this Department in (Appropriate class) Participate in said Tender.

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar

PR 293948 Drinking Water and Sanitation(22-23).D

## स्पीड न्यूज

### मोटरसाइकिल हुई चोरी

**चंदवा।** चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज पथ पर थाना क्षेत्र के लोहरसी में लगने वाले साप्ताहिक बाजार हाट से मंगलवार के देर शाम बेरियाटांड़ निवासी उमेश उरांव पिता गुलचंद उरांव की मोटरसाइकिल जेएच-10-एआर-1057 की चोरी अज्ञात चोरों के द्वारा कर ली गयी। मामले को लेकर भुक्तभोगी ने चंदवा थाना में लिखित आवेदन देकर सूचना दी है। उन्होंने बताया है कि मंगलवार की शाम लगभग 5:00 बजे वह लोहरसी मंगर बाजार में बाइक खड़ी कर सब्जी खरीदने गया। कुछ देर बाद जब वापस लौटा तो बाइक गायब था, आसपास काफी खोजबीन की पर कुछ पता नहीं चल पाया। उन्होंने मामले में प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

### घायल वृद्ध का इलाज के दौरान मौत

**चंदवा।** एनएच-99 रांची-चतरा मुख्य पथ पर स्थित भूसाड़ यात्री शेड के समीप एक घायल अवस्था में बीमार बुजुर्ग व्यक्ति के पड़े वृद्ध को चंदवा पुलिस की टीम ने मानवता का परिचय देते हुये अस्पताल पहुंचाया, हलांकि वृद्ध की जान नहीं बच पायी व इलाज के दौरान मौत हो गयी। मिला जानकारी के अनुसार पुनि सह थाना प्रभारी को सुचना मिली थी कि एक वृद्ध घायलावस्था में पड़ा हुआ है, सूचना मिलते ही चंदवा पुलिस वहां पहुंची बुजुर्ग व्यक्ति को चंदवा सीएचसी लाया। सीएससी में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। काफी प्रयास के बाद उस वक्त बुजुर्ग व्यक्ति का शिनाख्त हो सका व मृत बुजुर्ग व्यक्ति की पहचान सीलमोन टोप्पो (71) चापी (लोहरदगा) के रूप में हुई है। प्रशासन के द्वारा उसके घर वालों को यह सूचना दे दी गई है। परिजनों के अनुसार यह व्यक्ति मानसिक रूप से विक्षिप्त है, विगत डेढ़ माह से अपने घर से लापता था। चंदवा पुलिस ने शव का अंत:परीक्षण के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### बिजली तार गिरने से चपेट में आया पशुधन मौत

**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत के माल्हन गांव में बुधवार को बिजली के तार गिरने से बिजली के तार से झुलस कर किसान पचल गंझु के पशुधान गाय की मौत हो गयी। घटना की सुचना के बाद मुखिया जतरू मुंडा के पहल पर बिजली को तुरंत बाधित किया गया अन्यथा कई और भी इसके चपेट में आ सकते थे। इधर मुखिया गांव पहुंचकर किसान से मुलाकात की विभाग से मुआवजा दिलाने हेतू बात करने का भरोसा दिया। मौके पर बिजली मिस्त्री जागेशर मुंडा,बिरसा गंझु,संजय गंझु देवंति देवी, रेखा देवी मौजूद थे।

### जीटीपीएस के समीप से हुए बाइक चोरी मामले चोर धराया



**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में चंदवा पुलिस ने बाइक चोरी की घटना में संलिप्त बाइक चोर बिकाश कुमार (बादुर बगीचा चंदवा) को गिरफ्तार कर बुधवार को मंडल कारा लातेहार भेज दिया। पुलिस ने बताया कि बीते 12 फरवरी की रात्रि को चंदवा ग्लीटर त्रिवेणी स्कूल के समीप से विजय कुमार रजक (देवी मंडप) की बाइक चोरी हो गई थी। इस मामले में चंदवा थाना कांड संख्या 43/2023 अंकित किया गया था। इस मामले में गुप्त सूचना के आधार पर चोरी गई बाइक को बादुर बगीचा से बरामद किया गया है।

### हाथी के हमले में जान गंवाने वाली के आश्रित को मिला 3 लाख का चेक



चेक प्रदान करते वन विभाग के अधिकारी।

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र के बोदा पंचायत अंतर्गत डूमर चुआं गांव में 18 फरवरी को जंगली हाथी के हमले में जान गंवाने वाली जिपियसक देवी के पति फूलदेव गंझू को बुधवार को वन विभाग के द्वारा 3 लाख रुपये का मुआवजा प्रदान किया गया। पंचायत समिति सदस्य सुशीला टोपनो की मौजूदगी में वन क्षेत्र पदाधिकारी राकेश कुमार ने फूलदेव गंझू को मुआवजा राशि का चेक प्रदान किया। बता दें कि जिपियसक देवी के आश्रितों को पूर्व में दो किस्तों में 1 लाख रुपए का मुआवजा मिल चुका है। मौके पर वन विभाग के विश्वास देव पांडेय, वीरेंद्र कुमार समेत कई कर्मी मौजूद थे।

### बिजली अलर्ट: रामनवमी शोभा यात्रा को लेकर 12 घंटे गुल रहेगी बिजली

➲ दोपहर दो बजे से लेकर रात दो बजे तक बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित: जेई

**बरवाडीह।** रामनवमी महापर्व को लेकर बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय सहित शहर के विभिन्न इलाकों से होते हुए बस स्टेंड तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा शहर के कई मार्गों से निकलने को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से बरवाडीह शहरी इलाकों सहित अन्य ग्रामीण फीडर में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से आज 30 मार्च दिन-गुरुवार को दोपहर दो बजे से लेकर रात दो बजे तक पूरे बारह घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग ने शहरवासियों से अपील की है कि उक्त समय के अंदर इलेक्ट्रिक से जुड़े हुए पेयजल सहित अन्य जरूरत के काम पूर्ण कर लें। मिली जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन ने सुरक्षा को देखते हुए बिजली विभाग को आपूर्ति बंद करने का निर्देश दिया है।

**इन क्षेत्रों में बिजली नहीं रहेगी:** विभाग के कनीय अभियंता विकास कुमार ने बताया कि जैसे-जैसे शोभायात्रा वापस अपने निर्धारित जगह पर लौटेगी। उसके बाद बिजली आपूर्ति शुरू करने का प्रयास किया जाएगा। वहीं लाइनमैन मुन्ना ने बताया कि बरवाडीह, उकामाड़, छेंचा, मंगरा, खूरा, मोरवाई और अमडीहा सहित आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# बारियातू मे नि:शुल्क स्वास्थ्य मेले का आयोजन

## ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं से लाभांवित किया जाएगा: दिनेश कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** झारखंड सरकार व उपायुक्त के निदेर्शानुसार बारियातू मे स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ लातेहार चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रीगन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, उप प्रमुख निशा शाहदेव, बालूमाथ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुरेश राम ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया। स्वास्थ्य मेला के संबंध मे प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने कहा कि इस तरह का नि:शुल्क स्वास्थ्य मेला लगने से गरीब मजदूर व किसानों के लिए बहुत ही लाभदायक साबित होगा। बीडीओ ने कहा कि सरकार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र मे रहने वाले गरीब, मजदूर, असहाय लोगों को जन कल्याणकारी स्वास्थ्य सुविधा पहुचाने के उद्देश्य से प्रखंड स्तरीय नि:शुल्क स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। इस स्वास्थ्य मेला से



स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन करते सिविल सर्जन।

आम जनता को भी लाभ मिलेगा। इसके पश्चात लातेहार चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर दिनेश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि इस स्वास्थ्य मेले में ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। जिसके लिए सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड, गंभीर बीमारी से बचाव के लिए अनुदान राशि सहित अन्य सुविधा दी जा रही है। साथ ही कहा की कोविड अभी गया नहीं है सावधानी बारतने की आवश्यकता है। सामूहिक स्थल मे मास्क का उपयोग जरूर करें। वहीं चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सुरेश राम ने धन्यवाद ज्ञापन से पुर्व लोगों जानकारी देते हुए कहा कि स्वास्थ्य मेला में आने वाले रोगीयों के लिए दंत चिकित्सा, त्वचा की जांच, पोषण के लिए परामर्श, एड्स नियंत्रण के लिए परामर्श, कुष्ठ, टीबी नियंत्रण, मलेरिया, आंख, सहित 15 स्टॉल लगाया गया है। इसके पश्चात आए सभी अतिथियों ने लगे स्टॉल का जायजा लिया एवं रोगियों से संबंधित कई जानकारी भी प्राप्त किया। स्वास्थ्य मेला को सफल बनाने मे डाक्टर अमरनाथ प्रसाद, सुरेन्द्र कुमार, बीपीएम मृत्युंजय कुमार, हिरामन पांडेय, फैमली प्लानिंग बिटिटी शांति देवी, रौशन कुमार, डॉक्टर सुरेंद्र कुमार, नौसाद, सामान्य जाँच संदीप कुमार, राजीव कुमार राजीव रंजन सहित सहिया साथी गौरी देवी, रेखा देवी के अलावे कई सहिया व स्वास्थ्य कर्मी मुख्य भूमिका निभाई।

## पुलिस ने चलाया साफ-सफाई अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



रामनवमी को लेकर सफाई अभियान चलाते।

**बारियातू।** रामनवमी पर्व को लेकर बालूमाथ अनुमंडल पदाधिकारी अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व मे प्रखंड मुख्यालय में थाना पुलिस व आमजनों ने बुधवार को स्वच्छता अभियान चलाया। स्वच्छता अभियान मुख्यालय स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक से प्रारंभ हो कर बस स्टैंड, दुर्गा बाडी, बाजार टांड, राम मंदिर, फुलसु चार मुहान, मध्य विधालय होते प्रखंड कार्यालय तक सड़क के दोनों ओर फैला कूड़ा कचरा को एकत्रित कर ट्रेक्टर के माध्यम से सुरक्षित स्थान पर फेंका गया। इस दौरान सभी अपने अपने हाथों में झाड़ू, फावड़ा, खुरपी लेकर सफाई करते नजर आए। एसडीपीओ भ्ह सिंह ने कहा कि सभी को अपने आसपास के स्थान पर सफाई अभियान चलाना चाहिए, ताकि हम अपने आप को स्वच्छ और स्वस्थ रख सकें। आज के समय में जो भी बीमारियां पैदा हो रही हैं। वह सिर्फ सफाई न रहने के कारण हो रही है। उन्होंने कहा कि बहुत सा पैसा हमारा इन बीमारियों में लग जाता है। लेकिन इसके बावजूद भी लोग समझ नहीं रहे कि सफाई इंसान के जीवन के लिए कितनी जरूरी है जो उनको अनेक बीमारियों से बचा सकती है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया है कि वे सफाई के महत्व को समझें और उसे अपने जीवन में एक आदत की तरह अपनाएं। अंत में सभी सदस्यों ने अपने आसपास सफाई करने की शपथ ली।इस सफाई अभियान में मुख्य रूप से थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, पुलिस अवर निरिक्षक दीपक नारायण सिंह, बिंदेश्वर महतो, महिला पुलिस कर्मी, समाज सेवी शैलेस सिंह, लाल आशिस,पवन कुमार, फुलचंद गंझु, महेश प्रसाद, टिंकु प्रसाद, जुगेंदर पासवान सहित कई पुलिस कर्मी व आमजनों का सराहनीय योगदान रहा।

## राम भक्तों ने निकाली भव्य मोटरसाइकिल रैली

### महावीर मंडल रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र साहू की अगुवाई में निकली थी जूलूस



मोटरसाइकिल रैली में शामिल भक्त।



जूलूस में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददता

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में अष्टमी के उपलक्ष में महावीर मंडल रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र साहू के नेतृत्व में मोटरसाइकिल जुलूस निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में राम भक्तों ने भाग लिया। मोटरसाइकिल जुलूस बालूमाथ के महावीर मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर बालूमाथ थाना चौक, शहीद चौक, ढुलवाही, बड़का बालूमाथ, छठ तलाब, टमटम टोला चौक होते हुए रहमत नगर,मस्जिद चौक होते हुए चेताग ग्राम स्तिथ राजपरिवार लाल रंजीत लाल नाथ शाहदेव के आवास पहुंची जहां सभी का स्वागत शर्बत पिलाकर किया गया। जुसलू में शामिल रामभक्तों ने मोटरसाइकिल पर रामनवमी का झंडा, माथे पर जय श्री राम की पट्टी,गले मे भगवा गमछा पहने हुए था । इस दौरान रामभक्त जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। वही इस दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन चुस्त और दुरुस्त दिखी बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार, बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार, अंचलाधिकारी आफताब आलम, थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद सुरक्षा की कमान संभाल रहे थे। वही इस मोटरसाइकिल जुलूस मे शामिल भाजपा नेता चेतलाल रामदास ने कहा कि समाज को जोड़ने के उद्देश्य से एक ट्रस्ट की स्थापना कराई जाएगी। मौके पर धर्म जागरण मंच के इंदजीत उर्फ लालू यादव, शैलेश सिंह,सुनील पांडे, रामकुमार गुप्ता, सूरज शाह, पंचनंद पांडे, मनोहर गुप्ता, गुड्डू कुमार, प्रदीप कुमार, बहादुर साव, अमन प्रेम, दिलीप कुमार, तिरवेनी साव, गुड्डू साव, दिवाकर साव, विजय कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

## रेवद में सांस्कृतिक कार्यक्रम का राजद के भावी प्रत्याशी ने किया शुभारंभ



**मनिका।** मनिका प्रखंड के विशुनबांध पंचायत अंतर्गत स्थित रेवद खुर्द गांव के देवी मंडप मंदिर के प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित मनिका विधानसभा क्षेत्र के राजद के भावी प्रत्याशी व चुनाव प्रभारी गिरजानंदन सिंह चेरो उर्फ गिरी जी, राजद जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, जिप सदस्य बलवंत सिंह, भाजपा नेता महेश सिंह, समेत अन्यों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गिरजानंदन सिंह ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से लोगों को मनोरंजन का अवसर मिलता है इसलिए सभी लोग शांति पूर्वक ढंग से कार्यक्रम का आनंद ले और कलाकारों का हौसला बढ़ाएं। वहीं गिरजानंदन सिंह ने कलाकारों का उत्साह बढ़ाते हुए हजारों हजार रुपए देकर कलाकारों को पुरस्कृत किया। वहीं कार्यक्रम में आए मुख्य कलाकार चंदन यादव (बिहार), आदित्य राज (बिहार), व्यास लल्लन यादव (लातेहार), मिंटू लाल समेत अन्यों के द्वारा एक से बढ़कर एक गीत संगीत व नृत्य प्रस्तुत किया गया। मौके पर युवा राजद नेता रूपेश यादव, सतीश कुमार यादव,बलराम यादव, सचिन तिवारी, दिनेश यादव, शंकर यादव, रंजीत यादव, संतोष यादव, रघुनंदन यादव, रासबिहारी यादव, झमन सिंह, निरंजन साव, जितेंद्र मेहता, शिवानंद यादव समेत कार्यक्रम देखने के लिए हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ लगी हुई थी।

## नौ कन्या पूजन व राम उत्सव का आयोजन



**लातेहार।** बासंतिक चैत्र नवरात्र के महा अष्टमी तिथि को विश्व हिंदू परिषद के दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति के तत्वावधान में नौ कन्या पूजन एवं श्रीराम उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला संयोजिक कंचन शौंडिक ने की। कार्यक्रम का आयोजन शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर परिसर में किया गया। कार्यक्रम में नौ कुंवारी कन्याओं का पूजन किया गया। मौके पर संबोधित करते हुए जिला संयोजिका कंचन शौंडिक ने भगवान श्रीराम के चरित्र का वर्णन किया। उन्होने कहा कि भगवान श्रीराम ने अपने पिता के वचनों मान रखने के लिए 14 वर्षों का वनवास हंसते-हंसते स्वीकार कर लिया था। उन्होने समाज में एक आर्दश स्थापित किया और दुराचारी रावण का वध कर असत्य पर सत्य की विजय दिलायी और मयार्दा पुरूषोतम कहलाये। सुश्री शौंडिक ने आगे कहा कि रामनवमी का पर्व चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम का का जन्म हुआ था। सह संयोजिका स्वाती गुप्ता ने किशोरियों को सशक्त होने की अपील की कहा कि भारत में मातृ शक्ति को सर्वोपरी स्थान दिया गया है। कार्यक्रम में नगर संयोजिका जया कुमारी, अंकिता विश्वकर्मा, सोनल कुमारी, अमिशा चौहान, सोनम वर्मा, कुमकुम कुमारी, अनुराधा शौंडिक, स्वेता गुप्ता, खुशी कुमारी, पीहू दास, सिद्धी दास समेंत दुर्गा वाहिनी की कई सदस्य उपस्थित थी।

## श्रीरामनवमी को लेकर भगवामय हुआ चंदवा

➲ महाष्टमी पर निकली भव्य जुलूस, मंदिरो में हनुमान चालिसा पाठ व मंगला जूलूस का भी हुआ आयोजन



महाष्टमी जूलूस में शामिल रामभक्त।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** श्रीरामनवमी पूजा को लेकर चंदवा का महौल भक्ति व भगवा मय हो गया है। बच्चे, युवा, बुर्जुग सभी वर्ग के लोग भगवान राम व भक्त हनुमान की भक्ति में लिन देखे जा रहे हैं। महाष्टमी के दिन बुधवार को संध्या बेला में भव्य बाईकु जुलूस निकाली गयी, जिसकी शुरूआत हाई स्कूल खेल स्टेडियम से हुयी जो मीशन स्कूल रोड, इंदिरा गांधी चौक, मुख्य बाजार, सुभाष चौक, शुक्रवाजार, चांदनी चौक अलौदिया, हरैया, कुजरी होते भुषाढ़ के समीप पहुंची, जलपान के बाद बाईक जुलूस कुजरी मंदिर पहुंची जहां हनुमान चालिस पाठ का आयोजन किया गया। इसके उपरांत कंचन नगरी होते बाईक जुलूस राम दरबार मंदिर प्रांगण पहुंच कर संपन्न हो गयी। बाईक जुलूस के दौरान भगवान राम व हनुमान के जयघोष से पुरा शहर गुजायमान रहा वहीं जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं के लिए महावीर मंदिर शुक्रबाजार, कामता मंदिर, भुषाढ़, कुजरी मंदिर में लस्सी, जलपान का प्रबंध किया गया था।

### कई मंदिरो में हनुमान चालिसा पाठ व मंगला जूलूस का भी हुआ आयोजन

इसके पूर्व मंगलवार की संध्या बेला में पंचमुखी हनुमान मंदिर, श्रीराम चौक हरैया व कंचन नगरी महावीर मंदिर में हनुमान चालिस पाठ का आयोजन किया गया। वहीं महावीर मंदिर शुक्रबाजार से मंगला जूलूस भी निकाली गयी। इन कार्यक्रमो में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय लातेहार में जन चौपाल कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



चौपाल में उपस्थित लोग।

लातेहार। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय लातेहार में जन चौपाल कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुई। जन चौपाल कार्यक्रम प्रखंड बरवाडीह के छिपादोहर मंडल में चार अप्रैल मंगलवार 1:00 बजे अपराहन को सुनिश्चित है। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास जन चौपाल कार्यक्रम में भाग लेंगे। बैठक में पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि जन जन के नेता विकास पुरुष रघुवर दास का आगमन छिपादोहर में होने जा रहा है, जिसमें आम जनता एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे। अतः आप सभी सम्मानित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कार्यक्रम की सफलता को लेकर कार्य योजना तय कर सफल बनाएंगे। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्ष राजधानी प्रसाद यादव ने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता से लेकर जिला स्तर के कार्यकर्ता इस जन चौपाल कार्यक्रम में अपना शत-प्रतिशत शक्ति लगाएंगे तथा आम जनता का पूर्ण समर्थन मिलेगा। क्योंकि रघुवर दास विकास पुरुष हैं। इन्होंने अपने मुख्यमंत्री काल में पूरे झारखंड राज्य में शांति व्यवस्था कायम की तथा पूरे राज्य में विकास का कार्य किए थे। अभी जिला में बूथ सशक्तिकरण का कार्य समापित पर है जैसे ही वह सशक्तिकरण का कार्य संपन्न होगा, जिला में हम सभी सांगठनिक रूप से मजबूत होंगे। कार्यक्रम का संचालन जिला के महामंत्री पंकज सिंह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री बंसी यादव ने किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, उषा देवी, मोती सोनी, जिला मंत्री रेनू देवी, जिला कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता, सोशल मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पांडे, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष छोटू राजा, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष शीला देवी, दिशा सदस्य रामदेव सिंह, कार्यालय मंत्री गणेश प्रसाद, अशोक सिंह, मीडिया प्रभारी पवन प्रसाद, ओबीसी जिला महामंत्री विष्णु प्रसाद गुप्ता, संदीप उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सरयू में स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन सैकड़ों मरीजों ने उठाया लाभ



स्वास्थ्य मेला शुभारंभ करते।

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड कार्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख अंमिता देवी, जिला परिषद सदस्य बुद्धेश्वर उरांव, 20 सूत्री सदस्य उमेश प्रसाद, उप प्रमुख सुनील उरांव, बीडीओ सालखू हेम्ब्रम, सीओ शंभू राम, चोराहा पंचायत के मुखिया अंकिता देवी, घासीटोला पंचायत के मुखिया प्रमिला देवी, गनेशपुर पंचायत के मुखिया राजेश सिंह, लातेहार सदर अस्पताल के डीएस डॉक्टर अरविंद कुमार, गारू रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अरविंद कुमार, ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को उद्घाटन किया। वहीं इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य बुद्धेश्वर उरांव ने कहा कि हरेक व्यक्ति को स्वास्थ सुविधा दिलाना सरकार का लक्ष्य है। सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य मेला में, आयुष्मान कार्ड, मलेरिया, शिशु स्वास्थ्य, फलेरिया, मोतियाबिंद, परिवार नियोजन, कुष्ठ रोग समेत अनेकों प्रकार की बीमारियों का अलग-अलग स्टॉल लगाकर निशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवाइयों का वितरण किया गया। वहीं सुदूरवर्ती क्षेत्र के सैकड़ों मरीजों ने स्वास्थ मेला का लाभ उठाया। वहीं चिकित्सकों के द्वारा मरीजों को स्वास्थ्य से संबंधित अन्य जानकारियां भी दिया गया।

## श्री रामनवमी शुभ अवसर पर नृत्य कार्यक्रम का किया गया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सदर प्रखंड के सासंग पंचायत के समीप पतरातू ग्राम में मंगलवार को राम नवमी पूजा के शुभ अवसर पर राम नवमी पूजा कमेटी के सदस्य चंदन प्रसाद ददन साव, रवि पांडे पवन चरण, विनय पांडे, शिशुपाल सिंह अवधेश पांडे, विजय प्रसाद संजय साव की अगुवाई में नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर लोटो, मानिकपुरा, कुरा मंडली की कलाकार इस कार्यक्रम में भाग लिया। जहां पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यास देव नारायण तिवारी, ब्यास सुदेश्वर यादव, अनुज तिवारी, बीरबल शुक्ला, अनुज तिवारी, जय प्रकाश प्रजापति मुख्य रूप से उपस्थित थे। नृत्य कार्यक्रम की शुरूआत हनुमान चालीसा और श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, इस गीत से किया गया। वही व्यास के भगवान राम की कथा को बड़े ही विधिपूर्वक भजन के साथ सुनाया



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

गया। इस भजन को सुन लोग भगवान के मंगन में डूब गए। वहीं झाल कीर्तन की गूंज से पूरा गांव झूम उठा। व्यास के द्वारा चेईता गीत भी गाया गया। यह कार्यक्रम शाम 6:00 बजे से सुबह 2:00 बजे तक चला। इसके उपरांत कमेटी के सदस्य चंदन प्रसाद ने बताया कि राम नवमी पूजा के उपलक्ष में नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस तरह के कार्यक्रम होने से लोग काफी प्रभावित होते हैं और संगठन भी मजबूत होता है। आगे उन्होंने कहा कि हर साल की भांति इस बार भी भंडारा का भी आयोजन किया गया है। ददन प्रसाद ने बताया कि कल अखंड का आयोजन किया गया है। इस खंड में दूर-दूर से लोग आकर इस अखंड में भाग लेंगे। अखंड समय शाम 6:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक रखा गया। पवन चरण ने बताया कि हर साल की भांति इस बार भी रामनवमी का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से निकाला जाएगा।






### प्रज्जवल देव मैसुरु ओपन के प्री क्वाफा में

**मैसूरु।** भारत के एस डी प्रज्जवल देव ने बुधवार को यहां हमवतन एस अभिनव संजीव को हराकर आईटीएफ मैसुरु ओपन के पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। प्रज्जवल ने संजीव को सीधे सेट में 6-4 7-5 से हराया। प्रज्जवल को अनुभवी भारतीय खिलाड़ी और पांचवें वरीय रामकुमार रामनाथन से भिड़ना था लेकिन चोट के कारण उन्हें टूर्नामेंट से हटना पड़ा। प्रज्जवल इस 25 हजार डॉलर इनामी टूर्नामेंट के अगले दौर में हमवतन सिधु वर्धन से भिड़ेंगे। दिन का सबसे बड़ा उलटफेर ब्रिटेन के गैरवरीय जॉर्ज लोफहेगेन ने किया। दुनिया के 182वें नंबर के खिलाड़ी लोफहेगेन ने वियतनाम के शीर्ष वरीय नैम होएंग ली को 6-3 6-4 से हराया।

### मोर्ने मोर्केल होंगे पाक के गेंदबाजी कोच

**नयी दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मोर्ने मोर्केल को पाकिस्तान की पुरुष टीम का नया गेंदबाजी कोच बनाया जाना तय है और उनके साथ उनके हमवतन एंड्रयू पुटिक भी होंगे जो उनके नए बल्लेबाजी कोच होंगे। नई घोषित नियुक्तियों के अलावा, पीसीबी के पास मिकी आर्थर उनके सलाहकार के रूप में होंगे क्योंकि वह डबीशायर के मुख्य कोच के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को निभाना जारी रखेंगे।

### विश्व कप: भारत - पाक का भिड़ंत बांग्लादेश में

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के भारत के साथ राजनीतिक तनाव के कारण अपने विश्व कप मुकाबले इस देश के बजाय बांग्लादेश में खेलने की अटकलों को बुधवार को आइसीसी के सूत्रों ने खारिज करते हुए इसे कोरी कल्पना' करार दिया। आईसीसी का यह खंडन उन खबरों के बाद आया जिनमें कहा गया था कि हाल ही में दुबई में आइसीसी बोर्ड की बैठक के दौरान पाकिस्तान के अपने लीग मुकाबले बांग्लादेश में खेलने को लेकर चर्चा हुई थी। बीसीसीआइ ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वीजा हासिल करने में कोई समस्या नहीं होगी।

# आइपीएल 2023 : एमएस धोनी को हार्दिक पंड्या से मिलेगी टक्कर

**आइपीएल 2023**

- आइपीएल 2023 के पहले मैच में गुजरात की टक्कर चेन्नई से
- मैदान पर फिर नजर आने वाले हैं महेंद्र सिंह धोनी
- नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा सीजन का पहला मैच

एजेंसी

**अहमदाबाद।** आइपीएल 2023 की शुरूआत गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबले के साथ होगी। 31 मार्च को नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर यह मुकाबला खेला जाएगा। इस मुकाबले से पहले ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन भी किया जाएगा। महेंद्र सिंह धोनी करीब एक साल बाद एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर दिखेंगे। 2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके धोनी सिर्फ आईपीएल में ही खेलते हैं। दूसरी तरफ गुजरात टाइटंस ने डेब्यू सीज में ही धुरंधरों को मात देकर खिताब जीता था। वह एक बार फिर इस कारनामे को दोहराना चाहेगी। इतिहास के सबसे सफल कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के लिए आखिरी हो सकता है।



**आईसीसी रैंकिंग:** हार्दिक पंड्या गेंदबाजों की सूची में 10 स्थान के सुधार के साथ 76वें पायदान पर पहुंच गए हैं।

### पहली बार आइपीएल में नजर आएंगे जो रूट

पहली बार आइपीएल में खेलने से पूर्व राजस्थान रॉयल्स के इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने कहा है कि वह 31 मार्च से शुरू हो रहे टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करेंगे और गेंदबाजों के खिलाफ कुछ नया करने की कोशिश करेंगे। रूट ने टीम की प्रेस विज्ञप्ति में कहा, मैं प्रयास करूंगा कि अधिक से अधिक खुद को जाहिर कर पाऊं और गेंदबाजों के खिलाफ कुछ नया करने का प्रयास करूंगा। मुझे यकीन है कि मैं इसका लुत्फ उठाऊंगा और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करूंगा। इस 32 वर्षीय बल्लेबाज ने यहां अभ्यास सत्र से पहले अपनी नई टीम के बारे में बात की।

### इस प्रकार हैं दोनों टीमें

**गुजरात टाइटंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), राशिद खान, राहुल तेवतिया, शुभमन गिल, मोहम्मद शमी, शिवम मावी, जोशुआ लिटिल, यश दयाल, डेविड मिलर, आर साई किशोर, अभिनव सदरंगानी, अल्जारी जोसेफ, मैथ्यू वेड, केन विलियमसन, रिद्धिमान साहा, जयंत यादव, विजय शंकर, केएस भरत, ओडियन स्मिथ, मोहित शर्मा, नूर अहमद, उर्विल पटेल प्रदीप सांगवान, दर्शन नालकंडे, साईं सुदर्शन।

**चेन्नई सुपर किंग्स:** एमएस धोनी (कप्तान), डेवॉन कॉनवे, ऋतुराज गायकवाड़, अंबाती रायडू, सुभ्रांशु सेनापति, मोईन अली, शिवम दुबे, राजवर्धन हैंगरगेकर, ड्वेन प्रिटोरियस, मिचेल सेंटनर, रवींद्र जडेजा, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मतीशा पथिराना, सिमरजीत सिंह, दीपक चाहर, प्रशांत सोलंकी, महेश ठीकशाना, अजिंक्य रहाणे, बेन स्टोक्स, शेख रशीद, निशांत सिंधु, सिसंडा मगाला, अजय मंडल, भगत वर्मा।

### अय्यर को लेकर अभी भी आस नहीं छोड़ रही केकेआर

**कोलकाता** कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित को उम्मीद है कि उनके नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर ह्यबहुत जल्दह्ल टीम में वापसी करेंगे। इस भारतीय खिलाड़ी की गैरमौजूदगी में नीतीश राणा आईपीएल के आगामी सत्र में टीम के नेतृत्वकर्ता की भूमिका में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। अय्यर बार-बार होने वाली पीठ दर्द के कारण आईपीएल के शुरूआती मुकाबलों से बाहर हो गये है। वह इस समस्या के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले और चौथे टेस्ट में भी नहीं खेल पाए थे। टीम के नए कोच चंद्रकांत पंडित ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'मैंने जो भी थोड़ा बहुत क्रिकेट खेला है या कोचिंग दी है, मैं टीम में खिलाड़ी की अनुपलब्धता जैसी चीजों को ज्यादा तवज्जो नहीं देता हूं।



### राहुल की टीम में सूरमाओं का चौंकाने का दम

**नयी दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स वैसे तो पहली नजर में ढीली टीम नजर आती है, लेकिन इसके बावजूद कई खिलाड़ी ऐसे हैं, जो टीम को चैंपियन बना सकते हैं। कई क्रिकेट एक्सपर्ट टीम को कमतर आंक रहे हैं। खासकर केएल राहुल की फॉर्म उतनी अच्छी नहीं है, जिसक कद के वो खिलाड़ी हैं। टीम की कोचिंग गौतम गंभीर के पास है, जो रणनीति मनाने में माहिर हैं। उन्होंने जरूर इस बारे में कोई प्लान किया होगा। केएल राहुल की कप्तानी में लखनऊ सुपर जायंट्स 2022 में तीसरे स्थान पर रही थी। हर किसी के मन में सवाल यह है कि क्या वे इस बार उससे बेहतर कर सकते हैं?

**लखनऊ सुपर जायंट्स की ताकत :** दीपक हुड्डा, क्रुणाल पंड्या, कृष्णप्पा गौतम, रोमारियो शेफर्ड और मार्कस स्टोइनिस के रूप में ऑलराउंडरों की फौज है। क्विंटन डि कॉक और केएल राहुल के रूप में उनके पास एक विश्वसनीय और विस्फोटक सलामी जोड़ी है। हालांकि, क्विंटन डि कॉक कुछ मैचों से बाहर रह सकते हैं। पावर-पैक बैटिंग लाइनअप का मतलब है कि वे बड़े स्कोर का पीछा कर सकते हैं और साथ ही एक सेट भी कर सकते हैं।

### एक झलक

**टीम और समय**
गुजरात टाइटंस बनाम चेन्नई सुपर किंग्स, 31 मार्च शाम 7.30 बजे से

**सीजन खेले**
गुजरात टाइटंस: 01
चेन्नई सुपर किंग्स: 13

**खिताब जीते**
गुजरात टाइटंस: 01
चेन्नई सुपर किंग्स: 04

**कप्तान**
गुजरात टाइटंस: हार्दिक पंड्या
चेन्नई सुपर किंग्स: महेंद्र सिंह धोनी

**हेड कोच**
गुजरात टाइटंस: आशीष नेहरा
चेन्नई सुपर किंग्स: स्टीफेन फ्लेमिंग

**हेड टू हेडे**
गुजरात टाइटंस: 02
चेन्नई सुपर किंग्स: 0

**आइपीएल 2022 में टॉप परफॉर्मर**
गुजरात टाइटंस
सबसे ज्यादा रन: हार्दिक पंड्या (487 रन)
सबसे ज्यादा विकेट: मोहम्मद शमी (20 विकेट)
चेन्नई सुपर किंग्स
सबसे ज्यादा रन: रुतुराज गायकवाड़ (368 रन)
सबसे ज्यादा विकेट: ड्वेन ब्रावो (16 विकेट)

**आइपीएल 2023 ऑक्शन के सबसे महंगे खिलाड़ी**
गुजरात टाइटंस: शिवम मावी (6 करोड़)
चेन्नई सुपर किंग्स: बेन स्टोक्स (16.25 करोड़)

भारतीय क्रिकेट इतिहास के सबसे सफल कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के लिए आखिरी हो सकता है। हो सकता है कि माही इस सीजन के बाद कभी येलो जर्सी में खेलते नजर ही न आए। धोनी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और साल भर में सिर्फ दो महीने आइपीएल के दौरान ही क्रिकेट खेलते हैं। चार बार की सीएसके हर हाल में अपने कप्तान को एक सम्मानजनक विदाई देना चाहेगा।

## मेसी ने हैट्रिक जड़ लगाया खास शतक

एजेंसी

**अर्जेंटीना।** पीएसजी और अर्जेंटीना के लिए खेलने वाले दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेसी इस वक्त चर्चा में बने हुए हैं। उन्होंने हाल ही में अपने देश के लिए खेलते हुए शानदार अंदाज में हैट्रिक जड़ी है जिसके चलते वह सुर्खियों में बने हुए हैं। मेसी ने इस हैट ट्रिक के साथ एक खास शतक भी जड़ा है। दरअसल, मेसी ने इंटरनेशनल फुटबॉल में अर्जेंटीना के लिए खेलते हुए अपने 100 गोल पूरे कर



लिए हैं। मेसी को उनके 100वें गोल के लिए लो सेलसो ने असिस्ट किया। लियोनेल मेसी ने कुराकाओ के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय फ्रेंडली मैच के पहले हाफ में हैट्रिक बनाकर अर्जेंटीना के लिए 100 गोल करने के आंकड़े को पार कर लिया। बीते दिसंबर में फाइनल में फ्रांस को मात देने के बाद विश्व कप का खिताब अर्जेंटीना ने अपने नाम किया था। उसके बाद से अर्जेंटीना के लिए खेल रहे अपने दूसरे ही मैच में अर्जेंटीना ने कुराकाओ को 7-0 से करारी शिकस्त दी। 35 साल के मेसी ने मैच के 20वें मिनट में टीम का खाता खोलने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय मैचों में 100 गोल के आंकड़े को पूरा किया। उन्होंने इसके बाद 33वें और 37वें मिनट में भी गोल दागे। मेसी के नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब 102 गोल हो गए हैं।

## राशिद खान बने नंबर-1 गेंदबाज, गिल ने भी बिखेरा जलवा

एजेंसी

**दुबई।** अफगानिस्तान टी20 टीम के कप्तान राशिद खान पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज विजय के बाद टी20 गेंदबाजों की सूची में एक बार फिर शीर्ष पर लौट आये हैं। आइसीसी की ओर से बुधवार को जारी नवीनतम रैंकिंग के अनुसार, राशिद 710 रेटिंग पॉइंट के साथ वानिन्दू हसरंगा (695) को पछाड़कर नंबर एक पर पहुंच गये। कप्तान राशिद ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में बेहद किफायती गेंदबाजी की और 12 ओवर में तीन विकेट चटकाते हुए सिर्फ 62 रन दिये। राशिद सबसे पहले फरवरी 2018 में टी20 गेंदबाजों की सूची के शीर्ष पर पहुंचे थे। हसरंगा ने नवंबर 2022 में राशिद को हटाकर ही नंबर एक स्थान हासिल किया था। राशिद के अलावा मुजीब उर रहमान (आठवां स्थान) और फजलहक फारूकी (तीसरा स्थान) ने भी टी20 गेंदबाजों के शीर्ष 10 में जगह बना ली है। ऑफ-स्पिनर मुजीब ने सीरीज में कुल चार विकेट लिये थे, जबकि फारूकी ने पांच सफलताएं हासिल की थीं। ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर ऐडम जैंपा वनडे रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर आ गये हैं। जैंपा ने चेन्नई में भारत के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में 45 रन के बदले चार विकेट ऑस्ट्रेलिया की सीरीज जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल एकदिवसीय बल्लेबाजों की सूची में पांचवें स्थान पर बरकरार हैं, जबकि उन्होंने करियर की सर्वश्रेष्ठ 738 रेटिंग हासिल कर ली है। कप्तान रोहित शर्मा एक स्थान की छलांग लगाकर आठवें पायदान पर पहुंच गये हैं।

### मुरजिन से जीते अरविंद, खिताब के करीब

**नयी दिल्ली।** जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में चल रहे 45 लाख रुपेय पुरुस्कार राशि वाले 20वें दिल्ली इंटरनेशनल ग्रांड मास्टर टूनार्मेंट में 9 राउंड के बाद भारत के ग्रांड मास्टर अरविंद चितांबरम खिताब के बेहद करीब पहुँच गए है। नौवे राउंड में अरविंद नें उनके साथ संयुक्त बढ़त पर चल रहे रूस के युवा ग्रांड मास्टर मुरजिन बोलोदर को पराजित करते हुए एकल बढ़त बना ली है। सफेद मोहरो से खेल रहे अरविंद नें कारो कान ओपनिंग में 40 चालों में शानदार जीत दर्ज की और अब जबकि सिर्फ एक राउंड बाकी है देखना होगा की क्या वह खिताब जीत पाएंगे। अब तक खेले गए 9 राउंड में उन्होने अपराजित रहते हुए 8 जीत और 1 ड्रॉ का परिणाम दर्ज करते हुए 8 .5 अंक बनाए है। हालांकि जॉर्जिया के लेवान पंट्सूलिया और लूका पाइचादे ,रूस के बोरिस शेवचेंकों, अलेक्सी फेडोरोव और आलेक्सेज आलेक्सन्द्रोव 8 अंक बनाकर सयुंक्त दूसरे स्थान पर चल रहे है।

### मियामी ओपन टेनिस: रायबकिना ने ट्रेविसन को हरा लगातार 12वीं जीत दर्ज की मियामी

**गार्डन्स।** मौजूदा विंबलडन चैंपियन ऐलेना रायबकिना ने मियामी ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में 25वीं वरीयता प्राप्त मार्टिना ट्रेविसन पर 6-3, 6-0 की जीत आसान जीत दर्ज की। रायबकिना ने इस दौरान लगातार 10 ऐस लगाये और वह लगातार 12वें मुकाबले में अजेय रहीं। कजाकिस्तान का प्रतिनिधित्व कर रही 23 साल की इस खिलाड़ी की यह साल की 20वीं जीत है। इस दौरान उन्हें चार मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। सेमीफाइनल में उनके सामने तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला की चुनौती होगी। पेगुला ने अमेरिका की दो खिलाड़ियों के मुकाबले में 27वें स्थान पर काबिज अनास्तासिया पोटापोवा को बारिश से प्रभावित मैच में 4-6, 6-3, 7-6 से हराया। पुरुषों के चौथे दौर के मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास को करेन खाचानोव ने 7-6 , 6-4 से हराया, जबकि गत चैंपियन कार्लोस अलकराज, टेलर फ्रिट्ज और जननिक सिनर जैसे वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने अपने-अपने मुकाबलों को सीधे सेट में जीता।

### स्कॉटलैंड ने स्पेन को हराया, क्रोएशिया भी जीता

**ग्लास्गो।** स्कॉट मैकटोमिनाय के दो गोल से स्कॉटलैंड ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग मुकाबले में स्पेन को 2-0 से हराकर इस टीम के खिलाफ 39 साल में पहली जीत दर्ज की। मैकटोमिनाय ने इससे पहले शनिवार को साइप्रस के खिलाफ टीम की 3-0 की जीत के दौरान भी दो गोल दागे थे। इसके साथ की यूरोपीय क्वालीफायर में स्पेन को 19 मैच का अजेय अभियान भी थम गया। इस जीत से स्कॉटलैंड की टीम ग्रुप ए में दो मैच में दो जीत से छह अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है। ग्रुप के एक अन्य मैच में जॉर्जिया और नॉर्वे का मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा। ग्रुप डी में मातियो कोवासिच के दो गोल से क्रोएशिया ने तुर्की को 2-0 से हराकर पहली जीत दर्ज की। इसी ग्रुप के एक अन्य मुकाबले में कीफर मूर के गोल से वेल्स ने लातविया को 1-0 से हराया। ग्रुप आई में रोमानिया और स्विट्जरलैंडड ने भी अपने अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। स्विट्जरलैंड ने इजराइल को 3-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। रोमानिया ने बेलारूस को 2-1 से हराया। एक अन्य मैच में कोसोवा और एंडोरा ने 1-1 से ड्रॉ खेला।

### धोनी से मैंने शांत रहना सीखा : स्मिथ

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी स्टीव स्मिथ ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2017 सत्र में भारत के महान खिलाड़ी महेन्द्र सिंह धोनी के सामने कप्तानी करना थोड़ा मुश्किल था लेकिन उन्होंने इस करिश्माई कप्तान से विषम परिस्थितियों में भी शांत रहना सीखा। स्मिथ ने 2017 में राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स (आरपीएस) की कप्तानी की थी। इस सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स ने प्रतिबंध के कारण हिस्सा नहीं लिया था। धोनी इस टीम का हिस्सा थे। स्मिथ आइपीएल के आगामी सत्र के दौरान कमेंट्री टीम का हिस्सा होंगे। उनकी कप्तानी में 2017 में आरपीएस की टीम फाइनल में महज एक रन से खिताब जीतने से चूक गई थी।

# पैसे को लेकर हुए आपसी विवाद में फेंका तेजाब, महिला-बच्चे समेत नौ लोग जख्मी

एजेंसी

**सुपौल।** सुपौल में 9 हजार रुपए के विवाद में दो भाइयों में मारपीट हो गई। इसमें एक पक्ष ने तेजाब से हमला कर दिया। इसमें 3 बच्चे समेत 9 लोग जख्मी हो गए। घटना जदिया थाना अंतर्गत रघुनाथपुर गांव के वार्ड-03 की है। सभी का इलाज अनुमंडल अस्पताल त्रिवेणीगंज में चल रहा है। तेजाब से महारानी देवी (28), गौरव कुमार (6), प्रियम कुमारी (4), साजन कुमारी (10), तारनन्द यादव (65), करण कुमार (26), अरुण कुमार (28) और तेजाब हमला करने के आरोपी प्रभास कुमार की मां सुलेखा देवी (40) भी घायल हो गई। वहीं आरोपी प्रभास कुमार (20) भी मामूली रूप से जख्मी है।

**4 साल पहले लिया था 9 हजार रुपया**

प्रभास ने बताया कि उसके चचेरे भाई ने 2019 में 9 हजार रुपए कर्ज लिया था। तब वह चेन्नई में काम कर रहा था। रुपए को मांगने को लेकर अक्सर विवाद होता था। बुधवार की दोपहर भी करीब दो बजे पैसे के विवाद को लेकर मारपीट शुरू हो गई। इसके बाद उधर से भी तेजाब से हमला किया गया। इसके बाद मैंने भी तेजाब फेंक दिया है। घटना के बाद मौके पर पहुंची 112 डायल पुलिस की टीम ने सभी घायलों को त्रिवेणीगंज अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां तैनात चिकित्सक डॉक्टर ने सभी का इलाज किया। डॉक्टर ने बताया कि 3 बच्चे सहित कुल 9 लोग जख्मी हैं। इसमें महिला भी शामिल है।



**बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर**

त्रिवेणीगंज अनुमंडल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सभी को हायर सेंटर रेफर किया गया। घटना के संदर्भ में मौके पर पहुंचे डायल 112 के पुलिस पदाधिकारी का कहना है कि आपसी विवाद में तेजाब से हमले की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर इन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**बीच बचाव के दौरान महिलाएं भी जख्मी**

जख्मी महिला महारानी देवी ने बताया कि दोनों रुपए को लेकर आपस में लड़ाई कर रहे थे। इसी बीच प्रभास कुमार घर से तेजाब में रखे बोतल लेकर हम लोगों पर तेजाब फेंक दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे छोटे ससुर तारानंद यादव भी बुरी तरह झुलस गए। उनके कमर से लेकर ऊपर तक बुरी तरह से जल गया। तरुण यादव बताते हैं कि दोनों पक्ष में लड़ाई हो रहा था और हम बीच बचाव कर रहे थे।

### सीएम नीतीश कुमार को मिला कांग्रेस का जवाब



**पटना।** भाजपा के विरोध में विपक्षी पार्टियों की एकजुटता को लेकर पेंच अभी भी फंसा हुआ है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को कहा कि हमलोग तो कांग्रेस की तरफ से इंतजार कर रहे हैं। इसपर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा है कि परसों कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह सहित 17-18 पार्टियों के नेता डिनर पर गए थे। उसमें राहुल गांधी भी मौजूद थे। अखिलेश प्रसाद सिंह ने बताया कि यह निर्णय हुआ कि रीजनल पार्टी के बड़े नेताओं को बुलाकर बात की जाए। नीतीश कुमार को भी इसकी जानकारी होगी। कांग्रेस, नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव आदि को बुलाकर जल्द ही वार्ता करेगी और आम राय बनाएगी। इसमें कोई देर नहीं होगी। बता दें कि एक माह पहले भाकपा माले के अधिवेशन में भी नीतीश कुमार ने कहा था कि उनको कांग्रेस के फैसले का इंतजार है। तब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने कहा था कि 'बस बात इतनी सी है कि पहले आई लव यू कौन कहे।

### लैंड फॉर जॉब्स स्कैम में अगली सुनवाई 8 मई को, राबड़ी व मीसा पहुंचे थे कोर्ट

## 4 हफ्ते में सप्लीमेंट्री चार्जशीट पेश करेगी सीबीआइ

एजेंसी

**पटना।** रेलवे में लैंड फॉर जॉब्स स्कैम में बुधवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने आरोपियों की चार्जशीट कॉपी देने को कहा है। उइकने इस मामले में कोर्ट से सप्लीमेंट्री चार्जशीट पेश करने के लिए 4 हफ्ते का वक्त मांगा है। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 8 मई की तारीख रखी है। सुनवाई के लिए राबड़ी और मीसा भारती दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे थे। लालू यादव बुधवार को सुनवाई के दौरान मौजूद नहीं थे। लालू के वकील ने उनके खराब स्वास्थ्य का हवाला दिया। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 15 मार्च को हुई सुनवाई में लालू प्रसाद, राबड़ी देवी और मीसा भारती को 50 हजार रुपए के मुचलके पर जमानत दे दी थी। यह मामला तब का है जब लालू प्रसाद 2004 से 2009 के बीच देश के रेल मंत्री थे। तब रेलवे के ग्रुप डी के अभ्यर्थियों से जमीन लेकर नौकरी देने का आरोप है। इस मामले में सीबीआई ने जांच के बाद लालू प्रसाद, राबड़ी देवी, मीसा भारती समेत16 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर रखा है। सीबीआई का मानना है कि रेलवे की प्रक्रिया का उल्लंघन करके अवैध तरीके से नियुक्तियां की गईं। सीबीआई ने पिछले साल 18 मई को लालू यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया था। 24 ठिकानों पर छापेमारी हुई थी 6 मार्च को सीबीआई की टीम ने राबड़ी देवी के पटना स्थित सरकारी आवास पर राबड़ी देवी से पूछताछ की थी। इसके बाद ईडी ने 10 मार्च को रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में लालू प्रसाद यादव के परिवार के सदस्य समेत कई करीबियों के घर छापेमारी की थी। 24 ठिकानों पर छापेमारी हुई थी।

### युवक की गला रेत कर हत्या

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिले के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के आलमपुर कोदरिया वार्ड-1 मुहल्ला में बुधवार को एक युवक का शव घर के कमरे में मिलने से क्षेत्र से सनसनी फैल गई। युवक की गला रेत कर हत्या की गई है। युवक की पहचान गांव के मोहम्मद नथुनी मियां के पुत्र मोहम्मद शहीद (35) के रूप में की गई है। बताया गया है कि युवक 8 सालों से कैंसर रोग से पीड़ित था। उधर, घटना की सूचना पर विभूतिपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है। युवक मोहम्मद शहीद बीमार होने के बाद अपने मुख्य घर से अलग एक कमरा में रहता था। उसकी पत्नी इशरत बेगम और बच्चे दो महीना पूर्व मायके चली गई थी।

# रामनवमी को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां पूरी

## जानिए राजधानी का ट्रैफिक प्लान

एजेंसी

**पटना ।** राजधानी में राम नवमी को लेकर जिला अधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह और एसएसपी ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की और राम नवमी की तैयारी को लेकर चर्चा की। बैठक के बाद जिलाधिकारी ने बताया कि राम नवमी की तैयारी पूरी कर ली गयी है। सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गये हैं। इस मौके पर डीएम और एसएसपी ने रामनवमी की विधि व्यवस्था को लेकर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों से तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी लिया और उन्हें निर्देशित किया की विधि व्यवस्था संधारण रामनवमी के दौरान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। डीएम डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि एक अनुमान के तहत लगभग 5 लाख लोग रामनवमी के दिन पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में दर्शन करने के लिए आते हैं और बुधवार रात 10 बजे से ही दर्शनार्थियों का आना शुरू हो गया। रामनवमी के मौके पर शाम में डाक बंगला चौराहा पर शोभायात्रा में भी काफी अधिक संख्या में लोग आयेंगे। ऐसे में सभी दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी सजग होकर समय से ड्यूटी पर मुस्तैद रहें।

### असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश

डीएम ने बताया कि बैरिकेडिंग तोड़ने वाले और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश है. साथ ही सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है. जो लोग भी अफवाह फैलाएंगे, उनके विरुद्ध सख्ती से निपटा जाएगा. हर आपात स्थिति से निपटने के लिए क्विक रिस्पांस टीम और क्विक मेडिकल रिस्पांस टीम तैनात की गई है. दो शिफ्ट में ड्यूटी लगी है. एक शिफ्ट आज रात 10 बजे से सुबह 8:00 बजे तक के लिए होगी और दूसरी सुबह 8 बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक .वाहनों के रूट में भी हुए बदलाव: डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लोग शांति एवं व्यवस्था के हित में दंड प्रक्रिया संहिता की सुसंगत धाराओं 107, 116 और 151 के अंतर्गत कार्रवाई करने का निर्देश है. महावीर मंदिर में काफी संख्या में श्रद्धालु आएंगे।

### 587 दंडाधिकारी रहेंगे प्रतिनियुक्त

डीएम डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि रामनवमी की विधि व्यवस्था को लेकर 351 स्थानों पर 587 से अधिक डंडाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जितने भी जुलूस निकलेंगे सभी का लाइसेंस होना अनिवार्य है और अब तक जिला प्रशासन की ओर से 50 जुलूसों को लाइसेंस दिया गया है। जुलूस के अलावा कोई अन्य बाइक रैली करता है या बिना लाइसेंस की जुलूस निकालता है, उस पर कार्रवाई की जाएगी। पर्याप्त संख्या में सशस्त्र बल और लाठी बल को लगाया गया है। इसके साथ ही वीडियोग्राफी और सीसीटीवी की समुचित व्यवस्था की गयी है।

**पार्किंग की भी है व्यवस्था :** पार्किंग की भी है व्यवस्थाडीएम ने कहा की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी विशेष प्रबंध किया गया है. पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर के नजदीक श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिकोण से वाहनों के पार्किंग हेतु विभिन्न स्थलों को चिन्हित किया गया है। महावीर मंदिर में प्रसाद लेकर जाने वाले दर्शनार्थियों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था वीरचंद पटेल पथ स्थित मिलर हाई स्कूल के खेल मैदान में किया गया है।

स्पीड न्यूज

## राकांपा नेता फैजल की सदस्यता बहाल

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता मोहम्मद फैजल पीपी की लोकसभा सदस्यता से अयोग्यता बुधवार को समाप्त कर दी गयी और वह सदन की कार्यवाही में शामिल हुए। फैजल की सदस्यता करीब 10 सप्ताह बाद बहाल की गयी है और इस मामले में उच्चतम न्यायालय में उनकी याचिका पर सुनवाई से पहले यह फैसला आया।

## पुणे से सांसद गिरीश बापट का निधन

**पुणे ।** पुणे से भाजपाके लोकसभा सदस्य एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री गिरीश बापट का लंबी बीमारी के बाद बुधवार को यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। 72 वर्षीय भाजपा नेता बापट पिछले डेढ़ साल से बीमार थे और उन्हें गंभीर हालत में दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था और वह जीवन रक्षक प्रणाली पर थे।

## नक्सलियों ने की दो ग्रामीणों की हत्या

**नारायणपुर/सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में अलग-अलग घटनाओं में संदिग्ध नक्सलियों ने एक पूर्व उप सरपंच सहित दो ग्रामीणों की कथित तौर पर हत्या कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध नक्सलियों ने ग्रामीणों पर पुलिस मुखबिर के रूप में काम करने का आरोप लगाया है।

## जयपुर धमाके मामले में सभी आरोपी बरी

**जयपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने वर्ष 2008 में जयपुर के विभिन्न इलाकों में हुए सिलसिलेवार धमाकों के मामले में निचली अदालत का फैसला पलटते हुए सभी आरोपियों को बुधवार को बरी कर दिया। इस मामले में आरोपियों को शहर की एक स्थानीय अदालत ने फांसी की सजा सुनाई थी। बचाव पक्ष की ओर से इस फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी।

## मशहूर कलाकार सुन्दरम का निधन

**नयी दिल्ली।** मशहूर भारतीय कलाकार विवान सुंदरम का बुधवार को सुबह निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। सफदर हाशमी मेमोरियल ट्रस्ट (सहमत) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, विवान सुंदरम ने सुबह नौ बजकर 20 मिनट पर अंतिम सांस ली।

## मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर टोल में 18 % वृद्धि

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) के अधिकारियों ने बताया है कि मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर एक अप्रैल से टोल में 18 प्रतिशत की वृद्धि होगी। एमएसआरडीसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि टोल में सालाना छह प्रतिशत की वृद्धि होती है, जो हर तीन साल बाद कुल 18 प्रतिशत हो जाता है, जैसा कि नौ अगस्त 2004 की एक सरकारी अधिसूचना में बताया गया है।

## अदालत ने राउत पर लगाया जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी के नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा सोमैया की ओर से दायर मानहानि के मामले में स्थगन की मांग करने पर यहां की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने बुधवार को राज्यसभा सांसद संजय राउत पर 1,000 रुपये का जुर्माना लगाया। राउत के अधिवक्ता और मेधा सोमैया के बीच जिरह के लिए इस मामले को सूचीबद्ध किया गया था।अधिवक्ता ने मामले के स्थगन की मांग की और कहा कि बचाव पक्ष जिरह के लिये तैयार नहीं है। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट पी आई मोकाशी ने मामले की सुनवाई स्थगित करने की अनुमति दे दी लेकिन शिवसेना नेता के खिलाफ एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया । अगली

# लोकतंत्र की जननी है भारत

## प्राचीन काल से ही रहा है नेताओं के निर्वाचन का विचार : प्रधानमंत्री

▸▸ कई वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत को लोकतंत्र की जननी बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि कई वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है और इससे साबित होता है कि लोकतंत्र अच्छा कर सकता है।

समिट फॉर डेमोक्रेसी, 2023 को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि उनकी सरकार की हर पहल भारत के नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से संचालित होती है। उन्होंने कहा कि कई वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत आज सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। यह अपने आप में लोकतंत्र और दुनिया के लिए सबसे अच्छा विज्ञापन है। यह अपने आप में कहता है कि लोकतंत्र अच्छा कर सकता है।मोदी लोकतंत्र शिखर सम्मेलन के दूसरे संस्करण को संबोधित कर रहे थे। इसकी सह-मेजबानी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, कोस्टा रिका के राष्ट्रपति रोड्रिगो चावेस रॉबल्स, जाम्बिया के राष्ट्रपति हाकाइंडे हिचिलेमा, नीदरलैंड के प्रधानमंत्री मार्क रूट और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल ने की।

सम्मेलन का आयोजन दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून-सुक-योल ने किया है।सम्मेलन का उद्देश्य लोकतंत्र को अधिक जवाबदेह और लचीला बनाना तथा वैश्विक लोकतांत्रिक प्रणाली को नया रूप देने के लिए साझेदारी का वातावरण तैयार करना है।सम्मेलन में मुख्य तीन बिन्दुओं पर विचार-विमर्श होगा। ये हैं- लोकतंत्र को मजबूत करना और



अधिनायकवाद से बचाना, भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई तथा मानवाधिकारों के प्रति सम्मान।

मोदी ने कहा कि निर्वाचित नेताओं का विचार दुनिया के बाकी हिस्सों से बहुत पहले प्राचीन भारत में एक आम बात था। उन्होंने कहा कि हमारा महाकाव्य महाभारत नागरिकों के पहले कर्तव्य का वर्णन करता है कि वे अपना नेता चुनते हैं। हमारे पवित्र वेदों में व्यापक आधार वाले सलाहकार निकायों द्वारा राजनीतिक शक्ति का प्रयोग किए जाने की बात कही गई है। प्राचीन भारत में गणतांत्रिक राज्यों के कई ऐतिहासिक प्रमाण भी हैं जहां शासक वंशानुगत नहीं थे। उन्होंने कहा कि भारत वास्तव में लोकतंत्र की जननी है। लोकतंत्र सिर्फ एक संरचना नहीं है, यह एक भावना भी है। यह इस विश्वास पर आधारित है कि हर इंसान की जरूरतें और आकांक्षाएं समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। यही कारण है कि भारत में हमारा मार्गदर्शक दर्शन सबका साथ, सबका विकास है, जिसका अर्थ है समावेशी विकास के लिए मिलकर प्रयास करना। उन्होंने कहा कि चाहे जीवनशैली में बदलाव के माध्यम से जलवायु परिवर्तन से लड़ने का भारत का प्रयास हो, वितरित भंडारण के माध्यम से जल संरक्षण हो या सभी को स्वच्छ खाना पकाने का ईंधन प्रदान करना हो, हर पहल यहां के नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से संचालित होती है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान, भारत की प्रतिक्रिया लोगों द्वारा संचालित थी। मोदी ने कहा कि देश की टीका मैत्री पहल वसुधेव कुटुम्बकम के मंत्र से भी निर्देशित है, जिसका अर्थ है एक धरती, एक परिवार और एक भविष्य।

## जज को धमकी मामले में इमरान खान के खिलाफ गैर जमानती वारंट

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद की एक अदालत ने बुधवार को जज को धमकी देने के मामले में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया। जियो न्यूज ने बताया कि सिविल जज मलिक अमन ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बुधवार की सुनवाई से छूट की मांग वाली याचिका को खारिज करते हुए फैसला सुनाया। अदालत ने पीटीआई प्रमुख को 18 अप्रैल को पेश होने का भी निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान, खान के वकीलों ने उनकी जमानती गिरफ्तारी वारंट बरकरार रखने का अनुरोध किया क्योंकि वह सुरक्षा खतरों का सामना कर रहे थे। पीटीआई प्रमुख के वकील ने कहा, इमरान खान को सुरक्षा संबंधी चिंता है, उनका जीवन खतरे में है, इस्लामाबाद



उच्च न्यायालय ने भी उनसे सुरक्षा वापस लेने के लिए नोटिस जारी किया है। इस पर जज ने कहा कि अभियोजन पक्ष की ओर से अभी तक कोई पेश नहीं हुआ है, देखते हैं उनका क्या कहना है। ब्रेक के बाद अभियोजक राजा रिजवान अब्बासी सिविल जज मलिक अमन की अदालत में पेश हुए और पेशी से छूट की इमरान खान की याचिका का विरोध किया। जियो न्यूज ने बताया कि अभियोजक ने कहा कि खान अनुपस्थित है और जमानती वारंट को गैर जमानती वारंट में बदला जाना चाहिए।

# फर्जी सूचनाओं का प्रसार चिंता का विषय : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सही जानकारी को आक्सीजन करार देते हुए बुधवार को भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) अधिकारियों से तकनीक का उपयोग करने और फर्जी विमर्श गढ़ने के लिए मीडिया, विशेष रूप से सोशल मीडिया के दुरुपयोग की प्रवृत्ति को रोकने के लिए समर्पण के साथ काम करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति भवन के बयान के अनुसार, भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी/अधिकारी प्रशिक्षुओं तथा भारतीय नौसेना आयुध सेवा के प्रोबेशनरी अधिकारियों ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की। मुर्मू ने कहा कि सूचना के

स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सही सूचना आक्सीजन के समान



व्यापक और तत्काल प्रसार के साथ ही समान रूप से तेज गति से फर्जी सूचनाएं भी उभर रही हैं। यह एक चुनौती है । भारतीय सूचना सेवा के अधिकारियों को फर्जी समाचारों से निपटने का उत्तरदायित्व भी लेना होगा।

उन्होंने अधिकारियों से टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने तथा दुरूपयोग की जाने वाली मीडिया, विशेषकर सोशल मीडिया, में झूठी कहानियां गढ़े जाने की प्रवृत्ति पर नियंत्रण के लिए समर्पण के साथ काम करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सही जानकारी ह्यआक्सीजनह्न के समान है। ऐसे में तकनीक का प्रयोग कर हम समाज के अंतिम व्यक्ति तक सही जानकारी पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा विश्व को शांति और भाईचारे का संदेश दिया है और भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी वैश्विक मंच पर भारत की छवि निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पूरी मानवता के लिए सांस्कृतिक संदेशों के माध्यम से भारत की सॉफ्ट पावर का प्रसार एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है जहां अधिकारी बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं।

## पाक में मुख्य न्यायाधीश की शक्तियों को कम करने के लिए विधेयक पास

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने बुधवार को प्रधान न्यायाधीश की विवेकाधीन शक्तियों को कम करने के उद्देश्य से एक विधेयक पारित किया। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि यदि सदन ने देश के शीर्ष न्यायाधीश की शक्तियों को कम करने के लिए कानून को मंजूरी नहीं दी तो इतिहास हमें माफ नहीं करेगा। कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने मंगलवार रात संसद में द सुप्रीम कोर्ट एक्ट, 2023 पेश किया, जिसे शाम को ही कैबिनेट ने मंजूरी दी थी।

# 4314 महिलाएं बिना मेहरम के हज यात्रा करेंगी

**नयी दिल्ली।** भारत से इस साल 4314 महिलाओं ने मेहरम (नजदीकी पुरुष रिश्तेदार) के बिना हज यात्रा पर जाने के लिए आवेदन किया है और वे हज के लिए जाएंगी। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के उच्च पदस्थ सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस साल 4314 महिलाओं ने मेहरम के बिना हज यात्रा पर जाने के लिए आवेदन किया है। अल्पसंख्यक मंत्रालय ने हज-2023 के लिए कुछ फैसले भी किए हैं जिनमें हजयात्रियों की चिकित्सा जांच से संबंधित विषय भी शामिल है। मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि हज यात्री चिकित्सा जांच के लिए अब सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का भी उपयोग कर सकेंगे जिससे उन्हें सहूलियत होगी और पैसे की भी बचत होगी। पहले ज्यादातर चिकित्सा जांच निजी स्वास्थ्य सुविधाओं के माध्यम से होती थी। एक अधिकारी ने कहा कि अप्रैल के पहले सप्ताह में विशेषज्ञों का एक दल सऊदी अरब जाएगा और हजयात्रियों के लिए चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लेगा। इसके बाद सऊदी अरब में हजयात्रियों के लिए जरूरी चिकित्सा प्रबंध किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक डिजिटल प्लेटफॉर्म होगा जहां हजयात्रियों के स्वास्थ्य से संबंधित पूरा विवरण उपलब्ध होगा जिससे चिकित्सा सेवा से जुड़े लोगों को भी सुविधा होगी।

# कर्नाटक में 10 मई को मतदान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बुधवार को कर्नाटक विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुए कहा कि राज्य की 224 विधानसभा सीटों के लिए 10 मई को मतदान होगा और 13 मई को नतीजों की घोषणा की जायेगी। इस चुनाव में पांच करोड़ 21 लाख से अधिक मतदाता उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता अपने घर से मतदान कर सकेंगे। राज्य में मतदान के लिए कुल 58 हजार 282 मतदान केन्द्र बनायें जायेंगे।




इस बार नौ लाख 17 हजार नये मतदाता जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया 24 मई से पहले पूरी कर ली जायेगी। चुनाव की घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई हैं। मतदान के लिए 224 ऐसे मतदान केन्द्र बनाए जायेंगे जहां युवा कर्मचारी तैनात रहेंगे, जबकि सौ मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग कर्मचारी तैनात होंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 104 कांग्रेस को 80 और जनता दल सेक्युलर (जेडी एस) को 37 सीटों पर विजय मिली थी।

## विस की चार और लोस की एक सीट के लिए 10 मई को होगा उपचुनाव

**नयी दिल्ली।** आयोग ने बुधवार को घोषणा की कि लोकसभा की एक और विधानसभा की चार सीट के लिए उपचुनाव 10 मई को कर्नाटक विधानसभा चुनाव के साथ कराए जाएंगे। मतगणना 13 मई को होगी। जालंधर संसदीय सीट कांग्रेस सांसद संतोख सिंह चौधरी का इस साल जनवरी में निधन होने के कारण रिक्त हो गयी थी। ओडिशा की झारसुगड़ा विधानसभा सीट पर चुनाव वहां के विधायक नवकिशोर दास के निधन के कारण कराया जा रहा है। उत्तर प्रदेश की स्वार विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा।

## आकांक्षा दुबे आत्महत्या में समर सिंह और उसके भाई पर प्राथमिकी दर्ज

**वाराणसी।** भोजपुरी एक्ट्रेस और मॉडल आकांक्षा दुबे की आत्महत्या मामले में आकांक्षा की मां मधु दुबे ने समर सिंह और उसके भाई संजय सिंह के खिलाफ आकांक्षा को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। शनिवार को वह शूटिंग के लिए वाराणसी आई थीं। रविवार सुबह उसकी नई फिल्मों की शूटिंग होने वाली थी। लेकिन सुबह जब उसके कमरे का दरवाजा खोला गया तो उसका शव पंखे से लटका मिला। जिस रात आकांक्षा ने आत्महत्या की, उस रात एक व्यक्ति उसे छोड़ने आया। यह शख्स आकांक्षा के कमरे में 17 मिनट तक रहा। तो कौन है वो शख्स जो आकांक्षा को छोड़ने आया था? इतनी देर आकांक्षा के कमरे में क्यों रहा यह शख्स? ऐसा सवाल उठाया गया है।

# राखी सावंत ने उड़ाया मलाइका अरोड़ा का मजाक

मुंबई। मलाइका अरोड़ा खूबसूरती, फिटनेस और लुक्स के मामले में युवा अभिनेत्रियों को कड़ी टक्कर देती हैं। मलाइका भले ही फिल्मों से दूर हैं लेकिन सोशल मीडिया के जरिए हमेशा अपने फैंस से जुड़ी रहती हैं। बॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर के साथ उनका रिश्ता हो या उनके कपड़े, वह अक्सर अलग-अलग कारणों से ट्रोल होती रहती हैं। मलाइका को अपने चलने के तरीके के लिए भी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है।

मलाइका के चलने के अंदाज की वजह से कई रील वीडियो



सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। कई ने मलाइका के वॉक को कॉपी भी किया। अब इसमें और जोड़ दें तो राखी सावंत ने मलाइका को फॉलो किया है और उन्हें कॉपी किया है। राखी जैसे ही जिम से बाहर आईं, उन्हें पैपराजी फोटोग्राफर्स ने उन्हें घेर लिया। इस बार राखी ने किया मलाइका अरोड़ा की कॉपी तो सब हंसने लगे।

वायरल वीडियो में राखी भी उसी अंदाज में वॉक करती नजर आ रही हैं, जैसे मलाइका जिम से निकलती हैं। इस वीडियो को पापाराजी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर किया है। इस वीडियो में राखी बताती नजर आ रही हैं कि वह मलाइका से कितना प्यार करती हैं। साथ ही उन्होंने मलाइका को भी बखूबी कॉपी किया है।

वीडियो में राखी कहती हैं कि मलाइका को हर कोई प्यार करता है। मैं भी मलाइका से प्यार करती हूं। अब से मैं भी ऐसे ही चलूंगी।" राखी पिछले कुछ दिनों से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। उनके पति आदिल खान दुर्रानी और उनके बीच का विवाद सुर्खियों में था। अब राखी इन सबसे बाहर हैं। वह अब नए जोश के साथ काम करने लगी हैं।

## वाणिज्य की खबरें

### प्रधानमंत्री ने भारत का निर्यात 750 अरब डॉलर पार करने पर दी बधाई

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत का निर्यात 750 अरब डॉलर पार कर जाने की उपलब्धि की सराहना करते हुए बुधवार को कहा कि यही वह भावना है जो आने वाले समय में देश को आत्मनिर्भर बनाएगी। प्रधानमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की उस घोषणा पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिसमें उन्होंने 31 मार्च को समाप्त हो रहे चालू वित्त वर्ष में देश के वस्तु एवं सेवा निर्यात के 760 अरब डॉलर को पार करने का अनुमान लगाया है। उन्होंने कहा कि मैं बड़े गर्व, खुशी और आपके प्रयासों को धन्यवाद करते हुए कह सकता हूं कि भारत ने आजादी के 75वें वर्ष में 750 अरब डॉलर का निर्यात पार कर लिया है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया कि इस उपलब्धि के लिए भारत के लोगों को बधाई। यही वह भावना है जो आने वाले समय में भारत को आत्मनिर्भर बनाएगी।

### सेबी ने छह फर्मो पर लगाई रोक

**नयी दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने फ्रंट रनिंग कारोबार में संलिप्त रहने के आरोप में बानहेम स्टॉक ब्रोकिंग और निंजा सिक्योरिटीज समेत छह फर्मों को पूंजी बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। सेबी की तरफ से प्रतिबंधित किए गए अन्य लोगों में कौशल चंदराणा, मनीष मेहता, कश्मीरा मेहता एवं सुमतिलाल मेहता शामिल हैं। बाजार नियामक ने एन्विल वेल्थ मैनेजमेंट के शेयर कारोबार में फ्रंट रनिंग (अग्रिम सूचना के आधार पर खरीद-बिक्री) में संलिप्त रहने के आरोप में इनपर कार्रवाई की है। इसके साथ गलत तरीके से कमाये गए 2.23 करोड़ रुपये को जब्त भी कर लिया गया है। सेबी ने मंगलवार को अपने अंतरिम आदेश में कहा कि गलत ढंग से अर्जित राशि जमा न किए जाने तक इन फर्मों को अपनी कोई भी परिसंपत्ति या शेयर न बेचने को भी कहा है। सेबी ने अपनी जांच में पाया कि निंजा और बानहेम ने पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवा प्रदाता एन्विल वेल्थ मैनेजमेंट की तरफ से जारी लंबित निर्देश के पहले ही कई शेयरों में खरीद-फरोख्त की।

## वर्ल्ड थियेटर डे पर कलाकारों ने उढ़ेले अपने जज्बात

**मुंबई।** वर्ल्ड थिएटर डे हर साल 27 मार्च को मनाया जाता है। इस मौके पर एंडटीवी के शोज के कलाकारों ने थिएटर के लिये अपने प्यार और थिएटर से टेलीविजन तक के अपने सफर के बारे में बात की। इन कलाकारों में शामिल हैं अथर्व (एक महानायक- डॉ. बी. आर. आम्बेडकर के भीमराव), नेहा जोशी (दूसरी माँ की यशोदा), कामना पाठक (हप्पू की उलटन पलटन की राजेश) और आसिफ शेख (भाबीजी घर पर हैं के विभूति नारायण मिश्रा)। एक महानायक- डॉ. बीआर. आम्बेडकर में भीमराव की भूमिका निभा रहे अथर्व ने कहा, मेरे अभिनय कौशल को निखारने थिएटर का बहुत बड़ा योगदान है। थिएटर से मिली सीख ने एण्डटीवी के एक महानायक- डॉ. बीआर. आम्बेडकर में भीमराव की भूमिका निभाने जैसा जिन्दगी में एक बार मिलने वाला मौका पाने में मेरी मदद की है। दूसरी माँ की यशोदा, यानि नेहा जोशी ने कहा, मेरे माता-पिता थिएटर कलाकार हैं। बचपन के दिनों से ही, मैंने न सिर्फ उन्हें मंच पर परफॉर्म करते देखा, बल्कि एक्टिंग के बारे में उनसे बहुत कुछ सीखा भी। मैंने मराठी स्टेज ड्रामा क्षण एक पुरे के साथ अपना कॅरियर शुरू किया था और बाद में मुझे एक टेलीविजन शो और फिर फिल्में मिलीं। थिएटर ने अच्छा एक्टर बनने के लिये मुझे बहुत कुछ सिखाया। हप्पू की उलटन पलटन की राजेश, यानि कामना पाठक ने कहा, मैंने स्टेज पर पहली बार तब परफॉर्म किया था, जब मैं पाँच साल की थी। थिएटर से मैंने जो सबक सीखे हैं, वह हमेशा मेरे साथ रहेंगे।






